राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 7 अक्टूबर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 142 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


नयी दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन परिसर के अंदर एक पेड़ के नीचे धरने पर बैठे राहुल गांधी और अन्य नेतागण

## बिजली उत्पादन में झारखंड बना आत्मनिर्भर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची के गेतलसूद डैम पर निर्मित 100 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट से फुल लोड उत्पादन गांधी जयंती के दिन से शुरु हो गया है। इससे पहले 29 अगस्त को 50 मेगावाट उत्पादन शुरू हुआ था। इस प्लांट का निर्माण केंद्र सरकार के उपक्रम सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानी सेकी की मॉनिटरिंग में एलएंडटी कंपनी ने किया है। इसके निर्माण में करीब 488 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसमें वित्तीय सहायता के तौर पर विश्व बैंक की ओर से कुल लागत की 50 प्रतिशत राशि यानी करीब 244 करोड़ रुपए दिए गए हैं। झारखंड रिन्यूवेबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी यानी जरेडा के निदेशक केके वर्मा ने इसकी खासियत और फायदे गिनाए। उनके मुताबिक इस प्लांट को सिकिदरी के इरबा ग्रिड से जोड़ा गया है। इस प्लांट से सुबह 6:00 बजे से 3:00 बजे तक बिजली मिलेगी। इसकी वजह से दिन के वक्त पड़ने वाले पावर लोड से राहत मिलेगी। साथ ही दिन के वक्त थर्मल पावर पर निर्भरता कम होगी। सबसे अच्छी बात ये है कि करीब 172 हेक्टेयर में पानी पर इतना विशाल सोलर प्लांट स्थापित करते वक्त किसी तरह



का कोई हादसा नहीं हुआ। जरेडा के निदेशक केके वर्मा के मुताबिक रांची में हर दिन 400 मेगावाट बिजली की जरूरत होती है। पूरे राज्य में पीक-आवर यानी शाम 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक करीब 2,300 मेगावाट बिजली की दरकार होती है। वहीं दिन के वक्त करीब 1,200 मेगावाट की जरूरत पड़ती है। खास बात है कि थर्मल पावर की तुलना में सोलर पावर की कीमत आधी हो जाती है। थर्मल पावर की कीमत प्रति यूनिट 6 रुपए जबकि सोलर की 3 रुपए से 3.30 रुपए प्रति यूनिट है। सबसे खास बात है कि बिजली उत्पादन के मामले में झारखंड आत्मनिर्भर बन चुका है। यहां से करीब 680 मेगावाट बिजली नेशनल ग्रिड के जरिए दूसरे राज्यों में जा रही है। इनमें जम्मू कश्मीर और तमिलनाडु समेत कई राज्य शामिल हैं। हर माह राज्य को 300 से 1000 करोड़ रुपए मिल रहे हैं। रामगढ़ के पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की दो यूनिट से 1600 मेगावाट उत्पादन शुरु हो चुका है। इसके अलावा तेनुघाट थर्मल पावर प्लांट से 380 मेगावाट उत्पादन हो रहा है। साथ ही डीवीसी और एनटीपीसी के संयंत्रों से राज्य को बिजली मिलती है। इस कड़ी में गेतलसूद का सोलर पावर प्लांट भी जुड़ गया है। जरेडा के निदेशक ने बताया कि अब चांडिल डैम पर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने की दिशा में पहल शुरु की गई है। यहां करीब 600 मेगावाट क्षमता का प्लांट स्थापित किया जाना है। उन्होंने कहा कि 100 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए करीब 500 एकड़ जमीन की जरूरत पड़ती है। लिहाजा जमीन अधिग्रहण एक बड़ी चुनौती होती है। इसलिए राज्य सरकार ज्यादा से ज्यादा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट स्थापित करने पर जोर दे रही है।

## सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सरायकेला।** पश्चिम बंगाल के दातिया में सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में सरायकेला जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र के जुगिलांग गांव के तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा चांडिल-पुरुलिया मार्ग पर हुआ। घटना की खबर गांव में पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि जुगिलांग गांव निवासी शिवम गोप, लुकास गोप और सपन गोप बाइक से पुरुलिया जिले के बलरामपुर स्थित छाता मेला देखने गए थे। तीनों ने वहां पनामा सर्कस देखा और देर रात बाइक से वापस अपने गांव के लिए रवाना हुए। घर लौटने के दौरान मालती चेकपोस्ट के समीप उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार इसी दौरान जमशेदपुर की ओर से पश्चिम बंगाल की तरफ जा रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में शिवम गोप और लुकास गोप ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सपन गोप को इलाज के लिए पुरुलिया सदर अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पश्चिम बंगाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। नीमडीह थाना प्रभारी डीलशन बिरुवा ने बताया कि दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए बंगाल पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस फरार चालक का पता लगाने में जुटी है। एक ही गांव के तीन युवकों की एक साथ मौत से जुगिलांग गांव में गम का माहौल है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेलर ने बाइक सवार छात्रों को रौंदा

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** चांडिल थाना क्षेत्र के टाटा-रांची मार्ग पर चांडिल गोलचक्कर के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार टिप ट्रेलर ने बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों छात्र गम्हरिया से चांडिल पॉलीटेक्निक कॉलेज जा रहे थे। मृतक की पहचान गम्हरिया के शांतिनगर निवासी प्रेम महतो के रूप में की गयी है। वहीं घायल समीर दास की गंभीर बतायी जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से युवक की मौत

**मेदिनीनगरी(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अमरजीत चौहान उर्फ छोटू को गोली लगी है। इस घटना में अमरजीत चौहान की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से 7.65 एमएम का एक पिस्टल भी बरामद किया है। पुलिस तमाम बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिश्रामपुर एसडीपीओ चिरंजीवी मंडल भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले में छानबीन कर रहे हैं। एसडीपीओ ने घटना की पुष्टि की है।

### रांची स्टेट लाइब्रेरी में लगी आग, मचा हड़कंप

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** फिरायालाल स्थित स्टेट लाइब्रेरी में मंगलवार को अचानक आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। लाइब्रेरी में मौजूद छात्र आग की जानकारी मिलते ही घबराकर इधर-उधर भागने लगे। देखते ही देखते परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की सूचना मिलते ही लाइब्रेरी में मौजूद लोग आग बुझाने में जुट गये। लोगों के प्रयास से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

### मंडल कारा में बंद कैदी से मारपीट का आरोप

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा गुमला में बंद अपने पुत्र के साथ जेल प्रबंधन द्वारा कथित रूप से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पिता जुन्नू रैन ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। आवेदन में कहा गया है कि उनका पुत्र घायल अवस्था में जेल में बंद है। ऐसे में जेल प्रबंधन के कथित अमानवीय व्यवहार को लेकर उन्हें पुत्र के साथ अप्रिय घटना की आशंका है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**गिरीडीह(नबिटा ब्यूरो)।** डुमरी थाना क्षेत्र के इसरी रेलवे फाटक के पास पारसनाथ स्टेशन की रेल लाइन के किलोमीटर संख्या 316/27 के पास एक महिला का शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों की ओर से शव की पहचान 26 वर्षीय किरण देवी के रूप में की गई।

## केंद्रीय कैबिनेट ने आइटीएलए अथॉरिटी को दी मंजूरी, एमएसएमइ कंपनियों के लिए ग्रोथ फंड की स्थापना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की मंगलवार (6 अक्टूबर 2026) को हुई बैठक में देश के लॉजिस्टिक्स सेक्टर, इंफ्रास्ट्रक्चर और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमइ) के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी (आइटीएलए) के गठन को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही देश की एमएसएमइ कंपनियों के लिए 10,000 करोड़ रुपए के ग्रोथ फंड की स्थापना का बड़ा निर्णय लिया गया है। बैठक की शुरुआत में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संवैधानिक पद



(गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर भारत के प्रधानमंत्री तक) पर 25 साल पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर बधाई और बधाई प्रस्ताव भी पारित किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में 7% से 8% की दर से बढ़ रही जीडीपी के साथ लॉजिस्टिक्स की मांग करीब 10% की दर से बढ़ रही है। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक 'मल्टीप्लायर फैक्टर' है। इस मांग को पूरा करने और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आइटीएलए की स्थापना की जा रही है। आइटीएलए देश में इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स प्लानिंग, रिसर्च, प्रोजेक्ट अप्रेजल, मॉनिटरिंग, पॉलिसी सपोर्ट और डेटा एनालिटिक्स की शीर्ष संस्था के रूप में काम करेगी। कुछ साल पहले शुरू किए गए 'पीएम गतिशक्ति' पोर्टल के आधार को आगे बढ़ाते हुए यह संस्था 10 से 30 साल बाद की जरूरतों का अध्ययन करेगी। उदाहरण के लिए-देश में कितने नए रेलवे नेटवर्क, हाईवे, एयरपोर्ट, सी-पोर्ट और इनलैंड वॉटरवे की जरूरत होगी। यह प्राधिकरण सभी तरह के परिवहन साधनों-सड़क, रेल, बंदरगाह, नागरिक उड्डयन, तटीय शिपिंग, शहरी गतिशीलता को एक इंटीग्रेटेड और वैज्ञानिक तरीके से जोड़ेगा।

## झारखंड के पांच जिलों के कृषि अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में केंद्र प्रायोजित कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन और आवंटित राशि के कम खर्च को लेकर कृषि विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। कृषि निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने समीक्षा बैठक में योजनाओं के खराब प्रदर्शन वाले पांच जिलों के जिला कृषि अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा, धनबाद और लातेहार के जिला कृषि अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कृषि विभाग ने यह फैसला कृषि सचिव की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में लिया है। कृषि निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चालू वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब केवल पांच माह शेष हैं। ऐसे में सभी जिलों में केंद्र प्रायोजित कृषि योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला योजना के पुराने लंबित बिलों का अविलंब भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कार्य निष्पादन में लापरवाही और ढिलाई बरतने वाली चयनित एजेंसियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा गया। बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि आठ अक्तूबर को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का रांची दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान वह राज्य के कृषि मंत्री के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें केंद्र प्रायोजित योजनाओं की अद्यतन स्थिति और बजट खर्च की समीक्षा होगी। केंद्रीय मंत्री के दौरे को देखते हुए कृषि निदेशक ने अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने और कोषागार से संबंधित सभी लंबित प्रक्रियाओं को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन की समीक्षा के दौरान कृषि निदेशक ने जिलावार खर्च की धीमी स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि जिलों में पदस्थापित बीटीएम, एटीएम और उप परियोजना निदेशक मिलकर अपने-अपने क्षेत्रों में न्यूनतम 14,000 यूनिक किसान आईडी अनिवार्य रूप से तैयार कराएं।

## लैब कर्मियों ने दिया धरना, पेन डाउन हड़ताल की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में जल जीवन मिशन के तहत काम कर रहे आउटसोर्सिंग लैबोरेटरी कर्मियों ने सात महीने से वेतन नहीं मिलने के विरोध में मंगलवार को विभागीय कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। कर्मियों ने कहा कि लंबे समय से वेतन लंबित होने के बावजूद उनसे लगातार काम लिया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद कर्मियों ने विभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बकाया वेतन का जल्द भुगतान करने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। धरने में शामिल कर्मी शिवानी ने बताया कि वे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की वाटर टेस्टिंग लैबोरेटरी में काम करती हैं। उनके अनुसार पिछले सात महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। इसके बावजूद कर्मी लगातार अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। शिवानी ने कहा कि त्योहारों के मौसम में भी वेतन नहीं मिलने से कई कर्मियों के परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक परेशानी की स्थिति पैदा हो गई है। कर्मियों ने कहा कि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं की गई तो वे पेन डाउन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। धरना-प्रदर्शन के बाद कर्मियों ने विभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## वन पट्टा की मांग पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** झारखंड जन अधिकार महासभा के बैनर तले मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण लातेहार डीएफओ कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। आंदोलनकारियों का कहना है कि 15 वर्षों से वन अधिकार पट्टा की मांग कर रहे हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। इस बार जब तक वन पट्टा नहीं दिया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। आंदोलनकारी एक महीने तक भी धरना देना पड़े तो पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। धरना का नेतृत्व संयोजक नंदकिशोर गंझू, सेल्सटिन कुजूर और प्रवक्ता जॉर्ज मोनी पल्ली उर्फ धोती फादर कर रहे हैं। नंदकिशोर गंझू ने कहा कि जिला



प्रशासन लोगों को सिर्फ बरगलाने का काम कर रहा है। इससे पहले भी कई बार धरना-प्रदर्शन किया गया लेकिन वन पट्टा देने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब तक वन पट्टा नहीं मिलता, अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस बार आंदोलन आर-पार का होगा। संयोजक सेल्सटिन कुजूर ने कहा कि झारखंड जन अधिकार महासभा लंबे समय से वन अधिकार और वन पट्टा की मांग कर रही है। करीब एक वर्ष पहले भी अनिश्चितकालीन धरना दिया गया था। उस समय वन पट्टा देने का आश्वासन मिला था, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। प्रवक्ता जॉर्ज मोनी पल्ली उर्फ धोती फादर ने कहा कि अब आश्वासन नहीं, अधिकार चाहिए। उन्होंने कहा कि वन पट्टा नहीं तो घर वापसी नहीं होगी। प्रशासन चाहे जेल भेजे या कार्रवाई करे, हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 से वन पट्टा का मामला लंबित है, सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो से 3000 लंबित मामले पड़े हुए हैं जिसका निष्पादन नहीं किया जा रहा है। इस बार हमलोग वन पट्टा लेकर ही जाएंगे।

## धालभूमगढ़ हवाई अड्डे का रास्ता साफ

### हेमंत सोरेन सरकार ने केंद्र को भेजी संशोधित रिपोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिले के धालभूमगढ़ में प्रस्तावित हवाई अड्डे के निर्माण का रास्ता साफ होता दिख रहा है। झारखंड सरकार ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से उठाई गई सभी 19 पर्यावरणीय आपत्तियों का विस्तृत जवाब और संशोधित अनुपालन रिपोर्ट तैयार कर केंद्र को भेज दिया है। राज्य सरकार ने रिपोर्ट को केंद्रीय परिवेश पोर्टल पर भी अपलोड कर दिया है। अब केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से प्रथम चरण (स्टेज-1) की वन स्वीकृति मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। मंजूरी मिलने के बाद हवाई अड्डे के पुनर्विकास से जुड़ी प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। वन विभाग ने केंद्रीय मंत्रालय को भेजे जवाब में स्पष्ट किया है कि धालभूमगढ़ में किसी नए वन क्षेत्र को काटकर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा नहीं बनाया जा रहा है। प्रस्तावित स्थल पर द्वितीय विश्व युद्ध के समय विकसित की गई पुरानी और परित्यक्त हवाई पट्टी पहले से मौजूद है। इसी हवाई पट्टी का पुनर्विकास किया जाना है। वर्तमान में जमशेदपुर का सोनारी हवाई अड्डा घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में स्थित है। सोनारी हवाई अड्डे का रनवे छोटा है और इसके विस्तार के लिए आसपास पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यहां एटीआर-72 जैसे बड़े व्यावसायिक विमानों का परिचालन संभव नहीं हो पा रहा है। जमशेदपुर से करीब 55 किलोमीटर दूर धालभूमगढ़ को सामरिक और लॉजिस्टिक दृष्टि से उपयुक्त विकल्प माना गया है। हवाई अड्डा परियोजना के लिए 99.256 हेक्टेयर वन भूमि आवंटित करने का प्रस्ताव है। नियमानुसार इसके बदले दोगुनी यानी 198.512 हेक्टेयर अवकृष्ट वन भूमि पर 10 वर्षों तक क्षतिपूरक वनरोपण किया जाएगा। इसके लिए चाकुलिया वन क्षेत्र के बाघघोरी, करोडिया, सांपधारा, कुचीकनाली, बडीहा, झारिया और गुगुड़िया समेत कई स्थलों को चिह्नित किया गया है। प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार परियोजना क्षेत्र में कुल 79,332 पेड़ और बांस दर्ज किए गए हैं। इनमें अधिकांश वृक्ष 10 से 30 सेंटीमीटर व्यास वाली श्रेणी के हैं। हवाई अड्डे के संचालन के लिए आवश्यक बिजली और पानी की लाइनें मौजूदा राइट ऑफ वे से ही लाई जायेगी। इससे अतिरिक्त वन भूमि के अधिग्रहण की जरूरत नहीं पड़ेगी। परियोजना का संशोधित लागत-लाभ अनुपात 1:48.6 निर्धारित किया गया है। वन विभाग ने परियोजना क्षेत्र के आसपास हाथी कॉरिडोर और मानव-हाथी संघर्ष को लेकर उठाई गई आपत्तियों का भी जवाब दिया है। रिपोर्ट के अनुसार घाटशिला-काकड़ाझोर हाथी कॉरिडोर परियोजना स्थल से करीब 15 किलोमीटर दूर है। मुसाबनी-चाकुलिया कॉरिडोर करीब 13 किलोमीटर और डुमरिया-कुंदलुका-मुरकानजिया कॉरिडोर लगभग 17 किलोमीटर दूर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले पांच वर्षों में परियोजना क्षेत्र के आसपास मानव-हाथी संघर्ष के मामले बेहद सीमित रहे हैं। बावजूद वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके प्राकृतिक आवास के विखंडन के प्रभाव को कम करने के लिए प्रयोक्ता एजेंसी अपने खर्च पर विस्तृत स्थल-विशिष्ट वन्यजीव प्रबंधन योजना तैयार करेगी। इसमें हाथियों और अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय शामिल किए जाएंगे।



## शतरंज की बिसात पर जमशेदपुर के अधिराज की बादशाहत, बने नेशनल अंडर-17 ओपन चैंपियन

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शतरंज की बिसात पर झारखंड के युवा खिलाड़ी अधिराज मित्रा ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जम्मू में आयोजित 36वीं नेशनल अंडर-17 ओपन चेस चैंपियनशिप 2026 में अधिराज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और नेशनल अंडर-17 ओपन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड में खुशी की लहर है।



अधिराज ने चैंपियनशिप के सभी मुकाबलों में शानदार खेल दिखाया. वह पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे और 11 राउंड के मुकाबलों में कुल 9 अंक अर्जित किए। देशभर से पहुंचे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने खिताब पर कब्जा जमाया।

# दुर्गापूजा को सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को ले शांति समिति की बैठक

### मेला परिसर में अव्यवस्था फैलाने वालों पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता गिद्धौर/जमुई ।** थाना परिसर में दशहरा पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पूजा समिति सदस्यों की बैठक प्रभारी थानाध्यक्ष जय प्रकाश की देखरेख में आयोजित की गयी। बैठक में अंचलाधिकारी आरती भूषण, बीडीओ सुनील कुमार ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस दौरान शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पूजा समिति के सदस्यों से बारी बारी से संबंधित पदाधिकारियों ने मेले की विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए मेला परिसर में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती मेले में आने वाले भारी भीड़ को देखते हुए वाहनों का पड़ाव अन्यत्र करने की बात कहीं।वहीं बैठक के दौरान ने उपस्थित अधिकारियों से गिद्धौर के ऐतिहासिक मेले की गरिमा को बनाये रखने के लिए मेला परिसर व बाजार में समय समय पर पुलिस गश्ती की मांग की। वहीं पूजा के दौरान दंडवत देने वाले महिलाओं की सुरक्षा व संरक्षा को ले दंडवत स्थल पर पुलिस बल के निगरानी की भी मांग सदस्यों द्वारा की गयी। इधर मेले परिसर में होनेवाली भीड़ को नियंत्रित करने हेतु सीसीटीवी से पूरे मेले की गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखने को लेकर समिति सदस्यों से चिन्हित स्थलों पर वाचिंग टॉवर बनाने का दिशा निर्देश समिति सदस्यों को दिया गया। वहीं मेले में मां दुर्गा के दर्शन को ले आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की लगने वाले भीड़ को देखते हुए मेले में किसी भी प्रकार की कठिनाई का श्रद्धालुओं को सामना न करना पड़े, इस पर शांति समिति के सदस्यों ने विस्तृत रूप से चर्चा की। इधर दुर्गा पूजा की विधि व्यवस्था को ले अंचल अधिकारी आरती भूषण, प्रभारी थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, बीडीओ सुनील कुमार ने शांति समिति के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेले की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए अधिकाधिक पुलिस बल मेले में तैनात किये जायेगें। मेले की भाव भंगिमा को खराब करने वाले असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर बनी रहेगी।



**यात्री वाहनों के पड़ाव को मेला परिसर से रखा जायेगा बाहर**

मेले परिसर की सीसीटीवी के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जायेगी। यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिये मेला परिसर से बाहर वाहन पड़ाव को संचालित करने को ले समिति सदस्यों को बैठक में आश्वस्त किया गया। बताते चलें कि स्थानीय प्रसासन द्वारा बाजार में चिन्हित स्थलों पर भिड़ को नियंत्रित करने के लिए वाहनों का प्रवेश एवं पड़ाव निषेध रहेगा।

मेले परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व मनचलों पर कड़ी नजर रखने के लिये सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियोग्राफी कराने का भी विभागीय निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में प्रभारी थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने कहा कि मेला परिसर में किसी भी प्रकार की मां दुर्गा के दर्शन को ले श्रद्धालुओं को असुविधा होने पर गिद्धौर पुलिस को अविलंब सूचित करेंगे ताकि स्थिति को तत्क्षण नियंत्रित किया जा सके। इस मौके बैठक में प्रभारी थानाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, बीडीओ सुनील कुमार, सीओ आरती भूषण, अवर निरीक्षक रंजीत कुमार राय, मदन राम, शारदीय दुर्गा पुजा सह लक्ष्मी पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार पिंकू, सचिव सुबोध कुमार सिंह काजू, कोषाध्यक्ष सुबोध केशरी, पाजो रावत,अनिल कुमार बर्णवाल, प्रभाकर कुमार, संतोष सिंह, मुखिया रामाशीष साह, भोला यादव,नियाज खान, मोहम्मद शाहिदके अलावे दर्जनों शांति समिति सदस्य व ग्रामीण बैठक में मौजूद थे।

## समाचार सार

### जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीहः समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को उपायुक्त रामनिवास यादव ने जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भूमि-राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, आवास, कल्याण, रोजगार, सड़क समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को महज कागजी प्रक्रिया तक सीमित न रखा जाए, बल्कि समस्या के वास्तविक समाधान की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पात्र मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने के साथ आवेदकों को कार्रवाई की स्थिति से भी अवगत कराने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर कार्रवाई की प्रगति पर नजर रखने को भी कहा। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद ।

**डीसी ने सुनी समस्याएं**

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद सिंह को 96वीं जयंती पर किया नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्मृतिशेष त्रिपुरारि प्रसाद सिंह को उनकी 96 वीं जयंती पर जिलेवासियों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। साथ ही कचहरी चौक पर स्थित मूर्ति और किऊल नदी के तट पर अवस्थित समाधि स्थल पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत सिंह की जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई गई। बिहार सरकार के मंत्री दामोदर रावत ने इस अवसर पर कहा कि स्व.त्रिपुरारि बाबू में मानव कल्याण के साथ समाज सेवा की भावना कूट- कूटकर भरी थी। जाति , धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर उन्होंने किसानों , मजदूरों , गरीबों , शोषितों के साथ हर वर्ग के लोगों को भरपूर सम्मान दिया। साथ ही इनके हितों की रक्षा के लिए यथोचित पहल की। श्री रावत ने उन्हें जमुई का गौरव बताते हुए अशेष श्रद्धांजलि दी। वहीं डीएम श्री नवीन ने आदमकद प्रतिमा और समाधि स्थल पर माल्यार्पण किए जाने के बाद अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व.त्रिपुरारि बाबू का विचार आज भी प्रासंगिक है। वे सरल स्वभाव और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे। समाजवादी नेता के रूप में उन्होंने जमुई के साथ बिहार और देश में अलग पहचान बनाई। अन्याय और जुल्म के खिलाफ सदैव लड़ाई लड़े और इनकी आवाज को सड़क से लेकर सदन तक पहुंचाने का काम किया। वे आज हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन उनका आदर्श जीवित है जो हमें विकास के मार्ग पर दौड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। डीएम ने उन्हें हृदयतल से नमन किया। वहीं डीडीसी सह आधी आबादी की नेतृत्वकर्त्ता शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने कहा कि दिवंगत त्रिपुरारि बाबू समाजवाद के पुरोधा थे। बिहार में समाजवादी आंदोलन को तेज किया। चार बार विधायक , दो बार विधान पार्षद , एकबार मंत्री और एक बार विधानसभा अध्यक्ष के पद पर रहकर जमुई के साथ बिहार के विकास में कारगर भूमिका निभाई। डीडीसी ने भी उन्हें अखंड भावांजलि दी। स्व.सिंह की धर्मपत्नी सह पूर्व विधान पार्षद इंदु सिंह अस्वस्थता के चलते जमुई शहर के महिसौड़ी स्थित अपने निजी आवास से ही उन्हें नमन किया। दिवंगत त्रिपुरारि बाबू के सुपुत्र शान्तनु सिंह , संदीप सिंह और पुत्रवधू पूनम सिंह भी अपने पूज्य पिताजी की मूर्ति और समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें अखंड प्रणाम समर्पित किया। एडीएम रविकांत सिन्हा , डीटीओ डॉ.सुनील कुमार , एसडीएम सौरव कुमार ,डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार , सहायक निदेशक काजोल मोदी , कार्यपालक पदाधिकारी डॉ.प्रियंका गुप्ता , डीईओ धनंजय कुमार पासवान , वरीय उप समाहर्ता सावन, जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी ,जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री कमिटि के सदस्य ई.शम्भू शरण समेत कई गणमान्य लोगों ने भी स्व.सिंह की मूर्ति और समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।



### जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़ डीसी ने सुनी समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता, गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को उपायुक्त रामनिवास यादव ने जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने भूमि-राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, आवास, कल्याण, रोजगार, सड़क समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं।

उपायुक्त ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

# 50 दिन के धरने के बाद किसानों का समाहरणालय मार्च बोले- भू-माफिया हटाओ, किसानों का हक दिलाओ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जमीन से जुड़े विभिन्न मामलों में किसानों के अधिकार और भ्रष्टाचार के खिलाफ किसान जनता पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 50वें दिन भी जारी रहा। 50 दिन पूरे होने के अवसर पर किसानों ने धरना स्थल से गिरिडीह समाहरणालय तक प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने हाथों में तख्ती-बैनर लेकर बिना घूस लिए रजिस्टर टू देना होगा मृत रैयतों का उत्तराधिकार नामांतरण करो, गैरमजरूआ खास, भूदान व बकाश्त जमीन की लगान रसीद निर्गत करो, वन भूमि पर दखलकार किसानों को वन पट्टा दोह्व, सभी प्लॉट की ऑनलाइन इंट्री करो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान किसान सम्मान निधि योजना में घूसखोरी बंद करो, महिला किसानों पर लाठीचार्ज करने वाले तिसरी के पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करो, भू-माफिया हटाओ-नोटा जिताओ जैसे नारे भी गूंजते रहे। धरना को संबोधित करते हुए किसान जनता पार्टी के केंद्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट ने 27 फरवरी 2024 को गिरिडीह जिले के सभी मौजा के रजिस्टर टू की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आदेश के लंबे समय बाद भी किसानों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों के दबाव में जिला प्रशासन किसानों के अधिकार के रास्ते में दीवार बनकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों को हटाना होगा और नोटा को जिताना होगा, तभी किसानों को उनका अधिकार मिल सकेगा।

किसान जनता पार्टी युवा मोर्चा के संयोजक विक्रम मुर्मू ने सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कहा कि अब घूस या रंगदारी मांगने वाले अधिकारियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के 24 अगस्त 2026 के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने को लेकर सरकार की पूर्व अनुमति की बाध्यता को लेकर स्थिति स्पष्ट हुई है।

उन्होंने कहा कि जो अधिकारी घूस मांगे या रंगदारी करे, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जानी चाहिए। प्रदर्शन के बाद किसानों ने हस्ताक्षरयुक्त 10 पृष्ठ का ज्ञापन अपर समाहर्ता, गिरिडीह को सौंपा। ज्ञापन में किसानों की विभिन्न भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

कार्यक्रम स्थल पर किसानों ने पत्रकार विजय कुमार पाठक को गिरिडीह जिले के साहसी पत्रकार के रूप में सम्मानित भी किया।

प्रदर्शन में विष्णु सिंह, अमरेंद्र सिंह, दासो मुर्मू, विजय कुमार, घनश्याम पंडित, नारायण राय, संतोष चक्रवर्ती, विक्रम मुर्मू, गीता देवी, संगीता मरांडी, सुमनी सोरेन, बाटु मरांडी, ललिया देवी, सबीना हेम्ब्रम, फागु राय, राजेंद्र यादव, कलावती देवी, शंभू राय, जहांगीर अंसारी, अफसर खान, संचित गुप्ता, सनातन तिवारी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# ठंडी हवा और बारिश से रांची समेत कई इलाकों में गिरा तापमान

### नौ अक्टूबर तक वज्रपात और तेज हवा का येलो अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में मंगलवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद बादल छाए और गर्जन के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने नौ अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न जिलों में गरज के साथ वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों से मौसम खराब होने के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बांसजोर में 55.7 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा कई अन्य इलाकों में भी बारिश हुई, जिससे मौसम में नमी बढ़ी और तापमान में बदलाव दर्ज किया गया। इसी अवधि में राज्य में सबसे अधिक तापमान पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 37.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान लातेहार में 17.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार सुबह रांची और आसपास के क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। हालांकि, दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाने लगे। इसके बाद गर्जन के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश के चलते तापमान में कमी आई और मौसम सुहाना हो गया। रांची में मंगलवार को अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री और न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में अधिकतम 34.6 डिग्री और न्यूनतम 23.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 33.5 डिग्री और न्यूनतम 22.1 डिग्री सेल्सियस रहा। चाईबासा में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत के बाद एनएच 333 सोनो झाझा मुख्य मार्ग को ग्रामीणों ने किया जाम

**सोनो/जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को सोनो झाझा मुख्य मार्ग ठ्ल-333 पर बिठरा के पास एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक के परिजन बिठरा निवासी मदन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा चचेरा भाई दिनेश यादव जिसकी उम्र करीब 50 वर्ष थी,कल रात वो मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था कि तभी सोनो की ओर से आ रही एक गिट्टी लोडेड हाइवा अचानक अनियंत्रित हो गई जिसकी चपेट में आने से दिनेश यादव बुरी तरह घायल हो गया और अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद मंगलवार की सुबह 6 बजे से ही ठ्ल 333 को आक्रोशित लोगों ने जाम कर दिया।इधर सूचना मिलते ही झाझा डीएसपी राजेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार,सोनो बीडीओ,सोनो थानाध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत करवाने में जुट गए। बड़ी बात ये है कि इसी घर से आज से एक वर्ष पूर्व एक महिला की दर्दनाक मौत इसी सड़क पर भारी वाहन की चपेट में आने से हो गई थी और इसी परिवार की दूसरी अन्य महिला पूर्व के घटना में अबतक बुरी तरह घायल है और किसी कारणवश अबतक मृतका का मुआवजा परिवार को नहीं मिल पाया।जिसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त था।सुबह 9 बजे तक स्थानीय प्रशासन जाम को तोड़वाने में जुटी रही और काफी मशक्कत के बाद लगभग 3 घंटे के जाम को ग्रामीणों को प्रशासन ने समझा बुझाकर तोड़वाया।

डीएसपी राजेश कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर इस मामले में जो भी दोषी होंगे उनपर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।फिलहाल वाहन को जप्त किया जा रहा है एवं चालक फरार है।



# घर-घर संपर्क अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** हर घर महासंपर्क अभियान के तहत गिरिडीह नगर के गांधी चौक क्षेत्र में टोली बनाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया।

अभियान में झारखंड प्रांत मंत्री रविशंकर पांडेय, धनबाद विभाग अध्यक्ष रितेश पांडेय, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला कार्याध्यक्ष शुभम झा एवं ॐ श्री परिवार के जिला अध्यक्ष रौनक मिश्रा शामिल रहे। अभियान के दौरान कार्यकताओं ने क्षेत्र के 44 घरों में संपर्क किया और लोगों से अभियान के उद्देश्य की जानकारी साझा की।

इस दौरान रसीद के माध्यम से 1,482 रुपये का सहयोग प्राप्त हुआ। वहीं ह्यएक मुट्ठी अनाजह्ण अभियान के तहत 500 रुपये मूल्य का सहयोग भी प्राप्त हुआ। कार्यकताओं ने कहा कि घर-घर संपर्क के माध्यम से लोगों को अभियान से जोड़ने और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एक दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन,जिला पार्षद व मुखिया प्रतिनिधि ने फीता काट कर किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सोनो/जमुई।** मंगलवार को प्रखंड के रजौन पंचायत के मोहनाडीह करहरी के युवाओं द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल टुनामेंट का आयोजन क्या गया जिसमें 12 टीमों ने भाग लिया।

मैच का उद्घाटन सोनो पश्चिमी भाग के वर्तमान ज़िला परिषद सदस्य जुबैदा खातून के हाथों फीता काटकर कराया गया। इस मौके पर रजौन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अलाउद्दीन अंसारी भी मौजूद थे। इस खेल का आयोजनकर्ता आबिद अंसारी अताउल अंसारी मुश्ताक अंसारी असगर अंसारी वाहिद अंसारी हैं।

इन युवाओं द्वारा खेल को बढ़ावा देने और युवाओं को खेल के प्रति हिम्मत बढ़ाने के लिए बीच बीच में फुटबॉल टुनामेंट करते रहते हैं और इन युवाओं की जिज्ञासा को देखते हुए मोहनाडीह करहरी के युवाओं द्वारा भरपूर सहयोग भी मिलता रहता है जिनमें पूर्व पंचायत समिति आशिक अंसारी पुर्व प्रमुख सुलैमान अंसारी एवं समाज सेवी गुड्डू अंसारी, डॉ आशिक अंसार मुश्ताक अंसारी हाफिज नईम अम्बर बहादुर अंसारी मुस्तकीम अंसारी वार्ड सदस्य लाल मोहम्मद अंसारी लाटो अंसारी पुर्व सरपंच प्रतिनिधि मास्टर अब्दुल रज्जाक अंसारी वगैरह। आज का खेल का कमेंट्री डॉ जमीरुद्दीन ने क्या। फुटबॉल टूनामेंट मैच में प्रथम पुरस्कार 5500 सौ रुपए, द्वितीय पुरस्कार 4000सौ रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 3000सौ रुपया रखा गया है। फुटबॉल टूनामेंट मैच जारी है।



# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय गिरिडीह स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, विद्युत व्यवस्था, बीयू हॉल, जनरेटर रूम, अग्निशमन यंत्र समेत विभिन्न व्यवस्थाओं की स्थिति और रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने वेयरहाउस में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों के लॉग बुक का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। साथ ही ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने की बात कही।

# सिमुलतला में अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का हथौड़ा

### सिमुलतला पुलिस गेट का ताला तोड़कर असली भूस्वामी को कोठी की सुपुर्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता सिमुलतला जमुई।** थानाक्षेत्र के सिंयाटांड़ मौजा स्थित एनएच 333ए के किनारे देहली होटल नामक कोठी स्थानीय भूमाफिया के एक गुट के कई सदस्यों के द्वारा वर्षों से कब्जा अवैध कब्जा कर रखा गया था, जिस पर जिला प्रशासन की कर्रवाई के तहत मंगलवार को खाली कराई गई। सिमुलतला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी झाझा अंचलाधिकारी सह मजिस्ट्रेट निशा कुमारी, के नेतृत्व में जिले से पहुंचे दर्जनों पुलिसकर्मियों की टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान तथाकथित होटल परिसर में रह रहे सियांटांड़ निवासी टुनटुन यादव और उनकी पत्नी प्रमिला देवी ने विरोध किया। दोनों ने अपने शरीर पर डीजल डालकर आत्मदाह का बात कही । पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को काबू में लिया और बिरोध प्रदर्शन विफल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने कोठी का ताला तोड़कर उसे आवेदक प्रलय कुमार पात्रा को सौंप दिया। टुनटुन यादव को 24 घंटे के भीतर अपना सामान हटाने का निर्देश दिया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए।आयुक्त के आदेश के अनुपालन में हुई कार्रवाई मामला भूमि विवाद निराकरण वाद संख्या 06/2022-23 से जुड़ा है। इस मामले में 9 फरवरी 2023 को पारित आदेश के विरुद्ध अपील की गई थी। प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर के न्यायालय ने 5 जनवरी 2026 को आवेदक प्रलय कुमार पात्रा के पक्ष में आदेश पारित किया था। इसी आदेश के अनुपालन के लिए प्रलय कुमार पात्रा ने 19 अगस्त 2026 को झाझा अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। इसके बाद मामले के प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 और 2 उपस्थित होकर 29 अगस्त को अपना पक्ष रख चुके हैं, जबकि प्रतिवादी संख्या 3 और 4 अनुपस्थित रहे। आदेश के अनुपालन पर रोक से संबंधित कोई स्थगन आदेश भी प्रस्तुत नहीं किया गया। 6 अक्टूबर तक कब्जा हटाने का था निर्देश इजराय वाद संख्या 07/2026-27 में न्यायालय ने 6 अक्टूबर 2026 तक अपील वाद के प्रतिवादियों को विवादित भूमि से अपना कब्जा स्वयं हटाने का निर्देश दिया था। ऐसा नहीं करने पर भूमि विवाद निराकरण अधिनियम की धारा 15(क) के तहत पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया गया था। आदेश में अंचलाधिकारी, झाझा और संबंधित थानाध्यक्ष को पर्याप्त पुलिस बल के साथ निर्धारित तिथि पर आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया था। साथ ही आदेश के अनुपालन में बाधा डालने या जानबूझकर अवज्ञा करने पर पांच हजार रुपए तक जुमार्ना और तीन वर्ष तक कारावास के प्रावधान की जानकारी भी प्रतिवादियों को दी गई है। टुनटुन यादव बोले- कोर्ट में मामला चल रहा, बिना सूचना हटाया गया। कार्रवाई के दौरान टुनटुन यादव ने कहा कि मामला न्यायालय में चल रहा है और 19 अक्टूबर को अगली तारीख निर्धारित है। इसके बावजूद 6 अक्टूबर को पुलिस बल के साथ उन्हें अचानक कोठी से हटाया जा रहा है। उनका आरोप था कि बिना पूर्व सूचना के उन्हें हटाना उचित नहीं है। वहीं, प्रशासन की ओर से न्यायालय के आदेश के अनुपालन को कार्रवाई का आधार बताया गया। आवेदक की ओर से पुलिस बल के लिए आवश्यक राशि भी पुलिस अधीक्षक, जमुई के कार्यालय में जमा किए जाने और अतिरिक्त पुलिस बल की मांग किए जाने की बात न्यायालय के आदेश में दर्ज है। यदि आदेश का अनुपालन नहीं होता तो जिम्मेदारी तय करने का निर्देश न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी कारण से निर्धारित तिथि पर आदेश का अनुपालन नहीं हो पाता है तो संबंधित पदाधिकारी को इसकी पूरी रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही आदेश का अनुपालन नहीं होने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति, पक्ष अथवा पदाधिकारी को भी चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है।



# मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 7 से 9 अक्टूबर तक विशेष कैंप



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के. रवि कुमार ने एसआईआर-2026 के तहत मतदाताओं के नोटिस की सुनवाई और सूची में पात्र नागरिकों के नाम शामिल करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर 7, 8 और 9 अक्टूबर को विशेष डिजिटाइजेशन कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया। सीईओ ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ और एईआरओ से कहा कि राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर छूटे हुए पात्र नागरिकों को फॉर्म-6 के जरिए नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। बीएलओ को मिले फॉर्म-6, 7 और 8 के समयबद्ध डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के साथ कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सुनवाई का मुख्य उद्देश्य वर्तमान एसआईआर सूची को त्रुटिरहित बनाना और पात्र नागरिकों का निबंधन करना है। निर्धारित दस्तावेजों से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आवेदक भारतीय नागरिक हो, 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो और संबंधित क्षेत्र का सामान्य निवासी हो। इसके अलावा 10 अक्टूबर को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक सह मेगा हेल्पडेस्क लगेगा। इसमें नोटिस सुनवाई, दावा-आपत्ति और नाम जोड़ने संबंधी जानकारी दी जाएगी। जनजातीय समूहों, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, थर्ड जेंडर व अन्य वंचित वर्गों के लिए विशेष आउटरीच प्रोग्राम चलेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, राज्य ट्रेनिंग नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारी शामिल थे।

## अम्मा किचन ने वार्षिक ऑर्डर में दर्ज की 5.06 गुना वृद्धि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। घर जैसे भोजन और प्रामाणिक स्वाद के लिए मशहूर पटना स्थित रेस्टोरेंट, अम्मा किचन ने जोमैटो प्लेटफॉर्म की सेवाओं का लाभ उठाकर 2023 से अपने वार्षिक ऑर्डर में 5 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। इस ब्रांड के सफर के केंद्र में देवानी देवी हैं, जिन्हें प्यार से अम्मा जी कहा जाता है। 10 छात्रों के लिए शुरू की गई उनकी छोटी सी टिफिन सेवा धीरे-धीरे एक रेस्टोरेंट व्यवसाय में बदल गई। आज उनका परिवार पटना में दो आउटलेट चलाता है और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अपने नए आउटलेट, अम्मा फ्लेवर्स का विस्तार करने की योजना बना रहा है। अम्मा किचन के को-फाउंडर जय शंकर कुमार ने कहा कि हमारे परिवार के भरण-पोषण के लिए मेरी मां द्वारा एक छोटी टिफिन सेवा के रूप में जो शुरुआत की गई थी, वह आज एक ऐसे व्यवसाय में बदल गई है जिस पर हमें बहुत गर्व है। खाना पकाने के प्रति उनका प्यार और घर जैसा खाना परोसने की उनकी प्रतिबद्धता हमेशा हमारे काम का मुख्य आधार रही है। जब हमने क्लाउड किचन के रूप में शुरुआत की थी, तब जोमैटो ने हमें अधिक ग्राहकों तक पहुँचने का अवसर दिया।

## झारखंड में तीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों का पदस्थापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड हाईकोर्ट ने तीन न्यायिक अधिकारियों की सेवाएं राज्य सरकार से वापस लेते हुए उनके मूल विभाग में प्रत्यावर्तन के बाद तत्काल प्रभाव से नई जगह पदस्थापना का आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सत्य प्रकाश सिन्हा की ओर से जारी अधिसूचना संख्या 303 ए के अनुसार हजारीबाग फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश अनुज कुमार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जामताड़ा के पद पर पदस्थापित किया गया है। जामताड़ा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधा कृष्ण के स्थान पर उनकी पदस्थापना की गई है। रामगढ़ फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश राजीव आनंद को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गढ़वा बनाया गया है। वहीं धनबाद फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सुभाष को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, साहिबगंज के पद पर पदस्थापित किया गया है। हाईकोर्ट ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। अधिसूचना की प्रतियां कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के प्रधान सचिव, विधि (न्यायिक) विभाग के प्रधान सचिव, झारखंड के महालेखाकार, हाईकोर्ट के सभी न्यायिक रजिस्ट्री सदस्यों, ई-कोर्ट परियोजना के केंद्रीय परियोजना समन्वयक, संबंधित कोषागार पदाधिकारी, संबंधित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों तथा अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई और सूचना के लिए भेजी गई हैं।

## नर्सिंग होम सील मामले में हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज, पुलिस ने सील से किया इनकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड हाईकोर्ट ने खूंटी जिले के कर्रा स्थित अमन नर्सिंग होम को सील किए जाने के मामले में दायर रिट याचिका का निष्पादन कर दिया। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की अदालत ने 5 अक्टूबर 2026 को मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता साहिद अहमद ने नर्सिंग होम को खोलने और परिसर को अनसील करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि प्रतिष्ठान का क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट के रूप में वैध पंजीकरण है और बिना नोटिस उसे सील कर दिया गया।मामले में कर्रा थाना कांड संख्या 93/2025 दर्ज है। प्राथमिकी में आरोप था कि निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम संचालक साहिद अहमद स्वयं बिना आवश्यक दस्तावेजों के एलोपैथिक चिकित्सा करते पाए गए। राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाबी हलफनामे में स्पष्ट किया गया कि पुलिस ने अमन नर्सिंग होम को सील नहीं किया था। अदालत ने राज्य के जवाब को देखते हुए कहा कि जब पुलिस द्वारा परिसर सील किए जाने की बात ही सामने नहीं आती, तो याचिका में मांगी गई राहत का कोई आधार नहीं बचता।

## सड़क हादसे में एक की मौत, महिला गंभीर

**चतरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले में कोयला लदे हाइवा की तेज रफ्तार से दो अलग-अलग स्थानों पर हादसे हुए। सदर थाना क्षेत्र के हफुआ में हाइवा की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए, जिनमें अरविंद सिंह की इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान मौत हो गई। वहीं, भागने के दौरान सिमरिया थाना क्षेत्र के डाड़ी में हाइवा ने खड़ी पिकअप को टक्कर मार दी। पिकअप के नीचे दबने से किरण देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका रिम्स में इलाज चल रहा है। घटना के विरोध में हफुआ और डाड़ी में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। हफुआ में मृतक के परिजनों ने 50 लाख रुपये मुआवजा और हाइवा के परिचालन पर रोक की मांग की, जबकि डाड़ी में घायल महिला के इलाज और 5 लाख रुपये मुआवजे की मांग की जा रही है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।

## हुसैनाबाद में गरजे जयराम महतो, बोले- 25 साल बाद भी झारखंड का युवा क्यों कर रहा पलायन?

### बदलाव संकल्प सभा में सरकार और विपक्ष पर साधा निशाना, 1932 खतियान, स्थानीय नीति और पलामू को उपराजधानी बनाने की उठाई मांग

**हुसैनाबाद (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष और डुमरी विधायक जयराम महतो ने मंगलवार को हुसैनाबाद में आयोजित बदलाव संकल्प सभा में सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला। सभा में बड़ी संख्या में युवा, ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता जुटे। जयराम महतो के मंच पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर माहौल को जोशीला बना दिया। सभा को संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 25 वर्ष हो गए, लेकिन राज्य के युवाओं की तस्वीर नहीं बदली। आज भी रोजगार की तलाश में झारखंड का नौजवान दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि डिग्री लेकर भी रोजगार नहीं मिलना व्यवस्था की सबसे बड़ी विफलता है। पेपर लीक और नियुक्तियों में अनिश्चितता ने युवाओं के भविष्य पर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने की मांग करते हुए कहा कि झारखंड में नौकरी और संसाधनों पर पहला अधिकार यहां के मूलवासियों और स्थानीय युवाओं का होना चाहिए। उन्होंने पलामू की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए अलग स्थानीय नीति की जरूरत बताई। जयराम महतो ने भाजपा और झामुमो दोनों को निशाने पर लेते हुए कहा कि सत्ता बदलने से झारखंड की बुनियादी समस्याएं नहीं बदलीं। जल, जंगल और जमीन के मुद्दे आज भी जस के तस हैं। विस्थापन का दंश झेलने वालों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी हित का मतलब किसी एक परिवार तक सीमित नहीं है। उन्होंने पलामू को उपराजधानी का दर्जा देने की मांग भी उठाई। कहा कि राज्य के दूरदराज के इलाकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सत्ता और प्रशासन का विकेंद्रीकरण जरूरी है। पलामू के युवाओं को रोजगार और क्षेत्र को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलने पर पलायन की समस्या को काफी हद तक रोका जा सकता है। जयराम महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए लंबा संघर्ष हुआ, लेकिन राज्य बनने के बाद भी आम लोगों की बदहाली दूर नहीं हो सकी। उन्होंने युवाओं से अपने अधिकारों के लिए संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने का आह्वान किया। सभा में जेएलकेएम के जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

**सं एस.जी. 664-06-टेली-2026-27**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। (1) **कार्य का नाम:** MESR और HZBN स्टेशनों पर IPIS सिस्टम के साथ CIB, TIB और ऑटो अनाउंसमेंट की प्रावधान करने हेतु। (2)**कार्य का आकलित मूल्य:** रू. 2,24,85,664.58 (3) **कार्य का अग्रधन राशि:** रू. 4,49,700.00 (4)**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 23.10.2026 (12:00 बजे) (5) **ऐसी ई निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।** उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http//_www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। **द्रष्टव्य :-** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि0**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1060/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/26-27/32

### पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं. ओ/एसी/टी/148 से 150-26-27 (ओपन), दिनांक 05.10.26;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.: ओ-एसी-टी-148-26-27; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/2/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीतारामपुर-झाझा अनुभाग में वर्तमान नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर 130 केएमपीएच [चेनेज: (i) जेएसएमई-जेएजे अनुभाग किमी. 292 से किमी. 320 (अप एवं डाउन साइडों) तथा (ii) एसटीएन-एमडीपी अनुभाग किमी. 227 से किमी. 230 (अप एवं डाउन साइडों) तथा एसटीएन-एमडीपी अनुभाग किमी. 257 से किमी. 276 (अप एवं डाउन साइडों)] पर स्टील डब्ल्यू-बीम/क्रैश बैरियर का इस्तेमाल कर सुरक्षा बाड़ के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 41,03,06,145.17। **बयाना राशि:** रु. 82,06,100; **क्रमांक 2, केस सं.: ओ-एसी-टी-149-26-27; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/2/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अधीन पुल सं. 656, 691 तथा अन्य के एच-बीम स्लीपर द्वारा वर्तमान स्लीपर के प्रतिस्थापन तथा गर्डर पुलों की फीटिंगों के प्रतिस्थापन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,36,63,275.99। **बयाना राशि:** रु. 4,73,300; **क्रमांक 3, केस सं.: ओ-एसी-टी-150-26-27; कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के जोन सं. 26 में सीनि. डीईएन/1/आसनसोल के अनुभाग में दिनांक 01.07.2026 से 30.06.2027 तक की अवधि के लिए एलसी गेट लॉज एवं सड़क मरम्मत इत्यादि हेतु जोनल कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 30,00,000। **बयाना राशि:** रु. 60,000; **कार्य हेतु समापन अवधि:** 12 महीने (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए) तथा 9 महीने (क्रम सं. 3 के लिए)। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.10.2026 को 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-281/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1392-2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत डीडीजे एवं बीपी स्टेशनों में शेष बचे हुए विकास कार्यों के संबंध में विद्युतीय सामान्य सेवा कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,16,03,203.39। **बयाना राशि:** रु. 4,32,100। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1401-2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** एसपीआर कारशेड में एक अदद 15 कोच स्टैब्लिंग लाइन के विस्तार के प्रस्ताव के संबंध में विद्युतीय सामान्य सेवा कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 21,88,622। **बयाना राशि:** रु. 43,800। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1384-2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** (i) एसएसई/ई/जी/आईसी/एसडीएएच-1 के अधिकार क्षेत्र के अधीन पेय जल, जल निकासी एवं झरने के उद्देश्य के लिए सबमर्सिबल पम्प एवं मोटर सेटों का 1 वर्ष का चालू मरम्मत संविदा। (ii) एसएसई/ई/जी/आईसी/एसडीएएच-1 के अधिकार क्षेत्र के अधीन 20 एचपी क्षमता के यूजीआर ओपन वेल पम्प-मोटर सेटों का 1 वर्ष के लिए खराबी के दौरान मरम्मत संविदा एवं सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 38,36,480। **बयाना राशि:** रु. 76,700। **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1394-2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन एनएच, केवाईआई तथा केएलवाईजी स्टेशनों पर शेष बचे हुए विकास कार्यों के संबंध में विद्युतीय सामान्य सेवा कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,35,06,641। **बयाना राशि:** रु. 4,70,100। **क्रमांक 5, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1373-2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** एनएच/आरओएच शेड एवं निकटवर्ती क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था के सुधार एवं आनुषंगिक कार्यों के संबंध में किए जाने वाले आवश्यक विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 20,81,383। **बयाना राशि:** रु. 41,600। **क्रमांक 6, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1407-2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल में एसएसई/ई(जी)/एसडीएएच-1 एवं एसएसई/ई(जी)/एसपीआर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 34 स्टेशनों पर प्रकाश व्यवस्था में वृद्धि एवं सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 4,87,55,850। **बयाना राशि:** रु. 9,75,100। **क्रमांक 7, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1395-2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरण:** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत एसपीआर एवं सीजी स्टेशनों में शेष बचे हुए विकास कार्यों के संबंध में विद्युतीय सामान्य सेवा कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,74,96,996। **बयाना राशि:** रु. 3,49,900। **समापन अवधि:** 12 महीने (क्र. सं. 1, 3, 6 एवं 7 के लिए), 18 महीने (क्र. सं. 2 के लिए), 6 महीने (क्र. सं. 6 के लिए) एवं 5 महीने (क्र. सं. 5 के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 12.10.2026। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-247/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता – इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. : ईएलआईएन-टीआरएस-लोको-ईक्यूपी-क्लीन-1, सेवा अनुबंध का नाम:** दो वर्ष की अवधि के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड, इस्पातनगर में लोको इक्विपमेंट एवं लोकोमोटिव की सफाई के साथ लोको की देखरेख एवं अनुरक्षण के लिए विविध कार्य। **मात्रा:** निविदा अनुसूची के अनुसार। **कार्य परिधि:** निविदा कागजात के साथ संलग्न। **निविदा मूल्य:** रु. 3,87,65,447.14, **बयाना राशि:** रु. 3,43,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.11,800/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 27.10.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजात का विवरण ई-निविदा पोर्टल में उपलब्ध है और आईआरईपीएस वेबसाइट का यूआरएल है **www.ireps.gov.in** (PR-860)

### आद्रा मंडल के तहत विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं., कैटेगरी, ऑक्शन कैटलॉग सं., लॉट सं./कैटेगरी, नीलामी शुरू (सभी लॉट) और नीलामी समाप्त होने की तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **(1)**, एमएसएस, **जीएसकैंटीन7**, एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-26-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), नीलामी शुरू: 22.10.2026 को 12.00 बजे, नीलामी समाप्त: 22.10.2026 को 12.30 बजे। **(2)**, एमएसएस, **आईसीक्रीमपीएआरएल7**, एमएसएस-आद्रा-पीआरआर-एसटीजीईएन-28-26-2 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), नीलामी शुरू:16.10.2026 को 12.00 बजे, नीलामी समाप्त: 16.10.2026 को 12.30 बजे। **(3)**, एमएसएस, **जीएसट्रकरिपेयर6**, एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-24-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल) और एमएसएस-आद्रा-बीकेएससी-एसटीजीईएन-25-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), नीलामी शुरू: 23.10.2026 को 12.00 बजे, नीलामी समाप्त: 23.10.2026 को 12.40 बजे। **(4)**, विज्ञापन, **एडीवीटी88**, एडीवीटी-आद्रा-बीकेएससी-ओएच-132-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम) और एडीवीटी-आद्रा-पीआरआर-ओएसडी-137-26-3 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)), नीलामी शुरू: 16.10.2026 को 12.00 बजे, नीलामी समाप्त: 16.10.2026 को 12.40 बजे। **(5)**, पे एंड यूज़, **डब्ल्यूआरएल09**, पीएनयू-आद्रा-पीआरआर-डब्ल्यूआरएल-64-26-1 (पे एंड यूज़-लाउंजेस/वेटिंग/रिटायरिंग/क्लॉक रूम्स), नीलामी शुरू: 16.10.2026 को 12.00 बजे, नीलामी समाप्त: 16.10.2026 को 12.30 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-863) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
*मुस्कान के साथ सेवा*

### पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत कैटरिंग स्टाल, बहु-उद्देशीय स्टॉल एवं वाटर वेंडिंग मशीन के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के तहत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए निम्नानुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **(1) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-सीएटीजी-26-5, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण एवं बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: एए/1, सीएटीजी-एएसएन-डीयूएमके-जीएमयू-75-23-1, जनरल माइन यूनिट के अंतर्गत दुमका रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) के प्लेटफॉर्म सं. 2-3 पर प्लेटफॉर्म शेड के नीचे फूट ओवर ब्रिज के निकट 5 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल (आकार 10'x6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 22.10.2026 को 13.30 बजे। एए/2, सीएटीजी-एएसएन-एमएनएई-जीएमयू-16-24-1, जनरल माइन यूनिट के अंतर्गत मानकड़ रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) के प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्युलर कैटरिंग स्टॉल (आकार 10'x6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, 22.10.2026 को 13.40 बजे। **(2) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमपीएस-26-11, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण, बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: एए/1, एमपीएस-एएसएन-डीयूएमके-एमपीएस-29-25-1, दुमका रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर सीट सं. 15 एवं 16 के बीच 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनुसूचित जाति (महिला) के लिए चिन्हित, 22.10.2026 को 14.00 बजे। एए/2, एमपीएस-एएसएन-डीयूएमके-एमपीएस-28-25-1, दुमका रेलवे स्टेशन में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने तथा ओआरएच चाहरदीवारी के संलग्न 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित (महिला) के लिए चिन्हित, 22.10.2026 को 14.10 बजे। एए/3, एमपीएस-एएसएन-एमडीपी-एमपीएस-1-24-1, मधुपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1-2 पर पोल सं. 293/21ए के निकट 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट x 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 22.10.2026 को 14.20 बजे। **(3) नीलामी सूचीपत्र सं.: एएसएन-डब्ल्यूवीएम-26-7, सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, कार्य का विवरण एवं बंद होने की तारीख/समय** निम्नानुसार हैं: एए/1, एमएसएस-एएसएन-यूडीएल-डब्ल्यूवीएम-27-25-1, अंडाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 5-6 पर ओएचई मैस्ट सं. 186/26बी के निकट एकल आधार पर 5 वर्षों की अवधि के लिए वाटर वेंडिंग मशीन (डब्ल्यूवीएम) की स्थापना एवं संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान करना, 22.10.2026 को 14.30 बजे।

(ASN-279/2026-27) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार संविदाएं प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के तहत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **ई-नीलामी सूचना सं.: एएसएन-एमएसएस-16-10, दिनांक 01.10.2026।** **(1) सूचीपत्र सं.: एएसएन-एमएसएस-16-10, नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 16.10.2026 को 13.00 बजे। **सिक्वेंस सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैं: **(एए/1)** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसआईपीओडी-163-26-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्टेशन में स्लीपिंग पॉड्स), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड के 5 वर्षों की अवधि के लिए विकास, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा। **(एबी/1)** एमएसएस-एएसएन-एएसएन-डिजिएल-114-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्टेशन में डिजिटल लॉकर्स), एएसएन रेलवे स्टेशन में डिजिटल लॉकरों की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एबी/2)** एमएसएस-एएसएन-बीएसकेएच-डिजिएल-123-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्टेशन में डिजिटल लॉकर्स), बीएसकेएच रेलवे स्टेशन में डिजिटल लॉकरों की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एबी/3)** एमएसएस-एएसएन-बीडीएमई-डिजिएल-140-26-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्टेशन में डिजिटल लॉकर्स), बीडीएमई रेलवे स्टेशन में डिजिटल लॉकरों की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एसी/1)** एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमएसीएचआर-31-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-विश्राम कुर्सी), देवघर स्टेशन के पीएफ सं. 1 पर विश्राम कुर्सी की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एसी/2)** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एमएसीएचआर-30-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-विश्राम कुर्सी), डीजीआर रेलवे स्टेशन के दक्षिणी की ओर के बुकिंग कार्यालय के निकट विश्राम कुर्सी की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एडी/1)** एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एमईडीएसटीएन-158-26-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्टेशन में चिकित्सा सेवाएं), दुमका स्टेशन में मेडिकल स्टोर की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एई/1)** एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एसएस-115-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-सैलोन सेवाएं), दुमका स्टेशन में सैलोन सेवाओं की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एई/2)** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसएस-32-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-सैलोन सेवाएं), दुर्गापुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सैलोन सेवाओं की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एई/3)** एमएसएस-एएसएन-एएसएन-एसएस-34-26-2 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-सैलोन सेवाएं), आसनसोल स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सैलोन सेवाओं की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एएफ/1)** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-मोबस्टोर-50-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-मोबाइल एवं सहायक उपकरण कियोस्क), मोबाइल एवं सहायक उपकरण कियोस्क की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना, रखरखाव एवं संचालन के लिए संविदा। **(एएफ/2)** एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-मोबस्टोर-41-25-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-मोबाइल एवं सहायक उपकरण कियोस्क), दुमका रेलवे स्टेशन में मोबाइल एवं उसके सहायक उपकरणों के कियोस्क की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एजी/1)** एमएसएस-एएसएन-बीएसकेएच-पीएसकेएसके-175-26-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-पूजा सामग्री कियोस्क), बासुकीनाथ स्टेशन में पूजा सामग्री कियोस्क की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(एएच/1)** एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-169-26-1 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्थैतिक सामान्य), जसीडीह रेलवे स्टेशन के नए सर्कुलेटिंग एरिया में रिटेल स्टोर की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा। **(एएच/2)** एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-137-26-2 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्थैतिक सामान्य), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में रिटेल स्टोर की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा। **(एएच/3)**, एमएसएस-एएसएन-आरएनजी-एसटीजीईएन-149-26-2 (विविध-स्थैतिक सेवाएँ-स्थैतिक सामान्य), रानीगंज स्टेशन में रिटेल स्टोर (क्षेत्रफल 150 वर्ग फीट) की 3 वर्षों की अवधि के लिए स्थापना एवं संचालन के लिए संविदा। **(2) सूचीपत्र सं.: लाउंज-पीएएन-16। ई-नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 16.10.2026 को 12.00 बजे। **लॉट सं./नीलामी श्रेणी:** पीएनयू-एएसएन-पीएएन-डब्ल्यूआरएल-46-25-1 (पे एंड यूज़-लाउंज/प्रतीक्षालय/विश्राम कक्ष/सामान घर)। **प्रकार:** प्रीमियम लाउंज के उन्नयन, संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा। **रेलवे स्टेशन:** पानागढ़। **(3) सूचीपत्र सं.: एएसएन-एडीवीटी-16-10। नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 16.10.2026 को 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं., लॉट सं. एवं विवरण** नीचे उल्लेखित हैं: एए/1, एडीवीटी-ईएफएफ-239709-1-26-1 [विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (संपूर्ण फेस)], ट्रेन सं. 22306-05 (जसीडीह-बेंगलुरु सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्रैफिक फिल्मों) के जरिए ऊपरी एवं नीचले पैनल (खिड़की के ऊपर एवं खिड़की के नीचे) पर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना। एए/2, एडीवीटी-ईएफएफ-131111-1-26-1 [विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (संपूर्ण फेस)], ट्रेन सं. 13507-13508 (आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस)/13509-13510 (आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्रैफिक फिल्मों) के जरिए ऊपरी एवं नीचले पैनल (खिड़की के ऊपर एवं खिड़की के नीचे) पर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना। एए/3, एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर16-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (संपूर्ण फेस)], आसनसोल मंडल में चलने वाली 12 कोचों की एमईएमयू रेक की सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों एवं अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्रैफिक फिल्मों) के जरिए 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना। एए/4, एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर11-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (संपूर्ण फेस)], आसनसोल मंडल में चलने वाली 12 कोचों की एमईएमयू रेक की सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों एवं अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्रैफिक फिल्मों) के जरिए 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना। एए/5, एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर15-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (संपूर्ण फेस)], आसनसोल मंडल में चलने वाली 12 कोचों की एमईएमयू रेक की सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों एवं अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्रैफिक फिल्मों) के जरिए 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना। एए/6, एडीवीटी-ईएफएफ-131112-2-26-1 [विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (संपूर्ण फेस)], ट्रेन सं. 12375/76 (जसीडीह-ताम्बरम एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्रैफिक फिल्मों) के जरिए ऊपरी एवं नीचले पैनल (खिड़की के ऊपर एवं खिड़की के नीचे) पर 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना। एए/7, एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर13-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन बाहरी (संपूर्ण फेस)], आसनसोल मंडल में चलने वाली 12 कोचों की एमईएमयू रेक की सम्पूर्ण साइड वॉलों की बाहरी सतह पर (खिड़कियों एवं अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) विनायल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्रैफिक फिल्मों) के जरिए 3 वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना। **एबी/1**, एडीवीटी-एएसएन-डीजीआर-ओएच-194-26-2 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), नक्शा प्लान के अनुसार दुर्गापुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में एसएसई (विद्युत) स्टोर के सामने 50:50 समय साझेदारी के आधार पर 15 फीट x 5 फीट यानी 75 वर्ग फीट आकार की वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे की जानकारी एवं विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए अधिकार प्रदान करना। **एबी/2**, एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएच-188-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), 13 नं. मोड़ से आसनसोल रेलवे स्टेशन रोड की ओर सड़क की बाईं तरफ नक्शा प्लान के अनुसार तीन वर्षों की अवधि के लिए 20 फीट x 10 फीट आकार के तीन होर्डिंगों के प्रदर्शन के लिए संविदा। कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट। मीडिया: नॉन डिजिटल/होर्डिंग फ्रंट लिट/बैक लिट। **एसी/1**, एडीवीटी-एएसएन-डीयूएमके-ओएसएन-173-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), दुमका स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्षेत्र एवं स्टेशन के भीतर नॉन लिट मीडिया के रूप में 300 वर्ग फीट क्षेत्र में वाणिज्यिक विज्ञापन। **एसी/2**, एडीवीटी-एएसएन-पीएडब्ल्यू-ओएसएन-128-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), पाण्डवेश्वर स्टेशन के भीतर प्लेटफॉर्म तथा शेड के नीचे वाणिज्यिक प्रचार के लिए संविदा प्रदान करना (कुल क्षेत्रफल-480 वर्ग फीट)। **एसी/3**, एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएसएन-161-26-2 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), (i) पीएफ सं. 3/4 कालका छोर तथा पीएफ सं. 5/6 कालका छोर पर उपलब्ध कुल 1200 वर्ग फीट क्षेत्र। (ii) मीडिया का प्रकार: विभिन्न आकार के नॉन लिट मीडिया/छोटे आकार की नॉन लिट होर्डिंग। (iii) सफल बोलीदाता द्वारा मॉस्टर प्लान जमा किया जाना चाहिए तथा स्थान पर जगह की उपलब्धता की संभावना के अनुसार इसे रेलवे द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। (iv) स्टेशन को पुनर्विकसित करने की योजना है इसलिए रेलवे द्वारा आवश्यकता के अनुसार स्थान में बदलाव किया जा सकता है। **एसी/4**, एडीवीटी-एएसएन-डीजीएचआर-ओएसएन-139-26-2 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), देवघर स्टेशन के भीतर नॉन-डिजिटल मीडिया के माध्यम से कुल 800 वर्ग फीट क्षेत्र पर वाणिज्यिक विज्ञापन। **एसी/5**, एडीवीटी-एएसएन-जेएसएमई-ओएसएन-162-26-3 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)), (i) 02 एफओबी पर उपलब्ध कुल 1000 वर्ग फीट क्षेत्र ( रैम्प के साथ एक मीडिल एफओबी तथा झाझा छोर की ओर आरपीएफ कार्यालय के निकट अन्य एफओबी) (ii) मीडिया का प्रकार: विभिन्न आकार के नॉन लिट मीडिया/छोटे आकार की नॉन लिट होर्डिंग। (iii) सफल बोलीदाता द्वारा मॉस्टर प्लान जमा किया जाना चाहिए तथा स्थान पर जगह की उपलब्धता की संभावना के अनुसार इसे रेलवे द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। (iv) स्टेशन को पुनर्विकसित करने की योजना है इसलिए रेलवे द्वारा आवश्यकता के अनुसार स्थान में बदलाव किया जा सकता है। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-280/2026-27) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित विवरण के अनुसार ब्रिज, बैलस्ट, आरसीसी टैंक, रैंप, विविध कार्यों, आरयूबी और सेस मरम्मत कार्यों के लिए 08 (आठ) ई-निविदाएँ आमंत्रित करते हैं: **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं., कार्यों का विवरण एवं निविदा लागत** निम्नानुसार हैं: (1) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-98-26, दिनांक 30.09.2026,** आद्रा मंडल के सभी एनएसजी श्रेणी के स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं के 100% अनुपालन के प्रावधान कार्य के संबंध में आद्रा-मिदनापुर और बाँकुड़ा-मसाग्राम खंड के बीच विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए स्टैंडर्ड टैक्टाइल टाइल और रैंप का प्रावधान, रु.4,46,85,187.24, (2) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-99-26, दिनांक 30.09.2026,** डीईएन/उत्तर/आद्रा के कार्यक्षेत्र में सभी एनएसजी श्रेणी के स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं के 100% अनुपालन के प्रावधान कार्य के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए स्टैंडर्ड टैक्टाइल टाइल और रैंप का प्रावधान, रु.7,65,66,421.17, (3) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-100-26, दिनांक 30.09.2026,** गड़बेता (जीबीए) स्टेशन में अप लूप लाइन और आइलैंड पैसेंजर प्लेटफॉर्म के प्रावधान द्वारा डाउन मेन कम अप लूप सुविधा को हटाने हेतु दोनों सिरों पर अप एवं डाउन मेन लाइन क्रॉस ओवर के गिराए जाने के कार्य के संबंध में ब्रिज का निर्माण एवं पी. वे कार्य का निष्पादन, रु. 3,86,66,084.96, (4) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-101-26, दिनांक 30.09.2026,** डीईएन/पूर्व/आद्रा के कार्यक्षेत्र में बैलस्ट रिटेनिंग वॉल, विंग वॉल, फ्लोरिंग सीढ़ी आदि का निर्माण, ग्राउटिंग द्वारा ब्रिज का सुधार एवं नवीनीकरण, रु. 1,87,23,324.49, (5) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-102-26, दिनांक 30.09.2026,** आद्रा मंडल के बाँकुड़ा स्टेशन यार्ड में उपयोगिता स्थानांतरण एवं नवीनीकरण कार्य के संबंध में मिट्टी परीक्षण के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओवरहेड टैंक का निर्माण, (2) बिष्णुपुर-गाड़ियों में पानी देने (कैरिज वाटरिंग) और रेकों की सफाई हेतु बिष्णुपुर स्टेशन पर हाइड्रेंट पाइप लाइन का प्रावधान, रु. 5,03,86,015.73, (6) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-103-26, दिनांक 3.09.2026,** किसी भी क्वैरी से विष्णुपुर डिपो में 50 मिमी माप में मशीन खंडित बैलस्ट (गिट्टी) की किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में लदाई सहित स्टैक में आपूर्ति एवं डिलीवरी, रु. 2,30,42,448.00, (7) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-104-26, दिनांक 01.10.2026,** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा स्टेशन पर अमृत स्टेशन स्कीम के तहत स्टेशन के विकास के संबंध में रोड अंदर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, रु.9,56,81,810.05, (8) **ई-डीआरएम-ईएनजीजी-आद्रा-105-26, दिनांक 01.10.2026,** आद्रा मंडल में डीईएन/सेंट्रल/आद्रा के कार्यक्षेत्र में सेस मरम्मत रु. 2,42,55,798.20, **ई-निविदाओं की अंतिम तिथि और समय** दिनांक 28.10.2026 को 15.00 बजे है (क्रम सं. 1 से 6 हेतु) और दिनांक 30.10.2026 को 15.00 बजे है (क्रम सं. 7 और 8 हेतु) । उपर्युक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (PR-856)

# निगरानी ने असिस्टेंट कमिश्नर और डाटा ऑपरेटर को दबोचा

- वाणिज्यकर में कार्यरत हैं दोनों
- कार्यालय में मचा हड़कम्प
- गारमेंट्स के दुकानदार ने की थी शिकायत
- निगरानी दोनों आरोपितों को ले गयी अपने साथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने मंगलवार को बेगूसराय में बड़ी कार्रवाई की। निगरानी टीम ने वाणिज्य कर (सेल टैक्स) कार्यालय में 25 हजार रुपये रिश्वत लेते असिस्टेंट कमिश्नर और डेटा ऑपरेटर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान असिस्टेंट कमिश्नर प्रकाश चंद्र मोहन और डेटा ऑपरेटर संतोष कुमार झा के रूप में हुई है। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, विश्वनाथ नगर स्थित कृष्णा मार्केट में रोजी गारमेंट्स नाम से कपड़े की दुकान है। दुकान के प्रोपराइटर ज्योति कुमार ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत निगरानी विभाग से की थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने मामले को सही पाते हुए कार्रवाई की योजना बनाई।

मंगलवार को निगरानी की टीम शिकायतकर्ता के साथ वाणिज्य कर कार्यालय पहुंची। बताया जाता है कि इसी दौरान 25 हजार रुपये रिश्वत की रकम दी गई। रकम 500-500 रुपये के नोटों में थी।

निगरानी टीम की मौजूदगी का आभास होते ही रिश्वत की रकम की गड्डी खिड़की से बाहर फेंक दी गई। हालांकि टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

कार्रवाई के बाद निगरानी टीम दोनों आरोपितों को अपने साथ ले गई। परिसदन में उनसे पूछताछ की जा रही है। निगरानी विभाग की कार्रवाई से वाणिज्य कर कार्यालय के कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा रहा। मामले में विभाग की ओर से आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

## 250 जरूरतमंदों को बांटा अल्पाहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट की ओर से लायंस इंटरनेशनल के सेवा सप्ताह के तीसरे दिन मंगलवार को सुदूर आदिवासी गांव गंगापुर में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से करीब 250 आदिवासी महिलाओं और बच्चों के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया। अल्पाहार पाकर महिलाओं और बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल के सेवा सप्ताह के तहत क्लब द्वारा प्रत्येक दिन मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सेवा और सहयोग पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के बीच सेवा कार्य करने से समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव और मजबूत होता है। रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत क्लब की ओर से लगातार विभिन्न सेवा कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

# एटीएम काटकर ले भागे चोर

## गैस कटर से काटकर कार पर ले गये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** अपराधियों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक एटीएम को रात के अंधेरे में उखाड़ लिया और पास के देवीपुर क्षेत्र में ले जाकर तोड़ दिया। बेखौफ चोरों ने इस वारदात को बेहद शातिराना तरीके से अंजाम दिया। पुलिस सूचना मिलते ही मामले की छानबीन में जुट गई है और अपराधियों का सुराग तलाश रही है। शुरूआती जंच के मुताकि, पांच चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया, फिर उसे तोड़कर नोट निकाले, बाद में देवीपुर में छोड़कर भाग गए।

पड़ताल के दौरान सामने आया कि चोरों ने सबसे पहले एटीएम मशीन को काटने के लिए गैस कटर का प्रयोग किया। इसके बाद अपराधियों ने मशीन को लगभग 500 मीटर तक घसीटा, जिससे सड़क पर रगड़ के स्पष्ट निशान बन गए। फिर चोर भारी-भरकम एटीएम मशीन को कार में लादकर आसानी से मौके से भाग निकले। वारदात के इस तरीके से साफ जाहिर होता है कि बदमाशों ने पूरी साजिश पहले से तैयार कर रखी थी और वे पूरी तैयारी के साथ आए थे।

चोर चुराए गए एटीएम को देवीपुर क्षेत्र के तहत चितरपुर जाने वाली सड़क पर स्थित एक चहारदीवारी के अंदर ले गए। बदमाशों ने वहां सुनसान स्थान पाकर मशीन को तोड़ डाला। सुबह जब आसपास के ग्रामीणों ने चहारदीवारी के अंदर एटीएम के अवशेष देखे, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस इस पूरी घटना से जुड़े अलग-अलग बिंदुओं पर तेजी से जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधिकारी जल्द ही अपराधियों की पहचान करके उन्हें पकड़ने का दावा कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों से भी आवश्यक तथ्य जुटाए जा रहे हैं।

## पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहुंचे खूंटी

**खूंटी।** जिला में पिछड़ी जाति संघर्ष समिति द्वारा आहूत बंदी के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश खूंटी पहुंचे। कमलेश ने बंद समर्थकों से मिलकर कहा कि पिछड़ी जाति की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों के हक-अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर उन्होंने पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के संयोजक मंडली के सदस्यों से मुलाकात की।

## बाढ़ से 42 पंचायतों के 4,60,963 लोग प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

छपरा। सारण में तटबंध टूटने के बाद बाढ़ का दायरा लगातार बढ़ रहा है। कई इलाकों में पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ राहत एवं बचाव कार्य जारी है। आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, जिले के छह प्रखंडों की 42 पंचायतों के 236 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। करीब 4,60,963 आबादी और 1,04,043 परिवार बाढ़ की चपेट में हैं। सुरक्षा के मद्देनजर अब तक 74,737 लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवागमन और राहत-बचाव अभियान के लिए 128 नावों का परिचालन किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को तत्काल खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अब तक 51,413 फूड पैकेट और ड्राई राशन पैकेट वितरित किए गए हैं। प्रशासन के पास राहत कार्य के लिए 17,575 पॉलीथिन शीट उपलब्ध हैं, जबकि प्रभावित क्षेत्रों में 55,718 पॉलीथिन शीट वितरित की जा चुकी हैं।

## राजद का धरना-प्रदर्शन 8 को

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय जनता दल, झारखंड प्रदेश के निर्देश पर गुरुवार को गिरिडीह जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता अधिकारों की सुरक्षा तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर आवाज उठाना है। उन्होंने जिला कमेटी के सभी प्रखंड अध्यक्षों, जिला एवं प्रखंड पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं से अपने-अपने प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

## अधिवक्ता हत्या कांड में पांच धराये

**कटिहार।** नगर थाना क्षेत्र में अधिवक्ता अजीजुद्दीन अंसारी उर्फ गुड्डू अंसारी की चाकू मारने के बाद गोली चलाकर हत्या कर दी गई। वारदात हरीगंज चौक और पटेल चौक के बीच हुई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अधिवक्ता को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर नगर थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी परिचय कुमार के निर्देश पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## मानसिक प्रताड़ना से युवक की मौत का आरोप

**भागलपुर।** इशाकचक थाना क्षेत्र के बरेहपुरा, रमजान अली लेन निवासी 25 वर्षीय मोहम्मद ताहिर अफरोज की मौत के बाद परिजनों ने कर्ज के दबाव और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मृतक के बड़े भाई मोहम्मद तनवीर के मुताबिक, घटना वाले दिन ताहिर दुकान से घर लौटने के बाद छत पर चला गया था। इसके बाद वह नीचे आकर लेट गया। तबीयत बिगड़ने पर मां ने उससे खाना खाने के लिए पूछा तो उसने कहा कि खाना खाने की इच्छा नहीं है और तबीयत ठीक नहीं लग रही। उसने यह भी कहा कि शायद अब वह नहीं बच पाएगा और उस पर कर्ज का बहुत दबाव है।

## निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर चला प्रशासन का डंडा

**जमुई।** सदर अस्पताल में दो प्रसूताओं की मौत के बाद जिला प्रशासन ने निजी स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार देर शाम जमुई-खैरा मार्ग के नीमा स्थित ऋद्ध पॉलिक्लिनिक पर एसडीएम सौरभ कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने छापेमारी की। टीम में सीओ, बीडीओ और पुलिस बल के जवान भी शामिल थे। जांच के दौरान प्रशासन ने क्लीनिक में कई अनियमितताएं मिलने की बात कही। प्रशासन के अनुसार, छापेमारी के समय क्लीनिक में कोई योग्य चिकित्सक मौजूद नहीं था। क्लीनिक के बोर्ड पर डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मनीष कुमार और डॉ. आफताब आलम के नाम दर्ज थे, लेकिन इनमें से कोई डॉक्टर मौके पर नहीं मिला। इसके अलावा क्लीनिक के वैध रजिस्ट्रेशन, आवश्यक दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों को लेकर भी सवाल उठे।

## ट्रेन से चोरी गया आभूषण आरोपित के घर से बरामद

सीवान। ट्रेन में यात्री का ट्रॉली बैग चोरी होने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले में दो प्राथमिक आरोपितों के घरों पर अलग-अलग छापेमारी कर बड़ी संख्या में सोने और चांदी जैसे दिखने वाले आभूषण बरामद किए हैं। महाराजगंज एसडीपीओ अमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि छापेमारी के दौरान दोनों आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस बरामद आभूषणों के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ उनके वास्तविक स्वामियों की पहचान करने में लगी है।पुलिस के अनुसार, 28 जून 2026 को छपरा कचहरी से धावे की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से बसंतपुर से महाराजगंज जाने के दौरान महाराजगंज थाना क्षेत्र के कापिया निवासी सचिन सिंह, पिता अरुण कुमार सिंह का ट्रॉली बैग सरहरी रेलवे स्टेशन के आसपास चोरी हो गया था। बैग में गहने होने की बात बताई गई थी। इस मामले में भगवानपुर हाट थाना में कांड संख्या 308/26 दर्ज किया गया था।

## थानाध्यक्ष और दारोगा निलंबित

**मोतिहारी।** शराब तस्करी के आरोपी के साथ जन्मदिन का जश्न मनाने की तस्वीर वायरल होने के बाद पिपरा थाने के थानाध्यक्ष और एक दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर में दोनों पुलिस अधिकारी शराब तस्करी के आरोपी युवक के साथ केक काटते और उसे खिलाते नजर आ रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वायरल तस्वीर 15 अगस्त 2025 को

# एसआईआर के विरोध में माले का प्रतिरोध मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के ताजपुर में मंगलवार को भाकपा माले की ओर से विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। शाहपुर बघौनी से शुरू हुआ मार्च विभिन्न मार्गों से होते हुए मदरसा चौक पहुंचा, जहां सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संयुक्त पुतला फूंका।

सभा की अध्यक्षता भाकपा माले नेता सह इनौस के जिला अध्यक्ष आसिफ होदा ने की, जबकि संचालन मो. शाद तौहीदी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से बाहर किए गए हैं। इससे पात्र मतदाताओं के मतदान के अधिकार को लेकर गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से पद छोड़ने की मांग की।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि मतदाता सूची से किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूट गया है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। योग्य मतदाताओं के नाम दोबारा सूची में शामिल



करने, प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग की गई। वक्ताओं ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण ऐसी प्रक्रिया के तहत होना चाहिए, जिसमें किसी भी पात्र नागरिक को मतदान के अधिकार से वंचित होने की आशंका न रहे।

माले नेताओं ने बताया कि आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए सात अक्टूबर को इंडिया गठबंधन की ओर से ताजपुर अस्पताल चौक से प्रखंड चौक तक विरोध मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद आठ अक्टूबर को समस्तीपुर जिला मुख्यालय में विरोध मार्च और पुतला दहन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। भाकपा माले नेताओं ने दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में कार्यकताओं से शामिल होने की अपील की।

## बीएसएल कर्मियों का मौन जुलूस

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के कर्मचारियों ने लंबित मांगों, बोनस और यूनियन चुनाव को लेकर सेल-बीएसएल प्रबंधन तथा एनजेसीएस नेताओं के खिलाफ मौन जुलूस निकालकर विरोध जताया। बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के नेतृत्व में कर्मचारी मजदूर मैदान में जुटे और हाथों में काले झंडे लेकर प्रशासनिक भवन स्थित धरना स्थल तक पहुंचे। आंदोलन में नारी शक्ति कर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

संघ के महासचिव हरिओम ने कहा कि कर्मचारियों की 45 से अधिक मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इन मांगों के समाधान को लेकर इस्पात मंत्रालय और सेल प्रबंधन को कई बार पत्र, फोन और व्यक्तिगत मुलाकात के माध्यम से जानकारी दी गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बोनस फॉमूर्ले पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि वेतन समझौते और बकाया राशि के बाद बोनस के मामले में भी कर्मचारियों के साथ न्याय नहीं हुआ है। उन्होंने एनजेसीएस नेताओं पर कर्मचारियों के हितों से समझौता करने का आरोप लगाया। वहीं, संघ के अध्यक्ष दिलीप ने बिना यूनियन चुनाव के प्रबंधन द्वारा लिए जा रहे फैसलों का विरोध किया।

# एलआईसी की वार्षिक आम बैठक में निजीकरण के विरोध का प्रस्ताव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल के गिरिडीह बेस इकाई की वार्षिक आम बैठक एलआईसी शाखा परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों एवं वरीय शाखा प्रबंधक द्वारा 10 छायादार पौधों के रोपण के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता बेस इकाई के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की।

बैठक में मंडलीय अध्यक्ष हेमंत मिश्रा, मंडलीय महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल, संयुक्त सचिव शंकर कुमार एवं कोषाध्यक्ष विजय चौबे उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। बेस सचिव धर्म प्रकाश ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए केंद्र सरकार की विनिवेश नीति और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों को मजबूत करना राष्ट्रहित में है। उन्होंने बीमा क्षेत्र में निजीकरण के प्रयासों, नई नियुक्तियों, पुरानी पेंशन योजना की बहाली और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर संघ के संघर्षों की जानकारी दी। हेमंत मिश्रा ने संगठनात्मक एकता पर जोर देते हुए गिरिडीह बेस की सक्रिय भागीदारी को आगे भी मजबूत करने की बात कही।बैठक में एलआईसी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के निजीकरण के प्रयासों का विरोध करने, संवर्ग तीन एवं चार में पर्याप्त नई भर्ती शुरू करने तथा कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने सहित तीन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। नई कार्यकारिणी का गठनः आगामी वर्ष के लिए संजय शर्मा को अध्यक्ष, धर्म प्रकाश को सचिव, कुमकुम बाला वर्मा एवं उमानाथ झा को उपाध्यक्ष, अनुराग मुर्मू, विजय कुमार एवं राजेश कुमार उपाध्याय को संयुक्त सचिव बनाया गया। सुनील कुमार वर्मा एवं कुलजीत कुमार रवि को संगठनात्मक सचिव, महफूज आलम को कोषाध्यक्ष तथा रोशन कुमार को अंकेक्षक की जिम्मेदारी दी गई।

# झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता लापता, थाने में शिकायत दर्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा प्रखंड मुख्यालय के झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश मुर्मू 30 सितंबर से लापता हैं।

उनकी पत्नी कुइंडी मरांडी ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार दिनेश मुर्मू बीमार थे और इलाज के लिए सूरजबेड़ा स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां गए थे।

बताया गया कि 30 सितंबर को शाम करीब चार बजे उनकी पत्नी उन्हें चिकित्सक के यहां से छुट्टी कराने पहुंची थीं। चिकित्सकीय शुल्क जमा करने के लिए वह अंदर गईं। इसी दौरान दिनेश मुर्मू वहां से गायब हो गए। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और दोस्तों के यहां उनकी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।

परिजनों के अनुसार दिनेश मुर्मू सांवले रंग के हैं। लापता होने के समय उन्होंने सफेद फूलदार शर्ट और लुंगी पहन रखी थी। थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि दिनेश मुर्मू की तस्वीर और गुमशुदगी की सूचना जिले के सभी थानों को भेजी गई है। पुलिस विभिन्न स्तरों पर उनकी तलाश कर रही है।

वहीं, स्थानीय विधायक हेमलाल मुर्मू ने लापता कार्यकर्ता के घर पहुंचकर उनकी पत्नी और बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए अपने स्तर से तथा सरकारी स्तर पर दिनेश मुर्मू की तलाश में सहयोग का आश्वासन दिया।

## नीतेश बने जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ एवं प्रशिक्षण के जिला अध्यक्ष

**अररिया।** जदयू नेतृत्व ने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता नीतेश कुमार राय को अररिया जिला शिक्षा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री राय पार्टी संगठन में पूरी ईमानदारी और समर्पण भाव से लगातार काम करते आ रहे हैं। अध्यक्ष पद पर मनोनयन को लेकर श्री राय ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया। श्री राय के मनोनयन पर जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। हर्ष व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला प्रवक्ता सुनील चंद्रवंशी, जिला महासचिव सीताराम मंडल, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ ऋषभ राज, पूर्व प्रदेश सचिव रमेश सिंह, सुनील राय, ओमप्रकाश राय, अनुपम सागर, जितेंद्र झा, वीरेंद्र राय, रमेश कुमार राय,रणविजय कुशवाहा, मुन्ना सिंह अजय पासवान उर्फ लड्डू पासवान, शौकत अली, मखमूर हयात, नरेश राय, शाद आलम, राजू राम, ललन मंडल, राजू मंडल, नवीन श्रीवास्तव, कौसर अलम, भवेश राय, धनेश्वर गिरी, लक्ष्मण राय, ब्रजेश राय, सफाउर रहमान उर्फ लड्डू, अमृता कुमारी, अनंत राय एवं, उमेश पासवान , मो शमीम के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर ।** प्रखंड के भटौरा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन के सभा कक्ष में मंगलवार को पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना था। शिविर का उद्घाटन रोसड़ा एसडीओ पूजा कुमारी, रोसड़ा डीएसपी संजय कुमार सिन्हा, बीडीओ वीरेंद्र कुमार सिंह, सीओ अम्बापाली यादव एवं पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, बुजुर्ग एवं सरकारी योजनाओं के लाभुक पहुंचे। ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन पदाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति, कृषि, पंचायती राज, मनरेगा सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गईं। ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जमीन एवं राजस्व संबंधी मामलों के निष्पादन, राशन, आवास, पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा, कृषि योजनाओं सहित अन्य मामलों में आवश्यक कार्रवाई की मांग की शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे।

अधिकारियों एवं विभागीय कर्मियों ने काउंटर पर पहुंचने वाले लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की



जानकारी ली। जिन मामलों का तत्काल निष्पादन संभव नहीं था, उनके आवेदन को संबंधित विभाग को भेजते हुए नियमानुसार जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। शिविर में पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी, शिवाजीनगर के अपर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार, बीपीआरओ नाजिश प्रवीण, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुमित कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नूरजहां, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सतीश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बबलू कुमार सहित युवराज कुमार, दीपक कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, राजा कुमार, सज्जन कुमार समेत विभिन्न विभागों के कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी में खिला बचपन, सेवा संकल्प से गूंजा महुआटांड़



**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के तहत गिरिडीह महानगर जिला अंतर्गत कोवाड़ मंडल के महुआटांड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन का उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा गिरिडीह जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद मंडल ने किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहालों के बीच ताजे फल एवं चॉकलेट वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और मुस्कान देखते ही बन रही थी। वहीं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आंगनबाड़ी सेविका उषा देवी एवं सहायिका रीता कुमारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश प्रसाद मंडल ने कहा कि आज के बच्चे ही देश के कल के भविष्य हैं। भाजपा के लिए सेवा केवल नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता की कार्यसंस्कृति है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक संवेदना, सहयोग और खुशियां पहुंचाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र नौनिहालों की पहली पाठशाला हैं और यहां कार्यरत सेविका-सहायिका मातृ-शिशु कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को धरातल पर साकार करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लगातार समाज के बीच रहकर सेवा कार्य करते रहेंगे। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तथा मातृ-शिशु कल्याण समाज के समग्र उत्थान की पहली सीढ़ी है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी जुड़ाव, संवेदना और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री सरिता शर्मा, बबली देवी, सेविका उषा देवी, सहायिका रीता कुमारी, कमलदेव शर्मा, सुरेश मोहली समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत

**महेशपुर।** पाकुड़ जिले के महेशपुर रद्दीपुर ओपी क्षेत्र के भवानीपुर गांव के पास मंगलवार को डस्ट लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार 17 वर्षीय युवक की दबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान महुलपहाड़ी (बुरुडीह) गांव निवासी मेरोन्टो मुर्मू के रूप में हुई है।ग्रामीणों के अनुसार ऊपर मोहुलबोना और भवानीपुर गांव के बीच चढ़ाई चढ़ने के दौरान ट्रैक्टर का इंजन अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे ट्रैक्टर पर सवार मेरोन्टो मुर्मू ट्रॉली के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही रद्दीपुर ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता और एएसआई सुरेश प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया। घटना के बाद मृतक के माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे से गांव में मातम पसरा हुआ है। ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है।

# कांग्रेस का वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च 8 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा एवं संविधान के मूल्यों को संरक्षित करने के संकल्प के साथ इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में आगामी 8 अक्टूबर को हजारीबाग में ह्यवोट बचाओ-देश बचाओ मार्च निकाला जाएगा। मार्च की शुरूआत डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद होगी। झारखंड कांग्रेस द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत जिलों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मार्च की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला कांग्रेस अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार की रक्षा और मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। ह्यवोट बचाओ-देश बचाओह्ण अभियान के माध्यम से कांग्रेस आम जनता को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी।

पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इंडिया गठबंधन की ओर से सीपीआई (एम) के गणेश कुमार सिटू ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग के डायरेक्टर जनरल, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सीमा खन्ना की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत चुनाव आयोग का कार्य निजी कंपनी को सौंप दिया गया है। ये आरोप बैठक में वक्ता द्वारा लगाए गए हैं। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन नगर परवेज अहमद ने किया।

CMYK

# मुख्यमंत्री आज गांधी मैदान में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन

## 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' सेवा, समर्पण, संस्कृति और विकास का अद्‌भुत संगम : अनामिका पासवान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' अभियान के अंतर्गत पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 7 अक्टूबर को शाम 5 बजे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दीप प्रज्वलित कर करेंगे। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री नितीश मिश्रा, प्रमोद चंद्रवंशी, केदार गुप्ता, दिलीप जायसवाल, लखनेंद्र पासवान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया, राष्ट्रीय मंत्री सिद्धार्थ शंभू, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा, विधायक जीवेश मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री गांधी मैदान में तैयार की जा रही भव्य रंगोलियों एवं विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में सेवा, समर्पण, सुशासन एवं विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को रंगों, कला और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। अभियान की प्रदेश संयोजक अनामिका पासवान ने बताया कि गांधी मैदान को 'सेवा के रंग' की संकल्पना के अनुरूप सजाने के लिए सैकड़ों कलाकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। विशाल रंगोलियों और कलाकृतियों के माध्यम से बिहार की संस्कृति, लोक परंपराओं, विकास कार्यों और जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रदर्शित किया जा रहा है। यह आयोजन कला प्रदर्शन के साथ सेवा, संस्कृति, विकास और जनभागीदारी का संगम बनेगा। कार्यक्रम स्थल पर मिथिला, मगध, चंपारण सहित बिहार के विभिन्न अंचलों के पारंपरिक खान-पान और स्थानीय उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। विभिन्न उद्यमियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा अपने उत्पादों और गतिविधियों से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। ड्रोन के माध्यम से गांधी मैदान के पूरे आयोजन का दृश्यांकन और व्यापक प्रसारण भी किया जाएगा। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के कलाकारों के साथ अन्य प्रतिभाशाली कलाकार लोककला, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले कलाकारों, रचनाकारों एवं सहयोगियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया जाएगा। अभियान की प्रदेश संयोजक अनामिका पासवान ने कहा कि 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम सेवा, समर्पण, संस्कृति और विकास का अद्‌भुत संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में हो रहे विकास कार्यों को कला और रंगों के माध्यम से लोगों के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। बिहार के सभी जिलों में अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता मिल रही है। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम की सह-संयोजक स्वाति सिन्हा, आनंद पाठक सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आयोजन को भव्य स्वरूप देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजकों ने कहा कि 7 अक्टूबर का गांधी मैदान कार्यक्रम बिहार की कला, संस्कृति, सेवा, विकास और जनभागीदारी का यादगार आयोजन बनेगा।

# 26 नवंबर को पटना में होगा किसानों का महासंग्राम, भूमि एवं गांव बचाओ कन्वेंशन सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** आईएमए हॉल में आयोजित भूमि एवं गांव बचाओ कन्वेंशन में 26 नवंबर को पटना में किसानों के महासंग्राम का आह्वान किया गया। कन्वेंशन में लैंड पूलिंग नीति और बिहार सिटी डेवलपमेंट एक्ट 2026 का विरोध करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महासचिव युद्धवीर ने कहा कि चोर दरवाजे से बिहार में नया भूमि अधिग्रहण कानून लाया गया है। 1894 के किसान विरोधी कानून के खिलाफ लंबे संघर्ष के बाद 2013 में किसान हितैषी कानून बना था, लेकिन अब नया कानून किसानों के न्याय पाने के अधिकार को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि सरकार कानून वापस ले, अन्यथा 26 नवंबर को किसान पटना कूच करेंगे। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि लैंड पूलिंग किसानों से जमीन ठगने की योजना है। सरकार ने बाजार दर को सर्किल रेट कर किसानों को भूमि अधिग्रहण से जुड़े न्यायिक उपायों से दूर करने का प्रयास किया है। खेती किसानों की जीवनशैली है और जमीन छीनकर विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि यह किसानों की जमीन और किसानी बचाने की अंतिम लड़ाई है। दिनेश कुमार ने कहा कि गांव और कृषि प्रधान बिहार में खेती उजाड़कर विकास नहीं हो सकता। किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने 26 नवंबर 2020 के दिल्ली किसान आंदोलन को ऐतिहासिक बताते हुए पटना में बड़े आंदोलन का आह्वान किया। कन्वेंशन की अध्यक्षता प्रो. आनंद किशोर, रामायण सिंह, यशवंत सिंह और जितेंद्र कुमार आर्य की संयुक्त अध्यक्षमंडली ने की। कन्वेंशन को देव कुमार, धनंजय कुमार मधु, शाश्वत, ओम प्रकाश मिश्रा, महेश महतो, जालंधर यदुवंशी, कमला प्रसाद शर्मा, राजकुमार सिंह, बृजेश राय, चंदन कुमार यादव पुष्पराज, भोला यादव, अश्वनी चौबे, रामनरेश महतो, जगपति सिंह, डॉ. विनय कुमार, शिव शंकर चित्तू, सतीश कुमार, शैलेश राय, जवाहर निराला, मनीष कुमार और रमेश सिंह ने भी संबोधित किया।

# टेंडर में फर्जीवाड़े पर मंत्री नीतीश मिश्र सख्त, तय होगी जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निविदा को अंतिम रूप देने से पहले निविदादाताओं द्वारा जमा किए गए सभी आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच और सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पारदर्शी, जवाबदेह और सुशासन आधारित शासन-व्यवस्था के विजन के अनुरूप विभाग की निविदा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और उत्तरदायी बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के बाद ही निविदादाता को सफल अथवा असफल घोषित किया जाए। इसके बावजूद निविदा निस्तारण के बाद किसी निविदादाता के खिलाफ शिकायत प्राप्त होती है और जांच में उसके दस्तावेज फर्जी पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति में केवल संबंधित निविदादाता पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। निविदा प्रक्रिया से जुड़े पदाधिकारियों और अभियंताओं की भूमिका की भी जांच की जाएगी। दस्तावेजों के सत्यापन या निविदा निस्तारण में किसी स्तर पर अनियमितता मिलने पर संबंधित पदाधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर अनुशासनिक एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निविदा के अंतिम निस्तारण के बाद शिकायतों पर कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न होने के बजाय उससे पहले ही सभी दस्तावेजों का सत्यापन पूरा किया जाए। निविदा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेज और अनियमितता की संभावना को समाप्त करना जरूरी है। विभाग में पारदर्शी निविदा प्रक्रिया, समयबद्ध निर्णय और स्पष्ट उत्तरदायित्व सरकार की प्राथमिकता है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अधिवक्ताओं का विरोध मार्च



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध मार्च निकालकर उनके इस्तीफे की मांग की। मार्च पटना हाईकोर्ट के गेट नंबर चार से शुरू होकर आयकर गोलंबर तक गया। इसमें ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन और इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स से जुड़े अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और लोकतंत्र की रक्षा से संबंधित नारे लगाए। दर्जनों अधिवक्ता हाथों में विरोध संबंधी नारे लिखी तख्तियां लिए हुए थे। मार्च में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के बी.एन. मिश्रा, विजेंद्र कुमार सिंह, महेश्वर प्रसाद, अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अशोक कुमार, अंगद सिंह और मणि लाल शामिल रहे। वहीं इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के अध्यक्ष योगेश चंद वर्मा तथा वरीय अधिवक्ता और बिहार स्टेट बार काउंसिल सदस्य उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफ़े की मांग की।

# मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई पर 5.40 लाख तक अनुदान : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में मिलेट्स यानी मोटे अनाज की खेती और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए सरकार नई प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने पर वित्तीय सहायता देगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत सामान्य वर्ग के आवेदकों को परियोजना लागत का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम 4.32 लाख रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5.40 लाख रुपये, जो कम हो, अनुदान दिया जाएगा। योजना के तहत 100 से 200 किलोग्राम प्रति घंटा क्षमता वाली नई मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जा सकेगी। एफपीओ, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक और अन्य पंजीकृत संस्थाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन, रोजगार के अवसर और किसानों को उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए एफपीओ का कम से कम दो वर्षों से पंजीकृत एवं संचालित होना जरूरी है, जबकि व्यक्तिगत आवेदक की उम्र 21 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। परियोजना लागत का न्यूनतम 15 प्रतिशत स्वयं का अंशदान और बैंक ऋण लेना अनिवार्य होगा। भूमि खरीद, बिजली कनेक्शन, मानव संसाधन और संचालन खर्च पर अनुदान नहीं मिलेगा। इकाई का परिसर कम से कम तीन वर्षों तक संचालित एवं रखरखाव करना होगा। अनुदान डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में भेजा जाएगा तथा मशीनरी ओएफएमएएस पोर्टल पर सूचीबद्ध विक्रेता से खरीदनी होगी। आवेदन के साथ डीपीआर, बैंक ऋण स्वीकृति अथवा सहमति पत्र, आधार, बैंक विवरण और संस्थागत आवेदकों के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र देना होगा। आवेदन 8 सितंबर 2026 से शुरू है। इच्छुक आवेदक पोर्टल या बिहार कृषि एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल प्रशासन रेलकर्मियों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने मुख्यालय, हाजीपुर में 9 रेलकर्मियों/उनके आश्रित से मुलाकात की। इस दौरान रेलकर्मियों/उनके आश्रित ने अपनी विभिन्न विभागीय समस्याओं एवं कठिनाइयों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने प्रत्येक रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना और प्राप्त शिकायत के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को प्राप्त मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रेलकर्मियों की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# विधान परिषद स्नातक/शिक्षक चुनाव में जदयू को राष्ट्रीय सहयोग पार्टी का बिना शर्त समर्थन

## नीतीश कुमार से मिलकर सौंपा समर्थन पत्र : डॉ. अशोक वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने आज जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भेंट कर आगामी बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन में एनडीए समर्थित जनता दल (यूनाइटेड) के सभी प्रत्याशियों को बिना शर्त समर्थन देने का पत्र सौंपा। समर्थन पत्र में राष्ट्रीय सहयोग पार्टी ने कहा है कि बिहार के विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के लिए नीतीश कुमार के दीर्घकालीन प्रयासों तथा उनके नेतृत्व में राज्य में हुए विकास कार्यों को राष्ट्रीय सहयोग पार्टी सम्मान की दृष्टि से देखती है। बिहार के विकास की दिशा में उनके द्वारा किए गए कार्यों से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त करेंगी। डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि बिहार के व्यापक हित एवं विकसित बिहार के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहयोग पार्टी ने एनडीए समर्थित जदयू के सभी प्रत्याशियों को बिना शर्त समर्थन देने का निर्णय लिया है। पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सहयोगी एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशियों के पक्ष में सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार एवं जनसंपर्क करेंगे तथा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में उनकी विजय के लिए हरसंभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए सकारात्मक एवं रचनात्मक राजनीतिक सहयोग समय की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सहयोग पार्टी रचनात्मक राजनीति के प्रति प्रतिबद्ध है और अपने सहयोग एवं समर्थन के माध्यम से बिहार के विकास की यात्रा को और मजबूत करने का प्रयास करेगी।

# पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 के मानव संसाधन प्रभारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1, द्वारा पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय में मानव संसाधन प्रभारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपकेन्द्र के मानव संसाधन प्रभारी उपस्थित रहे तथा चार श्रम संहिताओं में हाल ही में किए गए बदलावों पर जागरूकता सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हितधारकों को नई श्रम रूपरेखा के प्रावधानों, अनुपालन आवश्यकताओं और लाभों के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सचिन कुमार उप मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय), प्रखर सिंह, सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्रीय), पटना और पी.के. पंकज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केन्द्रीय), पटना ने संबोधित किया। सभी अधिकारियों ने इन सुधारों के महत्व पर जोर दिया जो पारदर्शिता, श्रमिक कल्याण और व्यवसाय करने में सुगमता सुनिश्चित करते हैं।

# अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जीकेसी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ आयोजित करेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के सौजन्य से सदी के महानायक और कायस्थ विभूति अमिताभ बच्चन के जन्मदिन के अवसर पर 11 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश-विदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि अमिताभ बच्चन ने अपनी कला और अभिनय के माध्यम से देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उनके जन्मदिन पर आयोजित यह कार्यक्रम कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को समर्पित होगा। जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने कहा कि संगठन कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिभाओं को मंच देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर होने वाला यह आयोजन कलाकारों और कला प्रेमियों के लिए विशेष अवसर होगा। जीकेसी के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। अमिताभ बच्चन जैसे महान कलाकार के जन्मदिन पर आयोजित यह कार्यक्रम कला और संस्कृति के प्रति जीकेसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्लोबल महासचिव, कला-संस्कृति पवन सक्सेना ने कहा कि कार्यक्रम में देश और विदेश के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का संचालन पवन सक्सेना और राष्ट्रीय महासचिव, कला-संस्कृति शिवानी गौर करेंगी।

# बालकेश्वर प्रसाद मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता आज से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एमवीपी चेस क्लब एवं बिहार विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में आठवीं बालकेश्वर प्रसाद मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आज से बिहार विद्यापीठ स्थित देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सदाकत आश्रम, पटना में किया जायेगा। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का उदघाटन 12.30 बजे दिन में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव एवं मुख्य अतिथि श्याम रजक, सदस्य बिहार विधानसभा करेंगे। विशिष्ट अतिथि वाणिज्य महाविद्यालय पटना विश्वविद्यालय की प्राचार्य प्रो.सुहेली मेहता होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश करेंगे। आयोजन समिति के संयोजक प्रो.मिताली मित्रा एवं आयोजन सचिव वेद प्रकाश ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 150 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

# भाजपा किसान मोर्चा 9 अक्टूबर को निकालेगी 76 किलोमीटर की अन्नदाता सेवा संकल्प ट्रैक्टर यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत 9 अक्टूबर को 'अन्नदाता सेवा संकल्प यात्रा सह किसान संवाद' का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय, पटना में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमरन सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान यात्रा की तैयारियों, मार्ग और किसान संवाद कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। राम सुमरन सिंह ने बताया कि रोहतास जिले के दिनारा विधानसभा क्षेत्र स्थित मां भलूनी धाम से मां मुंडेश्वरी धाम तक लगभग 76 किलोमीटर की विशाल ट्रैक्टर यात्रा निकाली जाएगी। भलूनी धाम में सुबह 10 बजे से किसान संवाद कार्यक्रम शुरू होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी और दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। किसान संवाद में करीब चार हजार किसानों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा की ओर से आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना और अन्नदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करना है।

# दानापुर में 11,000 अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग सम्पन्न

## जीओसी ने निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित भर्ती प्रक्रिया की सराहना की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मेजर जनरल जितेंद्र सिंह, वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, झारखंड एवं बिहार सब एरिया ने जोनल रिक्रूटिंग ऑफिस, दानापुर में भर्ती प्रक्रिया के समापन दिवस पर भर्ती कार्यों की समीक्षा की। 22 सितंबर 2026 से प्रारम्भ हुए इस स्क्रीनिंग अभियान में लगभग 11,000 अभ्यर्थियों की जांच की गई। इनमें दानापुर के अग्निवीर अभ्यर्थियों तथा बिहार एवं झारखंड से क्लर्क और महिला प्रवेश श्रेणियों के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जीओसी ने व्यापक स्क्रीनिंग अभियान को सफलतापूर्वक और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करने के लिए भर्ती टीम की सराहना की। उन्होंने नागरिक प्रशासन के साथ प्रभावी समन्वय की भी प्रशंसा की, जिससे भर्ती प्रक्रिया का सुचारु संचालन सुनिश्चित हुआ। मेजर जनरल सिंह ने विशेष रूप से पूरी स्क्रीनिंग प्रक्रिया में निष्पक्ष कार्यप्रणाली अपनाने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए टीम की प्रशंसा की। उनकी समीक्षा ने भर्ती प्रक्रिया में इन मानकों को बनाए रखने और प्रत्येक अभ्यर्थी को निष्पक्ष अवसर प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया।

# महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने धनबाद मंडल में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर को सराहनीय कार्य के लिए किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने मुख्यालय, हाजीपुर में धनबाद मंडल के हजारीबाग रोड में कार्यरत ट्रैक मेंटेनर-।।। फेकन कुमार की ड्यूटी के दौरान उनके द्वारा बरती गयी अतिरिक्त सतर्कता, त्वरित कार्रवाई एवं संरक्षा के प्रति सजगता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। फेकन कुमार, ट्रैक मेंटेनर-।।।, धनबाद मंडल के हजारीबाग रोड में समपार संख्या-31 पर कार्यरत हैं। 01.10.2026 को 08:50 बजे एक मालगाड़ी समपार संख्या-31 से गुजर रही थी। इसी दौरान मालगाड़ी के 24वें वैगन में हॉट एक्सल के कारण धुआं निकलते हुए देखा। फेकन कुमार ने बिना समय गंवाए इसकी सूचना तत्काल स्टेशन मास्टर को दी। सूचना प्राप्त होते ही मालगाड़ी को हीरोडीह स्टेशन पर रोककर संरक्षा जांच एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही की गई। फेकन कुमार की सजगता एवं त्वरित सूचना के फलस्वरूप संरक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में समय रहते उचित कार्रवाई संभव हुई। महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने श्री फेकन कुमार के इस कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं त्वरित निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे कर्मचारियों की सजगता एवं तत्परता रेल यात्रियों तथा मालगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# रोटरी क्लब पटना में 'वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा' पर विशेष परिचर्चा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** रोटरी क्लब, पटना के तत्वावधान में प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा लिखित ऐतिहासिक पुस्तक 'वीर कुंवर सिंह की प्रेमकथा' पर एक विशेष साहित्यिक एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में पुस्तक के लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने 1857 के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवन के अनछुए पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह महज एक प्रेमकथा नहीं, बल्कि देशप्रेम और अप्रतिम त्याग की अद्वितीय गाथा है। उन्होंने रेखांकित किया कि किस तरह समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी एक नर्तकी 'धरमन बीबी' ने बाबू कुंवर सिंह के साथ मिलकर आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई और अपनी जीवनभर की संचित पूंजी को देश सेवा में समर्पित कर दिया। लेखक ने कहा कि धरमन बीबी और उनकी छोटी बहन करमन बाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बाबू कुंवर सिंह के कंधे से कंधा मिलाकर भागीदारी निभाई और इतिहास के पन्नों में सदा के लिए अमर हो गईं। गोष्ठी का कुशल संचालन रोटरी क्लब, पटना के अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर लेखक कमल किशोर वर्मा ने भी बाबू वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व, कृतित्व और 1857 के संग्राम में उनके ऐतिहासिक योगदान पर अपनी कविता प्रस्तुत किया।

# बिहार कांग्रेस मीडिया के नवनियुक्त चेयरमैन डॉ. अजय कुमार पासवान आज ग्रहण करेंगे पदभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन डॉ. अजय कुमार पासवान 7 अक्टूबर को अपराह्न 2 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में विधिवत अपना पदभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम एवं मीडिया विभाग के संयोजक असित नाथ तिवारी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं मीडिया विभाग से जुड़े प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट मौजूद रहेंगे। डॉ. अजय कुमार पासवान के पदभार ग्रहण करने से बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग को और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में नई गति मिलेगी। पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों एवं जनसरोकार के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता और मीडिया तक पहुंचाने में मीडिया विभाग की भूमिका को और मजबूत किया जाएगा।

# संपादकीय

## पर्यावरण पर ईमानदार इच्छाशक्ति को लेकर ठोस पहल हो

अल नीनो और जलवायु परिवर्तन के अन्य प्रभावों के ज्यादा स्पष्ट होकर सामने आने के बाद स्थितियां जटिल होती जा रही हैं। मौसम का चक्र बिगड़ता जा रहा है और स्वाभाविक रूप से इसका असर चौतरफा पड़ रहा है।दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ताप से उपजी समस्या ने अब मौसम को इस कदर प्रभावित करना शुरू कर दिया है कि आम जनजीवन से लेकर खेती-किसानी तथा पर्यावरण के अन्य क्षेत्रों पर भी उसके विपरीत असर दिखने शुरू हो गए हैं।हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से यह कहा गया कि अल नीनो का प्रभाव अब साफतौर पर देखा जा सकता है। आने वाले महीनों में इसके असर में और तीव्र बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। अगले वर्ष फरवरी तक इसके जारी रहने का अनुमान है।जहां तक भारत पर इसके असर का सवाल है, तो यहां पिछले महीने तक बरसात में 12.6 फीसद तक की गिरावट दर्ज की गई। अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में वर्षा पर निर्भर खेती-किसानी और फसलों पर इस स्थिति का कैसा असर पड़ रहा होगा। यह बेवजह नहीं है कि देश के कृषि मंत्रालय ने 2026-27 के खाद्यान्न लक्ष्य को कम करके 373.93 मिलियन टन निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष के अनुमानित उत्पादन के मुकाबले 2.63 मिलियन टन कम है।जाहिर है, अल नीनो और जलवायु परिवर्तन के अन्य प्रभावों के ज्यादा स्पष्ट होकर सामने आने के बाद स्थितियां जटिल होती जा रही हैं। मौसम का चक्र बिगड़ता जा रहा है और स्वाभाविक रूप से इसका असर चौतरफा पड़ रहा है।अकेले महाराष्ट्र में सरकार को राज्य के दो सौ पैंसठ तालुका को सूखा घोषित करना पड़ा है। इसकी मुख्य वजह यह भी है कि पिछले कई वर्षों में इस बार मानसून बेहद कमजोर रहा। इसी वजह से खेतों में तकरीबन तैयार फसलें सूख गई और किसानों को व्यापक नुकसान हुआ। नतीजतन, कर्नाटक के बाद अब महाराष्ट्र ने भी राज्य को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है।बीते अगस्त में बरसात में गिरावट की वजह से कर्नाटक को सूखाग्रस्त घोषित करना पड़ा था। समूचे पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले सवा सौ वर्षों में इस साल सबसे सूखा मानसून रहा है। वहीं पंजाब और बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्यों में भी बारिश में भारी कमी दर्ज की गई।एक समस्या यह भी है कि मौसम के बारे में जितने भी पूर्वानुमान सामने आते हैं, उनमें से कम ही उसके अनुरूप सही साबित होते हैं। खेती पर व्यापक असर और खाद्य-चक्र बिगड़ने से इतर भी मौसम की मार के बहुस्तरीय प्रभाव देखे जा रहे हैं।पर्यावरण संतुलन पर इसके विपरीत प्रभाव की वजह से न केवल मनुष्य के लिए कई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, बल्कि वन्यजीवों के सामने भी अपने पर्यावास क्षेत्र को बचाने की मुश्किल पेश आ रही है। पेड़-पौधों के अस्तित्व पर इसका कैसा असर पड़ रहा है, यह समझना मुश्किल नहीं है।

# स्वार्थ और कामचोरी की मानसिकता से खोखला होता देश

( डा. रवीन्द्र अरजरिया)



लोकतांत्रिक राष्ट की प्रगति, स्थिरता और वैश्विक साख उसकी प्रशासनिक व्यवस्था की ईमानदारी, कानून के निष्पक्ष शासन और नागरिकों के अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण पर टिकी होती है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहां विकास की अनंत संभावनाएं हैं वहां आज एक ऐसी अदृश्य और आत्मघाती बीमारी जड़ जमा चुकी है जो सीमाओं पर खड़े दुश्मनों से भी कहीं अधिक खतरनाक है। यह बीमारी है स्वार्थ, कामचोरी और भ्रष्टाचार की वह गहरी मानसिकता, जो आज हमारे तंत्र के भीतर दीमक की तरह काम कर रही है और राष्ट के बुनियादी ढांचे को अंदर से खोखला बना रही है। स्वतंत्रता के अमृत काल में जब हमें एक महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर होना चाहिए था तब हमारी ऊर्जा, संसाधन और समय व्यवस्था की आंतरिक विसंगतियों से लड़ने में नष्ट हो रहे हैं। आज देश का शायद ही कोई ऐसा सरकारी, अर्ध-सरकारी या सार्वजनिक विभाग बचा हो जहां आम आदमी बिना किसी मानसिक प्रताड़ना, अत्यधिक देरी या अनुचित वित्तीय समझौते के अपना जायज और वैध काम करवा सके। कार्यालयों में कुर्सियों पर बैठे अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी अपने 'लोकसेवक' होने के मूल चरित्र और संवैधानिक दायित्वों को पूरी तरह विस्मृत कर चुके हैं। केंद्रीय और राज्य सतर्कता आयोगों की वार्षिक रिपोर्टों पर दृष्टि डालें तो हर साल देश में भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं के हजारों मामले दर्ज होते हैं। यह स्थिति यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि सार्वजनिक विभागों की वर्तमान कार्यशैली पूरी तरह से जनविरोधी और संवेदनहीन हो चुकी है। इन विभागों में नियमों और कानूनों का निर्माण जनहित को सुगम बनाने के लिए किया गया था लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। आज नियमों की आड़ लेकर आम जनता को परेशान करना और उनसे 'सुविधा शुल्क' यानी रिश्वत की वसूली करना, एक सामान्य प्रशासनिक संस्कृति बन चुका है। जब एक साधारण और कानून का पालन करने वाला नागरिक किसी कार्यालय में अपने वैधानिक कार्य के लिए कदम रखता है, तो उसे सीधे तौर पर नियमों की ऐसी जटिल और अंतहीन भूलभुलैया में उलझा दिया जाता है कि वह थक-हारकर बिचौलियों की शरण में जाने और रिश्वत देने को विवश हो जाए। फाइलों को बेवजह दबाकर रखना, काउंटर से काउंटर पर दौड़ाना और कागजों में जानबूझकर तकनीकी कमियां निकालना तो आज की कार्यप्रणाली का मुख्य हिस्सा बन चुका है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब इन अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके मूल दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रश्न कियेजाते हैं या जवाबदेही तय करने का प्रयास किया जाता है तो वे तुरंत अपने अधिकारों, विशेषाधिकारों और कर्मचारी यूनियनों की दुहाई देने लगते हैं। अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और कामचोरी को छिपाने के लिए वे कामबंदी, हड़ताल या न्यायिक प्रक्रियाओं की शरण लेते हैं। कर्तव्यों को पूरी तरह नजरअंदाज कर केवल अधिकारों का यह शोर अब देश के विकास की गति को दशकों पीछे धकेल रहा है। इस प्रशासनिक सड़न और नैतिक पतन का सबसे वीभत्स और डरावना रूप हमें देश की कानून-व्यवस्था और न्याय प्रणाली में देखने को मिलता है। समाज में आज एक अत्यंत खतरनाक और निराशाजनक धारणा मजबूत होती जा रही है कि कानून का डंडा सिर्फ कमजोरों, गरीबों और लाचारों को दबाने के लिए ही चलता है। समाज के बाहुबली, धनबली, भीड़बली और उच्च राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग सरेआम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए प्रशासनिक तंत्र के मुंह पर तमाचा मारकर ठहाके लगाते हैं। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों से आई भीड़ तंत्र द्वारा की गई हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और विभिन्न माफियाओं द्वारा पुलिस व कानून लागू करने वाली एजेंसियों पर सीधे हमलों की घटनाएं इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि अपराधियों के मन से कानून का खौफ पूरी तरह समाप्त हो चुका है। ये ताकतवर तत्व हमारे कानून के लचीलेपन और न्याय प्रक्रिया में होने वाली देरी का पूरा फायदा उठाते हैं। एक तरफ जहां एक छोटी सी अनजानी गलती करने वाला गरीब व्यक्ति बिना मुकदमे के लम्बे समय तक जेलों में विचाराधीन कैदी के रूप में सड़ता रहता है वहीं दूसरी तरफ बड़े घोटालों, हत्या, और जघन्य अपराधों के रसूखदार आरोपी महंगे वकीलों की फौज खड़ी करके अदालतों से तारीख पर तारीख लेकर और कानून की तकनीकी कमियों का लाभ उठाकर अग्रिम जमानत पर बाहर घूमते हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक और शर्मनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब कानून के रक्षक ही भक्षक की भूमिका में अवतरित हो जाते हैं। अनेक जांच रिपोर्टों और अदालती टिप्पणियों में यह स्पष्ट हो चुका है कि पुलिस और जांच एजेंसियों के अनेक उच्चाधिकारी राजनैतिक आकाओं के दबाव, भारी-भरकम वित्तीय लाभ के लालच तथा अन्य कारणों से खतरनाक अपराधियों, भू-माफियाओं, ड्रग तस्करों और बड़े कॉर्पोरेट अपराधियों को बचाने की सुनियोजित प्रयास करते हैं। उन पर प्राथमिक जांच में ढिलाई बरतने, साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने, कमजोर चार्जशीट दाखिल करने और न्यायालय के समक्ष अभियोजन पक्ष के मामले को जानबूझकर इस तरह कमजोर करने के आरोप लगते रहे हैं कि अपराधी को संदेह का लाभ मिलकर वह आसानी से बरी हो सके। शक्ति, संपत्ति और सत्ता के इस भयावह और अनैतिक गठजोड़ के मध्य समाज के बलशाली और रसूखदार लोग हर बार साफ बच निकलते हैं जबकि समाज का निरीह, गरीब, शोषित और बेसहारा नागरिक न्याय के इसी जटिल शिकंजे में तड़फ-तड़फ कर दम तोड़ देता है। न्याय की यह दोहरी व्यवस्था समाज में एक गहरे असंतोष और आक्रोश को जन्म दे रही है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। इस व्यवस्था की संवेदनहीनता और स्वार्थपरता का एक और अत्यंत दुखद और काला अध्याय सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देखने को मिलता है। लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के तहत सरकारें हर साल गरीबों, वंचितों, महिलाओं और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के नाम पर बजट में अरबों-खरबों रुपये का प्रावधान करती हैं लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। आज फर्जी दस्तावेजों, नकली पहचान पत्रों और प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत के सहारे अपात्र, अमीर और बिचौलिए लोगों द्वारा उन सभी सरकारी सुविधाओं, मुफ्त राशन, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री आवास योजनाओं का अवैध रूप से लाभ उठाया जा रहा है, जो वास्तव में समाज के अत्यंत निर्धन वर्ग के लिए आरक्षित थीं। एक तरफ जहां इन अपात्रों और जालसाजों को बिना किसी कठिनाई के तंत्र की सक्रिय मिलीभगत से सब कुछ आसानी से प्राप्त हो जाता है वहीं दूसरी तरफ समाज के असली हकदार और अत्यंत पात्र लोग हैं, उन्हें अपनी पात्रता प्रमाणित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ता है। एक लाचार वृद्ध महिला को अपनी मामूली मासिक पेंशन के लिए, एक दिव्यांग को अपने चिकित्सा प्रमाण पत्र के लिए या एक पीड़ित किसान को अपनी नष्ट हुई फसल के मुआवजे के लिए महीनों तक दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं, बाबुओं की मिन्नतें करनी पड़ती हैं और कई बार तो स्वयं को जीवित या पात्र साबित करने के लिए भी अपनी जेब से रिश्वत देनी पड़ती है। यह स्थिति न केवल मानवाधिकारों का हनन है बल्कि देश के नागरिकों का अपनी ही चुनी हुई सरकार, कार्यपालिका के कथित लोकसेवकों और व्यवस्था पर से विश्वास उठाने वाली है। यह संपूर्ण भयावह स्थिति केवल कुछ व्यक्तियों या कुछ विभागों के भ्रष्ट होने का सीमित मामला नहीं है, बल्कि यह एक पूरे समाज और प्रशासनिक तंत्र की सामूहिक नैतिक गिरावट और राष्ट्रीय चेतना के शून्य होने को दर्शाती है। जब किसी राष्ट में कामचोरी को एक चालाकी भरा अधिकार और व्यक्तिगत स्वार्थ को बुद्धिमानी मानकर समाज में प्रतिष्ठा मिलने लगे तो उस देश का आंतरिक पतन निश्चित हो जाता है। हम बाहरी तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास, चमचमाती एक्सप्रेस-वे सड़कों, गगनचुंबी इमारतों और डिजिटल इंडिया की तकनीकी प्रगति की बात तो बड़े गर्व से करते हैं लेकिन जब तक इन सरकारी दफ्तरों और वातानुकूलित केबिनों में बैठने वाले कार्यपालिका के कथित लोकसेवकों की मानसिकता में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और राष्ट्रीयता का प्राथमिक भाव नहीं जागेगा तब तक देश की तरक्की और विश्व गुरु बनने का हर दावा खोखला, सतही और बेमानी साबित होगा। ऐसे में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को केवल राजनीतिक नारों तक सीमित न रखकर धरातल पर कड़ाई से लागू करना होगा। कामचोर, निकम्मे और भ्रष्ट अधिकारियों पर त्वरित, अनुकरणीय और कठोर दंडात्मक कार्रवाई करनी होगी तभी तंत्र में एक स्पष्ट संदेश जाए। इतिहास गवाह है कि आंतरिक रूप से खोखले हो चुके राष्ट्र भी महाशक्तियों की दौड़ में बहुत पीछे छूट जाते हैं। देश के अस्तित्व और स्वाभिमान को अक्षुण्ण रखने के लिए हर नागरिक और लोकसेवक को अपने अधिकारों की दुहाई देने से पहले अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों को सर्वोपरि मानना ही होगा, तभी एक सशक्त और समृद्ध भारत का स्वप्न साकार हो सकेगा।

# ज्ञान बहुत है, लेकिन सीखना कितना हुआ असली कसौटी व्यवहार में दिखती है

( एकता कानूनगो बक्षी )

आज हमारे पास ज्ञान और सूचनाओं की प्रचुरता है। बहुत-सी बातें हमें बिना मांगे ही परोस दी जाती हैं, चाहे उनकी आवश्यकता हो या नहीं। कभी कहा जाता था कि सीखने-समझने के लिए इच्छाशक्ति का होना सबसे आवश्यक है। यह बात अब किसी बीते हुए समय की प्रतीत होती है। उस समय की, जब सही ज्ञान प्राप्त करने के लिए संघर्ष, धैर्य और निरंतर परिश्रम करना पड़ता था। सीखना तब एक साधना थी। अपनी प्रतिभा और संभावनाओं को सिद्ध करना पड़ता था। स्वयं को उस स्तर तक विकसित करना होता था कि किसी योग्य शिक्षक का सान्निध्य मिल सके, अच्छी पुस्तकें उपलब्ध हो सकें। यह सब अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि माना जाता था। निरंतर प्रयत्नशील रहने पर ही ज्ञान के वे द्वार खुल पाते थे। शायद इसी कारण उस लंबी प्रक्रिया से होकर निकलने वाले लोगों के भीतर अध्ययन, श्रम, धैर्य और ठहराव स्वाभाविक रूप से विकसित हो जाते थे। इस धीमी साधना में तपे हुए लोगों में ऐसे अनेक विद्वान मिलते थे, जो केवल अपने विषय के विशेषज्ञ नहीं होते थे, बल्कि जीवन के अनेक आयामों पर भी उनकी गहरी पकड़ होती थी। आज का समय इससे बिल्कुल अलग है। इच्छाशक्ति कमजोर हो, तब भी ज्ञान और जानकारी सहज उपलब्ध है। यहां हम किसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए अर्जित ज्ञान की बात नहीं कर रहे, क्योंकि वह किसी एक विषय का विशेषज्ञ बना सकता है। हम उस ज्ञान की बात कर रहे हैं, जो जीवन का निर्माण करता है, व्यक्तित्व को आकार देता है। किसी एक विषय का बड़ा जानकार भी अगर एक बेहतर मनुष्य न बन सके, तो जीवन की वास्तविक परीक्षा में वह कहीं न कहीं अनुत्तीर्ण ही माना जाएगा। आज हमारे पास ज्ञान और सूचनाओं की प्रचुरता है। बहुत-सी बातें हमें बिना मांगे ही परोस दी जाती हैं, चाहे उनकी आवश्यकता हो या नहीं। सोशल मीडिया के इस युग में सीखने वाले के पास पहले से कहीं अधिक विकल्प हैं। अब चुनाव हमारे हाथ में है कि हम किसे सुनेंगे, क्या समझेंगे, कितना समझेंगे और उस समझ का उपयोग किस प्रकार करेंगे। जानकारियों को आत्मसात करने के लिए हमारे भीतर पहले से ही एक अद्भुत व्यवस्था मौजूद है। जैसे भोजन करते समय हम प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा सब कुछ एक साथ ग्रहण करते हैं, लेकिन हमारा शरीर उन्हें अलग-अलग प्रक्रियाओं से पचाकर अपनी आवश्यकता के अनुसार उपयोग करता है, वैसे ही हमारा मस्तिष्क भी सूचनाओं को ग्रहण करता है और अपने स्वभाव तथा प्रवृत्ति के अनुसार उनका उपयोग करने लगता है। यही कारण है कि अच्छा पढ़ लेने, अच्छा सुन लेने या बहुत कुछ सीख लेने भर से यह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि मनुष्य अच्छा ही करेगा। उससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण यह है कि वह सीख क्यों रहा है। उसका उद्देश्य उसके अध्ययन से कहीं अधिक निर्णायक हो जाता है। कोई व्यक्ति ईश्वर का नाम ले सकता है, धर्मग्रंथ पढ़ सकता है और अच्छे विचारों की चर्चा कर सकता है, लेकिन यदि उसके भीतर लोभ, ईर्ष्या, क्रोध और अहंकार कायम हैं, तो वह अपने ज्ञान का उपयोग भी उन्हीं प्रवृत्तियों के अनुरूप करेगा। ज्ञान की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब वह हमारे भीतर के स्वार्थ से आगे बढ़कर हमारे व्यवहार को बदल सके। कुछ लोग किसी विचारधारा के लेखकों या प्रभावशाली वक्ताओं को केवल इसलिए सुनने लगते हैं कि उनसे जुड़े लोगों का साथ उन्हें आकर्षित करता है। कुछ अपने सामाजिक संबंधों का विस्तार करना चाहते हैं, तो कुछ अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए विशेष प्रकार की सामग्री चुनते हैं। कुछ लोगों का उद्देश्य केवल स्वयं को विद्वान सिद्ध करना होता है। वे पढ़ते हैं, सुनते हैं, अच्छे विचारों को कंठस्थ कर लेते हैं और अवसर आने पर उन्हें प्रभावशाली ढंग से दोहरा देते हैं। इस प्रकार, बिना भीतर से स्वयं को बदले भी वे प्रशंसा और अच्छी छवि अर्जित कर लेते हैं। मगर शायद ही ऐसा कोई ज्ञान हो, जिसे जीवन में कभी परखने का अवसर न मिले। परिस्थितियां बार-बार ऐसी बनती हैं, जब व्यक्ति को अपने अर्जित ज्ञान के पक्ष में खड़ा होना पड़ता है। वहीं यह स्पष्ट होता है कि ज्ञान केवल दिखावे का हिस्सा था या वास्तव में व्यक्तित्व का हिस्सा बन चुका है। हम देखते हैं कि बहुत कम लोग अपने ज्ञान को व्यवहार में उतारने का साहस जुटा पाते हैं। अपने लिए, अपने परिवार और अपने परिचित समाज के प्रति वे विनम्र दिखाई दे सकते हैं, लेकिन उनके भीतर वास्तविक परिवर्तन नहीं आया है, तो वे व्यापक समाज के प्रति भी उसी ज्ञान का न्यायपूर्ण और संवेदनशील उपयोग नहीं कर पाते। जिन तथ्यों और संदर्भों को वे कभी बड़े आत्मविश्वास के साथ दोहराते थे, जीवन की कठिन घड़ी में वही शब्द उनका साथ नहीं दे पाते। तब उनके भीतर का खोखलापन, बनावटीपन और असंवेदनशीलता स्वयं प्रकट हो जाती है।

इसलिए सीखने की सच्ची कसौटी यह नहीं कि हमने कितना पढ़ा, कितना सुना या कितनी बातें याद रखीं।

# हाइडेगर और आरेंट -जब प्रेम के साथ चलता रहा विचार और मतभेद

**दूसरी 'बैनेलिटी ऑफ इविल' है। इसमें उन्होंने बुराई के लिए आदेश का पालन करने वाले नौकरशाहों को भी जिम्मेदार माना है। एडोल्फ हिटलर का जर्मनी में उदय हुआ। नाजीवाद ने मानवता को झकझोर दिया। यह तानाशाहों का काल था। रूस में जोसेफ स्टालिन का, तो इटली में मुसोलिनी के फासीवाद के दौर का। जापानी और अंग्रेज शासकों में क्रूरता की कमी नहीं थी। हाइडेगर और आरेंट के सामने साथ रहने या बिछड़ने का विकल्प था। हाइडेगर ने जर्मनी नहीं छोड़ा और आरेंट अमेरिका चली गईं। हाइडेगर नाजी पार्टी से जुड़े, जिसको बाद में उन्होंने अपनी सबसे बड़ी मूर्खता माना। आरेंट उन्हें 'चिंतन का राजा' मानती थीं।**

( राकेश सिन्हा)

हाइडेगर और आरेंट के सामने साथ रहने या बिछड़ने का विकल्प था। हाइडेगर ने जर्मनी नहीं छोड़ा और आरेंट अमेरिका चली गईं। हाइडेगर नाजी पार्टी से जुड़े, जिसको बाद में उन्होंने अपनी सबसे बड़ी मूर्खता माना। प्रेम के अनेक प्रसंग और रूप हैं, जिनका भरपूर उल्लेख साहित्य में मिलता है। उनकी नियति कहानियां बनकर रह जाने में है। मगर एक प्रेम कहानी विचारों की दुनिया से है, जो बौद्धिकता की बुनियाद पर टिकी है। इसके महत्त्व का ऐतिहासिक कारण है। इसने नाजीवाद को परास्त किया था। इसलिए यह मात्र प्रेम कहानी नहीं है। इसमें रचनात्मक बौद्धिकता और सामाजिकता के साथ-साथ मतांतर, मतभेद और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मानवीय संवेदनशीलता को जीवित रखने का संदेश है। विज्ञान, तकनीक तथा जानकारियों की उपलब्धता के साधनों और भौतिक सुविधाओं के सहारे उन्नति के इस युग में साहित्य और समाजशास्त्र मानव मन को संतुलित रखने, सामाजिक बने रहने तथा वैज्ञानिक खोज को मन, विवेक एवं बुद्धि के नियंत्रण में रखने की क्षमता विकसित करने में पूरी तरह निष्फल सिद्ध हो रहा है। नाजीवादी प्रतिकूलताओं के बीच मार्टिन हाइडेगर (1889-1976) और हाना आरेंट (1906-1975) का प्रेम वैचारिक दरिद्रता एवं बौद्धिक कायरता दोनों से मुक्ति पाने का संदेश देता है। हाइडेगर की बौद्धिकता से प्रभावित होकर आरेंट उम्र में सत्रह वर्षों के अंतर के बावजूद उनसे प्रेम करने लगी। दोनों में एक-दूसरे की तरह बनने की ललक तो थी, मगर उन्होंने अपने स्व को भी आबाद रखा। ऐसे प्रेम के लिए उपयुक्त शब्दों का प्रयोग करने में कवियों को भी परिश्रम करना पड़ता है। मृत्यु की चेतना से समय की अहमियत तक हाइडेगर बीसवीं शताब्दी के प्रभावशाली समाजशास्त्रियों में से एक थे। 'बीइंग एंड टाइम' (1927) उनकी महत्त्वपूर्ण रचना है, जिस पर आरेंट की छाप है। उन्होंने अस्तित्व,





तकनीक, भाषा और आधुनिक सभ्यता को देखने का तरीका बदला। उनके अनुसार, मृत्यु जीवन का केवल अंतिम क्षण नहीं है। मृत्यु की चेतना बताती है कि मनुष्य का जीवन सीमित है। इसलिए समय अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। तकनीक पर उनका विचार तब विवादित जरूर था, पर आज निर्विवादित बन गया। यह मनुष्य और प्रकृति को संसाधनों से तथा ज्ञान को उपयोगिता और समय को उत्पादकता से जोड़ता है। हाना आरेंट की सबसे प्रसिद्ध पुस्तक 'द ओरिजिन्स ऑफ टोटलिटेरियनिज्म' (अधिनायकवाद की उत्पत्ति) है। दूसरी 'बैनेलिटी ऑफ इविल' है। इसमें उन्होंने बुराई के लिए आदेश का पालन करने वाले नौकरशाहों को भी जिम्मेदार माना है। एडोल्फ हिटलर का जर्मनी में उदय हुआ। नाजीवाद ने मानवता को झकझोर दिया। यह तानाशाहों का काल था। रूस में जोसेफ स्टालिन का, तो इटली में मुसोलिनी के फासीवाद के दौर का। जापानी और अंग्रेज शासकों में क्रूरता की कमी नहीं थी। हाइडेगर और आरेंट के सामने साथ रहने या बिछड़ने का विकल्प था। हाइडेगर ने जर्मनी नहीं छोड़ा और आरेंट अमेरिका चली गईं। हाइडेगर नाजी पार्टी से जुड़े, जिसको बाद में उन्होंने अपनी सबसे बड़ी मूर्खता माना। आरेंट उन्हें 'चिंतन का राजा' मानती थीं। फिर भी 1946 में वह हाइडेगर को 'संभावित हत्यारा' कहने में नहीं हिचकीं। यह आरेंट का चिंतकों के लिए बड़ा संदेश है कि स्वर्ग के बारे में सोचते-सोचते इतना मग्न न हो जाएं कि सामने के कुएं में ही गिर जाएं। हाइडेगर सहित जर्मनी के ज्यादातर बुद्धिजीवियों का अपराध यह था कि वे वह नहीं कर पाए, जो थॉमस मान (1875-1955) या कार्ल वॉन ओस्सिएट्ज्की (1889-1938) ने किया। मान खुले रूप में नाजीवाद के खिलाफ थे, तो ओस्सिएट्ज्की पत्रकार के रूप में हिटलर के कुकृत्यों को सामने लाए। यह दिखाता है कि खौफ के बीच भी रचनात्मकता ने दम नहीं तोड़ा। एचजी वेल्स ने पेरिस में पुस्तकों को बचाने के लिए पुस्तकालय खोला। जॉर्ज ऑरवेल ने लोगों को मानसिक मजबूती देने का काम किया। नाजीवाद के अंत के बाद आरेंट और हाइडेगर का पुनर्मिलन हुआ। विचार ने इसकी मध्यस्थता की। विचार के प्रति ललक ने प्रेम और सामाजिकता दोनों को मरने नहीं दिया। जब वे 9 फरवरी 1950 को मिले, तो आरेंट का उद्गार था- 'ऐसा लगा जैसे अचानक समय ठहर गया है।' उन्होंने एक पत्र में लिखा था कि मारबर्ग छोड़ते समय अपने संबंधों को पूरी तरह समाप्त नहीं मानकर उन्होंने अक्षम्य विश्वासघात करने और अपने जीवन को बिगाड़ने से बचा लिया।

**विचार अलग हों, संवाद क्यों खत्म हो** – द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान और उसके बाद बौद्धिकता के प्रवाह ने जब नए मानव जीवन की खोज शुरू की, तो पूंजीवाद और साम्यवाद के झगड़े ने उसे खंडित कर दिया। बौद्धिकों को वैचारिक कारखानों का उत्पाद मात्र बना दिया गया। स्वतंत्र मन और स्वायत्त विचार दुर्लभतम चीजें बन गईं। इसका परिणाम कटुतापूर्ण ध्रुवीकरण के रूप में सामने आया। विचारों का अंतर संवाद, सामाजिकता और गुणग्राहकता का अंत नहीं होना चाहिए। हाइडेगर और आरेंट ने इसका उदाहरण बनकर दिखाया। आरेंट ने हाइडेगर को वैचारिक अपराध के कारण और हाइडेगर ने आरेंट को उस अपराध के विरोध में खड़ा होने के कारण एक-दूसरे के प्रति कटुता को अंकुरित नहीं होने दिया। वे विचारों का सृजन या संशोधन करते रहे। इन दोनों की बातचीत और प्रेम पत्रों में मानवता के प्रश्नों को सुलझाने के लिए विचारों की तलाश होती थी। जब वे मिले थे, तब आरेंट 19 वर्ष की तथा हाइडेगर 36 वर्ष के थे और पुनर्मिलन सत्रह वर्षों के बाद हुआ, मगर चिंतन की दुनिया को इस उथल-पुथल से क्षति नहीं हुई। हाइडेगर इस बात की चिंता जताते थे कि आधुनिक सभ्यता को खतरा 'चिंतन विहीनता' से है। ऐसा नहीं है कि लोग सोच नहीं सकते, बल्कि वे सोचने से भागने लगे हैं।

# प्रोजेक्ट समर्थ के तहत विशेष शिविर आयोजित

**□ आदिम जनजाति व अनुसूचित जनजाति परिवारों को मिला योजनाओं का लाभ □पोषण प्रदर्शनी का निरीक्षण, गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई □ बिरहोर टोलों में पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह तथा अनुसूचित जनजाति परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान और उनके जीवन स्तर में सुधार के उद्देश्य से मंगलवार को प्रोजेक्ट समर्थ के तहत दोहाकातू पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित इस शिविर के साथ ही रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातू पंचायत तथा मांडू प्रखंड के संबंधित पंचायतों में प्रखंड स्तरीय शिविरों की शुरूआत हुई। प्रोजेक्ट समर्थ के तहत जिले के चयनित 34 गांवों में प्रशासनिक टीमों द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण के दौरान परिवारों की आवास, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन और आजीविका से जुड़ी समस्याओं को चिन्हित किया गया है। इसी के आधार पर पात्र परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। शिविर का उद्घाटन उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार, रामगढ़ विधायक ममता देवी, उपायुक्त ऋतुराज, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों का बुके और शॉल देकर स्वागत किया गया। शिविर के दौरान पात्र लाभुकों के बीच रोजगार कार्ड, दिव्यांगजनों के लिए ट्राइसाइकिल तथा विभिन्न विकास योजनाओं से जुड़ी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। आयुक्त विजय कुमार ने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को चिन्हित कर एक ही स्थान से विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन की यह पहल अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

विधायक ममता देवी ने प्रोजेक्ट समर्थ को ऐतिहासिक और सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित परिवारों को इस अभियान के माध्यम से सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि प्रोजेक्ट समर्थ केवल एक योजना नहीं, बल्कि जिले के अंतिम पायदान पर खड़े आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों के जीवन में स्थायी और सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प है। घर-घर सर्वेक्षण के माध्यम से परिवारों की वास्तविक समस्याओं को चिन्हित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के बाद अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्थलों का निरीक्षण किया। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए लगाई गई पौष्टिक आहार प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान आयुक्त, विधायक एवं उपायुक्त की मौजूदगी में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी कराई गई। उपायुक्त ने विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी स्थलों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विशेष शिविर के बाद प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की टीम ने आदिम जनजाति बिरहोर बहुल टोलों का पैदल भ्रमण किया। अधिकारियों ने बिरहोर परिवारों से सीधे मुलाकात कर उनके रहन-सहन, खान-पान, स्वास्थ्य, आजीविका और पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट समर्थ के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों तक सीमित न रहकर वास्तविक रूप से जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। शिविर में जिला कल्याण पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आदिम जनजाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के लाभुक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने की विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक

**खूंटी।** सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में कृषि एवं संबद्ध विभागों तथा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, आपसी समन्वय एवं किसानों को दिए जाने वाले सभी सरकारी लाभों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, आत्मा, भूमि संरक्षण समेत अन्य द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं एवं सरकारी लाभ से किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए।वहीं किसानों को प्रेरित कर सेमियालता, जरबेरा समेत अन्य की खेती, फिश केज, तालाब बन्दोबस्ती, फूल समेत विभिन्न प्रोसेसिंग यूनिट एवं अन्य के लिए प्रस्ताव तैयार करने, किसानों को खेती एवं प्रोसेसिंग यूनिट संचालन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिससे जिले के किसानों को आर्थिक लाभ एवं आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके। बैठक के दौरान कृषि, आत्मा, भूमि संरक्षण, सहकारिता, मत्स्य, गव्य विकास, पशुपालन एवं जेएसएलपीएस विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

# मॉडल यूथ ग्रामसभा में छात्राओं ने उठाए शिक्षा और बाल विवाह के मुद्दे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़िया।** पीएमश्री उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय, पाकुड़िया में मॉडल यूथ ग्रामसभा का अंतिम प्रदर्शन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भूमिका-अभिनय के जरिए ग्रामसभा की कार्यप्रणाली, जनप्रतिनिधियों की भूमिका, स्थानीय समस्याओं पर चर्चा और सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

नाटक के दौरान छात्राओं ने शिक्षा, विद्यालय में नियमित उपस्थिति, पढ़ाई छोड़ने की समस्या, बाल विवाह समेत अन्य सामाजिक मुद्दों को ग्रामसभा के समक्ष उठाया। छात्राओं ने इन समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा करते हुए लोकतांत्रिक सहभागिता और स्थानीय स्वशासन की समझ का प्रदर्शन किया। आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद के साथ छात्राओं ने अपनी भूमिकाओं का निर्वहन किया।कार्यक्रम में अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों की मौजूदगी ने आयोजन को अधिक सहभागी बनाया। अंत में छात्राओं ने शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा गांव और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। कार्यक्रम में बीपीओ बिरनाल सोरेन, बीआरपी, पाकुड़िया पंचायत की मुखिया अनिता सोरेन, हृदयानंद भगत, पिरामल फाउंडेशन की मीना ठाकुर, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और समुदाय के सदस्य मौजूद रहे।

## दुर्गा पूजा में तैनात होंगे छह हजार से अधिक जवान

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर झारखंड पुलिस ने राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए छह हजार से अधिक पुलिस जवान और करीब पांच हजार होमगार्ड की तैनाती की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को जवानों की छुट्टियां रद्द करने का निर्देश दिया है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता नरेंद्र सिंह ने बताया कि अतिरिक्त केंद्रीय बल उपलब्ध कराने के लिए गृह मंत्रालय से छह कंपनी सीआरपीएफ समेत कुल आठ कंपनी केंद्रीय बल की मांग की गई है। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की भी तैयारी है। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग, बोकारो और पलामू समेत प्रमुख शहरों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। वीआईपी मूवमेंट वाले क्षेत्रों में एक हजार से अधिक विशेष शाखा के अधिकारी सादे लिबास में तैनात रहेंगे। प्रमुख पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी। सभी जिलों में लाइसेंसी और गैर-लाइसेंसी पूजा पंडालों की सूची तैयार कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी।

# आनंद पसारी फिर बने झारखंड वाणिज्य कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड वाणिज्य कर अधिवक्ता संघ की वार्षिक आमसभा होटल रिट्रीट कॉन्टिनेंटल में हुई। आमसभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आनंद पसारी ने की। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए नई कमेटी का चुनाव कराया गया। चुनाव अधिकारी हरिलाल पटेल और विजय कुमार वर्मा की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई।

आनंद पसारी को लगातार दूसरी बार संघ का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। उनके पुनर्निर्वाचन पर सदस्यों ने खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। नई कमेटी में ज्योति पोद्दार को उपाध्यक्ष, अजय कुमार को मानद सचिव, चेतन पटेल को सह सचिव और शरद दरगड़ को कोषाध्यक्ष चुना गया।

वार्षिक आमसभा में सचिव अजय कुमार ने वर्ष 2025-26 के कार्यों और संघ की गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष शरद दरगड़ ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया।

कार्यक्रम में शैक्षणिक एवं सूचनात्मक गतिविधियों में योगदान के लिए प्रमोद रंजन और नितेश कुमार को सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने आमसभा में हिस्सा लिया। पूर्व अध्यक्षों ने नई कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संघ के हित में मिलकर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

# आजसू ने किया संगठन का विस्तार

**पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर, युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लिया संकल्प**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटकमदाग हजारीबाग । आजसू पार्टी कटकमदाग प्रखंड कमिटी का विस्तार मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026 को पसई शिव मंदिर के समीप आयोजित बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुनिल कुमार पाण्डेय ने की, जबकि संचालन युवा प्रकोष्ठ प्रभारी विशाल प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह सदर विधानसभा प्रभारी सिद्धार्थ शंकर राय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो और केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय वर्मा उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया। विकास कुशवाहा को प्रखंड संयोजक बनाया गया। वहीं आशीष बाबू, श्रवण कुशवाहा और मो. अनवर हुसैन को प्रखंड सचिव की जिम्मेदारी दी गई। बबलू पाण्डेय, जागेश्वर महतो एवं अवधेश प्रसाद को प्रखंड उपाध्यक्ष बनाया गया। आशीष ओझा को प्रखंड प्रवक्ता तथा अजय पाण्डेय को प्रखंड कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

पंचायत स्तर पर भी संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई। अडरा पंचायत प्रभारी के रूप में नवीन यादव, सालगांव पंचायत प्रभारी रितेश कुमार, पसई पंचायत प्रभारी विजय कुशवाहा, नवादा पंचायत प्रभारी चंदन यादव, मसरातु पंचायत प्रभारी जीतू कुमार एवं प्रदीप यादव को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ शंकर राय ने कहा कि पार्टी को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से कटकमदाग प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया है। संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ अधिक से अधिक युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं को पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के माध्यम से क्षेत्र की जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय वर्मा ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और सक्रियता पर जोर दिया।



नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए संगठन को मजबूत बनाने, पंचायत एवं बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय करने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जातीय जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**□ युवा नेता अरुण साहू को पुलिस ने किया डिटेन □आंदोलन जारी रखने का ऐलान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची/बरही हजारीबाग।** ओबीसी आरक्षण को शून्य किए जाने तथा केंद्र सरकार द्वारा कराई जा रही जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का कॉलम शामिल नहीं किए जाने के विरोध में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति द्वारा आहूत बंद के दौरान कांग्रेस नेता एवं बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू को पुलिस ने डिटेन कर लिया। श्री साहू के अनुसार वे आंदोलनकारी साथियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन में शामिल थे। इसी दौरान अरगोड़ा थाना पुलिस ने उन्हें अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ डिटेन कर लिया। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के अधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि ओबीसी समुदाय से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। आरक्षण और जनगणना में ओबीसी की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आंदोलन आगे भी जारी रखा जाएगा।

पुलिस द्वारा डिटेन किए जाने की सूचना मिलने के बाद उनके समर्थकों और कार्यकताओं ने भी आंदोलन के प्रति अपना समर्थन जताया। हालांकि, पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की जानकारी दी गई है। श्री साहू ने कहा कि पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और उनकी वास्तविक जनसंख्या के आंकड़ों को सामने लाने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा।

**दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता अरविंद यादव के हौसले को मिली रफ्तार**

# सांसद ने भेंट की इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटकमसांडी/हजारीबाग।** हौसले के आगे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों.. इंसान अपने जज्बे से राह बना ही लेता है। कटकमसांडी प्रखंड के पश्चिमी मंडल के भाजपा महामंत्री अरविंद यादव ऐसे ही जज्बे और संघर्ष की जीवंत मिसाल हैं। दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद अरविंद यादव बैशाखी के सहारे ही संगठन के कार्यों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लगातार सक्रिय रहते हैं और भाजपा संगठन के अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हैं ।

भाजपा कार्यकर्ता अरविंद यादव की इसी कर्मठता और सेवा-भाव को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल प्रदान की। सांसद मनीष जायसवाल का यह पहल उनके अंदर के आत्मीय संवेदना और एक दिव्यांग कार्यकर्ता के प्रति उनकी मनोभावना को बखूबी चरितार्थ करती है ।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि बीजेपी कार्यकर्ता के साथ ही समाज में अपनी सक्रिय और महत्ती भूमिका निभाने वाले अरविंद यादव के संघर्ष, आत्मविश्वास और संगठन के प्रति उनके समर्पण के सम्मान का यह सौगात प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मैंने खुद यह एहसास किया कि इन्हें इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल की जरूरत है जिससे इनके आवागमन और सामाजिक कार्य में ये इनका सहारा बनकर सहयोग प्रदान करेगा



और उनकी थकान कम होकर उन्हें राहत मिलेगी। निश्चित रूप से उन्हें यह सौगात देकर मुझे आत्मीय सुकून मिल रही है ।

बीजेपी कार्यकर्ता अरविंद यादव के लिए रोजमर्रा की राह आसान नहीं है लेकिन उनकी इच्छाशक्ति ने कभी उन्हें रुकने नहीं दिया। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद संगठन और अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारियों के निर्वहन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता समाज के अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है। उनके इसी जज्बे को सम्मान देते हुए सांसद मनीष जायसवाल की ओर से इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल उपलब्ध कराना उनके जीवन की राह को कुछ और सुगम बनाने का सकारात्मक प्रयास है।

दिव्यांग बीजेपी कार्यकर्ता अरविंद यादव कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटकमसांडी अवस्थित ग्राम उलांज निवासी हैं और वर्षों से भाजपा संगठन से जुड़े हैं।

# दुगार्पूजा, दीपावली और छठ को लेकर पाकुड़ में बनेगा ट्रैफिक प्लान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** आगामी दुगार्पूजा, दीपावली और छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को वरीय पदाधिकारियों ने पाकुड़ नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर भीड़ और यातायात नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मोजाहिद अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव, नगर थाना और मुफस्सिल थाना प्रभारी सहित यातायात प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने वाहनों के परिचालन, पार्किंग, सड़क मार्ग में बदलाव, प्रवेश और निकासी मार्ग तथा यातायात नियंत्रण को लेकर चर्चा की। टोटो और ऑटो के निर्धारित पड़ाव के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल भी चिह्नित किए जाएंगे।

मुफस्सिल थाना, मालपहाड़ी और पाकुड़ शहर की ओर से आने-जाने वाले वाहनों के निर्धारित मार्ग और पड़ाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। पर्व शुरू होने से पहले विस्तृत यातायात योजना और सड़क मार्ग का नक्शा तैयार कर लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि निर्धारित मार्ग, पार्किंग और यातायात बदलाव की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ तैयारियां समय पर पूरी करने और यातायात योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। प्रशासन ने लोगों से निर्धारित मार्ग, पार्किंग स्थल और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# पर्यावरण साइकिल जागरूकता रैली का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में आज 6 अक्टूबर को पर्यावरण साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस साइकिल यात्रा को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, प्रोफेसर (डॉ.) चंद्र भूषण शर्मा एवं जिला वन अधिकारी(पश्चिमी) मौन प्रकाश ने संयुक्त रूप से कनहरी परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता साइकिल रैली को रवाना किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साइकिल चलाने से न केवल प्रदूषण घटता है, बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने आम जनों से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण और साइकिल जैसे पर्यावरण अनुकूल साधनों के उपयोग का आग्रह किया।

रैली में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा, सामाजिक संगठन तथा वन विभाग के कर्मी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने स्वच्छ हवा, हरित धरा, साइकिल चलाओ, प्रदूषण भगाओ जैसे नारे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी, पर्यावरण समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जाम और ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर सांसद को सौंपा मांग पत्र

**बरही हजारीबाग।** स्थानीय जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भड़के प्रबुद्धजनों के प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने यातायात व्यवस्था में सुधार और रेल सुविधा विस्तार से जुड़े दो प्रमुख मुद्दों को सांसद के समक्ष रखा। बरही विधानसभा सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने बरही चौक और मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों के आवागमन के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे परेशानी के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने देवचंदा मोड़ से रसोइया धमना टोल प्लाजा तथा चार माइल से करियातपुर तक वैकल्पिक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग रखी। इससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होने के साथ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कॉलेज को बेहतर सड़क संपर्क मिलने की बात कही गई। दूसरी मांग बरही रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की रखी। बताया गया कि इससे क्षेत्र के यात्रियों, छात्रों और कामगारों को मुंबई आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# ट्विंकल और काश्वी ने बैडमिंटन में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गिरिडीह का नाम रोशन किया है। 2 से 4 अक्टूबर तक मोहन आहूजा इंडोर स्टेडियम, जमशेदपुर में आयोजित योनेक्स सनराइज झारखण्ड स्टेट मिनी (यू-11) एवं सब-जूनियर (यू-13) बैडमिंटन चैंपियनशिप कम सिलेक्शन ट्रायल 2026 में गिरिडीह की खिलाड़ियों ने कई उपलब्धियां हासिल कीं।बालिका क्रीड़ा किसलय केंद्र, गिरिडीह की ट्विंकल कुमारी ने अंडर-11 बालिका एकल वर्ग में उपविजेता का खिताब हासिल किया। वहीं ट्विंकल कुमारी और स्नेहा प्रिया की जोड़ी ने अंडर-11 बालिका युगल में भी उपविजेता बनकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर ट्विंकल कुमारी का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। उनकी सफलता में प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण की अहम भूमिका रही। इधर, डे बोर्डिंग बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र, गिरिडीह की काश्वी कृष्णा ने अंडर-13 बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल स्पर्धा में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका युगल वर्ग में विजेता का खिताब अपने नाम किया। काश्वी कृष्णा का भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। उनकी सफलता में प्रशिक्षक मुकेश कुमार के निरंतर प्रयास, तकनीकी प्रशिक्षण और कुशल मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दोनों खिलाड़ियों की सफलता से जिले के खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। जिला खेल पदाधिकारी ने ट्विंकल कुमारी, काश्वी कृष्णा सहित उनके प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नमो सेवा की अनकही कहानियों का मंचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** नमो सेवा संकल्प अभियान के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पाकुड़ में ह्यनमो सेवा की अनकही कहानियांह्न विषय पर विद्यार्थियों ने नाट्य मंचन किया। बाल कलाकारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा, संघर्ष, समर्पण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े पहलुओं को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया।



नाट्य मंचन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत मिशन समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने इन योजनाओं के उद्देश्य और आम लोगों को मिलने वाले लाभों को नाटक के माध्यम से समझाने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य हेमा कुमारी, जिला संयोजक विवेकानंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुग्राहित प्रसाद साह, जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, भाजपा नेत्री प्राची चौधरी, निधि गुप्ता, अविनाश पंडित समेत आचार्यगण मौजूद रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुति की अभिभावकों ने सराहना की।

कार्यक्रम संयोजक विवेकानंद तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों ने सेवा, शासन, विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं को नाटक के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी बाल कलाकारों और विद्यालय परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और सेवा भावना का संदेश दिया गया।

## बीबीए में नीलू ने लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गिरिडीह की बीबीए छठे सेमेस्टर की छात्रा नीलू कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में 400 अंक हासिल किए हैं। उन्होंने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि संस्थान का नाम भी गौरवान्वित किया है। मई 2026 में आयोजित बीबीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा के जारी प्रोविजनल मार्कशीट के अनुसार नीलू कुमारी ने प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में 70, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट में 79, सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट में 77 तथा फाइनेंशियल प्लानिंग एंड परफॉर्मेंस में 79 अंक हासिल किए। वहीं, कंप्लीट कॉम्प्रिहेंसिव वाइवा में उन्होंने 100 में 95 अंक प्राप्त किए। उनका एसजीपीए 8.20 और सीजीपीए 8.49 रहा। नीलू की सफलता पर सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक विजय सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता संस्थान के लिए गौरव की बात है।

# पर्वों में जाम से निपटने की तैयारी तेज

**महापौर ने दिए विशेष इंतजाम के निर्देश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दुगार्पूजा, दीपावली एवं छठ महापर्व को देखते हुए गिरिडीह शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसको लेकर गिरिडीह नगर निगम की महापौर प्रमिला मेहरा की अध्यक्षता में नगर निगम, यातायात पुलिस, थाना पदाधिकारियों एवं विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की बैठक हुई। बैठक में पर्व के दौरान बढ़ने वाली भीड़, जाम की समस्या, पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्जन तथा पूजा पंडालों और छठ घाटों के आसपास यातायात नियंत्रण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर प्रमिला मेहरा ने कहा कि दुगार्पूजा, दीपावली और छठ गिरिडीहवासियों के लिए महत्वपूर्ण पर्व हैं। इन अवसरों पर शहर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने भीड़भाड़ वाले प्रमुख मार्गों, पूजा पंडालों, बाजार क्षेत्रों, चौक-चौराहों और छठ घाटों के आसपास विशेष यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में आवश्यकता के अनुसार ट्रैफिक डायवर्जन, अस्थायी पार्किंग तथा वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने की कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार किया गया। महापौर ने कहा कि शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से पर्व संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उप महापौर सुमित कुमार ने कहा कि जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम, पुलिस प्रशासन, यातायात पुलिस और स्टेकहोल्डर्स के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

संक्षिप्त समाचार

## अमेरिका के सैन होजे के लोगों के पास है सबसे ज्यादा पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप जानते हैं कि दुनिया के किस शहर के लोगों के पास सबसे ज्यादा पैसा है इसका जबाव है अमेरिका का सैन




होजे। इस शहर की जीडीपी पर पर्सन 238,700 डॉलर है। भारतीय रुपये में देखें तो यह रकम 2,29,98,458 रुपये बैठती है। जीडीपी पर पर्सन के मामले में दुनिया के टॉप 40 में 27 शहर अमेरिका के हैं। इस लिस्ट में स्विट्जरलैंड के 5 शहर शामिल हैं। लेकिन भारत, चीन और जापान के किसी भी शहर को जगह नहीं मिली है। सैन जोस शहर अमेरिकी प्रांत कैलिफोर्निया का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। यह सिलिकॉन वैली का सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र है। दिग्गज टेक कंपनियों का मुख्यालय है। इस लिस्ट में अमेरिका का है सैन फ्रांसिस्को दूसरे नंबर पर है। मुताबिक इस शहर की जीडीपी पर पर्सन 181,900 डॉलर है। आयरलैंड की राजधानी डबलिन इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। इस शहर की जीडीपी पर पर्सन 159,700 डॉलर है। उसके बाद स्विस शहर बेसल 156,300 डॉलर के साथ चौथे नंबर पर है। अमेरिका का सिएटल (152,000 डॉलर) पांचवें, लक्जमबर्ग सिटी (147,400 डॉलर) छठे, जेनेवा (144,400 डॉलर) सातवें, बोस्टन (135,300 डॉलर) आठवें, जूरिख (131,500 डॉलर) नौवें और न्यूयॉर्क (129,300 डॉलर) दसवें नंबर पर है। टॉप 40 की लिस्ट में अमेरिका का साल्ट लेक सिटी, डरहम, वॉशिंगटन, ब्रिजपोर्ट, हार्टफर्ड, डेनवर, लॉस एंजिलिस, ऑस्टिन, नेशविले, सैन डिएगो, शिकागो, बाल्टीमोर, ह्यूस्टन, और अटलांटा जैसे शहर शामिल हैं।

## पड़ोसी देश में दूसरे पावर प्रोजेक्ट के लिए अडानी ग्रुप ने किए साइन, 5,000 मेगावाट है टारगेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप को भूटान में एक और प्रोजेक्ट मिला है। अडानी पावर ने भूटान में 770 मेगावाट के हाइड्रोलिक प्रोजेक्ट के लिए वहां की सरकारी कंपनी के साथ एक एग्रीमेंट किया है। इसमें अडानी पावर की 49 फीसदी हिस्सेदारी होगी जबकि 51 फीसदी हिस्सेदारी स्थानीय कंपनी के पास होगी। अडानी ग्रुप और भूटान सरकार ने 5,000 मेगावाट हाइड्रोपावर के विकास के लिए स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप की है। यह प्रोजेक्ट इसी पार्टनरशिप का हिस्सा है। दोनों पार्टनर्स के बीच दूसरा बड़ा हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट है। इससे पहले सितंबर 2025 में 570 मेगावाट के वांगचू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए दोनों कंपनियों के बीच समझौता हुआ था। अडानी ग्रुप और मई 2025 में 5,000 मेगावाट हाइड्रोपावर डेवलपमेंट के पर साइन किए थे। प्रोजेक्ट मध्य भूटान के जेमगांग जिले में चामकारचू नदी पर स्थित है। यह नदी भूटान की एक प्रमुख और महत्वपूर्ण नदी है। यह मुख्य रूप से भूटान के मध्य-उत्तरी भाग में स्थित बुमथांग घाटी से होकर बहती है। इस प्रोजेक्ट को बिल्ड, ओन, ऑपरेट एंड ट्रांसफर' मॉडल पर लागू किया जाएगा। इसका निर्माण कार्य 2027 की पहली छमाही में शुरू होने और ग्राउंडब्रेकिंग के छह साल बाद कमीशनिंग का लक्ष्य है। साइनिंग सेरेमनी में भूटान के प्रधानमंत्री भी शामिल हुए। इस मौके पर अडानी पावर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल सरदाना ने कहा, 'साउथ एशिया में एनर्जी ट्रांजिशन को तेजी देने में हाइड्रोपावर अहम भूमिका निभाएगा। यह प्रोजेक्ट एनर्जी सिक्योरिटी बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और सस्टेनेबिलिटी के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान देगा।' उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से सर्दियों में भूटान की बिजली की पीक डिमांड को पूरा करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# मेलोनी ले रही हैं आवाज का ट्रेडमार्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री हैं जॉर्जिया मेलोनी। उनकी उम्र करीब 49 साल की है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मतलब कि एआई की सहायता से बनाए गए डीपफेक को खतरे को भांप लिया है। तभी तो उन्होंने यूरोपीय यूनियन इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी ऑफिस में अपने आवाज का ट्रेडमार्क कराने के लिए आवेदन दिया है। आपको पता है कि इस ऑफिस में यदि उनकी आवाज का ट्रेडमार्क मिल जाता है तो उन्हें क्या फायदा होगा आपको हम बता रहे हैं इसके फायदे।




### आवेदन कर दिया गया है

न्यूज एजेंसी रायटर ने सोमवार को यह खबर दी कि 5 अक्टूबर 2026 को उन्होंने में यह आवेदन दिया है। इस आवेदन के साथ ही मेलोनी ने अपना चार सेकेंड की ऑडियो क्लिपिंग भी दी है। इसमें बोलती हैं इसे वह रिकॉर्डिंग में दो बार दोहराती हैं ताकि बेहतर तरीके से उनकी आवाज का नमूना कैप्चर हो सके। उनके आवेदन पर अभी ने कोई फैसला नहीं किया है।

### क्या होगा फायदा

यहां ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन के कई फायदे हैं। इसकी वेबसाइट पर बताया गया है कि पहला फायदा है कि एक बार इस कार्यालय में रजिस्ट्रेशन हो जाने से पूरे यूरोप में रजिस्टर्ड ब्रांड या आवाज को प्रोटेक्शन मिल जाता है। हालांकि यह प्रोटेक्शन सिर्फ 10 साल की अवधि के लिए मिलता है। यह अवधि बीत जाने के बाद इसे फिर से रिन्यू कराने की आवश्यकता पड़ती है। इसके साथ ही जिसके लिए ट्रेडमार्क लिया गया है, उस पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले का अधिकार सुरक्षित हो जाता है। उदाहरण के लिए यदि मेलोनी ने अपनी आवाज का ट्रेडमार्क ले लिया तो फिर उस पर उनका एक्सक्लूसिव राइट झे जाएगा। उसका उपयोग कोई दूसरा नहीं किर पाएगा। इससे भी संरक्षण मिलेगा। उन्होंने अक्टूबर 2022 में इटली की प्रधानमंत्री का पद संभाला था।

### डीपफेक की हो चुकी हैं शिकार

हाल के वर्षों के दौरान जॉर्जिया मेलोनी कई बार डीपफेक की शिकार हो चुकी हैं। उनके फोटो में छेड़छाड़ कर प्रसारित किया गया था। एक फोटो में तो उन्हें एक बेड पर अंडरवियर में बैठे हुए दिखाया गया था। इस पर बड़ा विवाद हुआ था। उल्लेखनीय है कि साल 2021 में इतावली भाषा में उनकी आत्मकथा आई थी। उसका टाइटल था। इसलिए अब ने अपनी आवाज पर ट्रेडमार्क लेने का फैसला किया है। ताकि से होने वाली क्लोनिंग से उनकी आवाज की सुरक्षा हो सके।

### एआई से डीपफेक बनाना आसान

अब जबकि एआई की पहुंच आम हो गई है, इससे डीपफेक बनाना आसान हो गया है। बताया जाता है कि किसी भी व्यक्ति की तीन सेकंड की असली आवाज से करीब 30 यूरो खर्च कर ऐसा बन जाता है जिसे 70 प्रतिशत मामलों में लोग असली समझ बैठते हैं। इस बात को हृ ने भी स्वीकार किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीते साल भर में ही आवाज की क्लोनिंग के अपराध तेजी से बढ़े हैं। भारत में देखें तो साल 2024 के लोकसभा चुनावों में व्यापक रूप से फैले थे। तब स्थिति इतनी जटिल हो गई थी कि चुनाव आयोग को अप्रैल 2024 में खिलाफ एडवायजरी जारी कनी पड़ी थी। जॉर्जिया मेलोनी इस समय इटली की प्रधानमंत्री हैं।

## हरे निशान पर शेयर बाजार बंद, सेंसेक्स 685 अंक उछला, निफ्टी 220 अंक मजबूत



**मुंबई, एजेंसी।** मंगलवार को सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 685.34 अंक चढ़कर 73,067.81 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 220.35 अंक की बढ़त के साथ 22,776.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से ट्रेंट का शेयर 11 प्रतिशत से अधिक चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंटरग्लोब एविएशन के शेयर भी बढ़त में रहे। वहीं टेक महिंद्रा, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इन्फोसिस के शेयर में गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में कारोबार कर रहे हैं। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 0.16 प्रतिशत बढ़कर 100.5 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## एक्सिस, आईसीआईसीआई बैंक दे रहा सबसे सस्ता होम लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर कोई चाहता है कि उसका अपना मकान हो और वह अपनों के साथ उस घर में रहे। जो लोग किराया देकर किसी फ्लैट में रह रहे हैं, वे भी चाहते हैं कि उनका खुद का फ्लैट हो। इसके लिए लोग काफी पहले से प्लानिंग करते हैं और पैसों की




बचत शुरू कर देते हैं। लेकिन, समय के साथ बढ़ती प्रॉपर्टी की कीमत कई लोगों को आर्थिक रूप से चुनौती देती है। इसको ध्यान में रखते हुए मकान खरीदारों को देश के कई बैंक होम लोन की सुविधा प्रदान करते हैं। इस बीच हम यहां दो बैंकों की बात कर रहे हैं, जो अपने ग्राहकों को 50 लाख रुपये (उदाहरण के लिए) का होम लोन दे रहे हैं। हम कैलकुलेटर से हिसाब करके जानेंगे कि इन दोनों बैंकों में से सबसे सस्ता 50 लाख रुपये का होम लोन कौन दे रहा है। शुरुआत हम इनकी ब्याज दरों से करेंगे।

### एक्सिस बैंक होम लोन ब्याज दर कितनी है

एक्सिस बैंक की बात करें तो यह अपने पात्र ग्राहकों को होम लोन की सुविधा देता है। अगर आप नौकरीपेशा वाले हैं तो यह बैंक आपको 8.00 फीसदी की शुरुआती ब्याज दर से होम लोन की सुविधा देता है। एक्सिस बैंक होम लोन की ब्याज दर सालाना 8.00 प्रतिशत से 9.10 प्रतिशत के बीच होती है। यह आपके क्रेडिट स्कोर और पात्रता पर निर्भर करता है कि आपको कितना सस्ता या कितना महंगा होम लोन मिलता है। यह ब्याज दर 5.25 प्रतिशत की रेपो रेट पर आधारित है।

### आईसीआईसीआई बैंक होम लोन ब्याज दर कितनी है

अब बात आईसीआईसीआई बैंक के होम लोन और इसकी सालाना ब्याज दर की। यह बैंक नौकरीपेशा वाले लोगों को 8.50 फीसदी की शुरुआती ब्याज दर से होम लोन को ऑफर करता है। वहीं, इस बैंक के होम लोन की ब्याज दर सालाना 8.50 प्रतिशत से 9.65 प्रतिशत के बीच है। यह ब्याज दर 5.25 प्रतिशत की रेपो रेट पर आधारित है। एक्सिस बैंक नौकरीपेशा वाले लोगों को कम से कम कितना से होम लोन ब्याज दर शुरू करता है एक्सिस बैंक नौकरीपेशा वाले लोगों को कम से कम 8 प्रतिशत सालाना ब्याज दर से होम लोन शुरू करता है। बैंक होम लोन की ब्याज दर कितनी है बैंक होम लोन की ब्याज दर 8.50 प्रतिशत से 9.65 प्रतिशत सालाना है। होम लोन लेने के लिए कम से कम कितना क्रेडिट स्कोर अच्छा माना जाता है होम लोन लेने के लिए कम से कम 750 का क्रेडिट स्कोर अच्छा माना जाता है।

## एयरलाइंस इंडस्ट्री में अब डर भीतर से! एयरपोर्ट के अंदरूनी खतरों से निपटने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हवाई जहाज से सफर करने वाले हर यात्री को सुरक्षा जांच के लिए मेटल डिटेक्टर से होकर गुजरना पड़ता है। लेकिन, एयरपोर्ट के सुरक्षित हिस्से में काम करने वाले हजारों कर्मचारियों की जांच उतनी आसान नहीं होती। इनमें बैगेज हैंडलर, केटरर, इंजीनियर, सफाईकर्मी, स्क्रीनर, कस्टम अधिकारी और पायलट तक शामिल हैं। इनमें ज्यादातर ईमानदार होते हैं। फिर भी पिछले दशक में एविएशन की कई गंभीर घटनाओं में अंदर के कर्मचारियों की भूमिका सामने आई है।

2015 में शर्म अल-शेख एयरपोर्ट पर अंदरूनी मदद से विमान में बम पहुंचाया गया, जिससे सभी 224 लोगों की मौत हो गई। उसी साल एयरबस जर्मनविंग्स 9525 के को-पायलट ने अपनी मानसिक बीमारी छिपाकर विमान को आल्प्स पर्वत में गिरा दिया, जिसमें 150 लोग मारे गए। 2016 में मोगादिशू में एक सुरक्षा अधिकारी ने ही एक यात्री को लैपटॉप बम पहुंचाया। जनवरी 2024 से मई 2025 के बीच कई देशों में ड्रग्स, सोने की तस्करी, रिश्वत और एयरपोर्ट कर्मचारियों के संदिग्ध आतंकी संबंधों के मामले दर्ज किए गए।

2019 में इंटरनैशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन ने नियमों में बदलाव कर एयरपोर्ट के सुरक्षित हिस्सों में जाने वाले हर स्टाफ की स्क्रीनिंग और बैकग्राउंड चेक अनिवार्य किया। मकसद है नियमित जांच के जरिये अंदरूनी खतरों को रोकना। इसके लिए ने 'इनसाइडर थ्रेट टूलकिट' भी जारी किया, जिसमें कर्मचारियों की जांच, संदिग्ध



व्यवहार पहचानने, रिपोर्टिंग और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। लेकिन, समस्या है कि इन सुरक्षा गाइडलाइंस को लागू न करने पर ऑडिट में देशों को कोई अंक नहीं खोना पड़ता। सितंबर 2025 तक केवल 46 प्रतिशत सदस्य देश ही मानकों को 75 प्रतिशत तक प्रभावी ढंग से लागू कर पाए थे, जबकि आइसीएओ का 2027 तक लक्ष्य 65 प्रतिशत है। यह नई बात नहीं है। 2013 में सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम लागू किए गए और 2019 तक इन्हें पूरी तरह अपनाने का लक्ष्य रखा गया। इसके बावजूद आज भी ग्लोबल सेफ्टी-ओवरसाइट का स्तर करीब 69 प्रतिशत है। जनवरी 2025 तक ने सिर्फ छह देशों के सरकारी सुरक्षा कार्यक्रमों का स्वतंत्र मूल्यांकन किया था। कर्मचारी बिना झिझके खतरे की रिपोर्ट करें और मैनेजर जरूरत पड़ने पर रकम खर्च कर कार्रवाई करें, यह असली चुनौती है। दूसरी तरफ, इस साल एविएशन सेक्टर 5.1 अरब से ज्यादा यात्रियों को सफर कराएगा, लेकिन इंटरनैशनल एयर ट्रांसपोर्ट असोसिएशन के मुताबिक इंडस्ट्री का नेट मार्जिन घटकर 2 प्रतिशत रह सकता है। ऐसे में वेतन, स्टाफ, ट्रेनिंग और निगरानी पर कटौती का खतरा बढ़ता है। शेड्यूल्ड कमर्शल उड़ानों के हादसे 2023 के 66 से बढ़कर 2024 में 95 हो गए। मौतों की संख्या भी 72 से बढ़कर 296 पहुंच गई। एक साल के आंकड़ों से कोई रुझान तय नहीं होता, लेकिन रेकॉर्ड ट्रैफिक वाले साल में इन आंकड़ों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यूरोप ने बेहतर बैकग्राउंड चेक अनिवार्य किए हैं, जिन्हें कम से कम हर 12 महीने में दोहराना होता है।

## बाजार खुलते ही 12 प्रतिशत उछल गया टाटा की ट्रेंट कंपनी का शेयर, हर शेयर पर निवेशकों को 326 का फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप में मचे घमासान के बीच उसकी रिटेल कंपनी ट्रेंट के शेयरों में आज जबरदस्त तेजी आई। बाजार खुलते ही कंपनी का शेयर करीब 12 फीसदी उछल गया। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि 30 सितंबर, 2026 को खत्म हुई तिमाही में उसका ऑपरेशन्स से स्टैंडअलोन रेवेन्यू पिछले साल के मुकाबले 23 प्रतिशत बढ़कर 5,788 करोड़ हो गया। एक साल पहले यह 4,724 करोड़ था।

ट्रेंट का शेयर बीएसई पर पिछले सत्र में 2,575 रुपये पर बंद हुआ था और आज यह 2,800 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में कंपनी का शेयर 2,901.20 रुपये तक उछला। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 3,399.75 रुपये है। डेटा के अनुसार, ट्रेंट के शेयरों में इस साल अब तक 9.95 प्रतिशत की गिरावट आई है और पिछले एक साल में ये 19.64 प्रतिशत




गिरे हैं।

टाटा ग्रुप की इस कंपनी का पहली छमाही (॥1) में रेवेन्यू 21 प्रतिशत बढ़कर 11,454 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 9,505 करोड़ था। अन्य ऑपरेटिंग इनकम को छोड़कर, मर्चेंडाइज बिक्री से रेवेन्यू भी में 23 प्रतिशत और 21 प्रतिशत बढ़ा। इस तिमाही के दौरान अपना 1,000वां स्टोर खोला। 30 सितंबर तक, कंपनी के पास अन्य लाइफस्टाइल ब्रांड्स के तहत कुल 1,342 स्टोर थे।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स:** पिछले हफ्ते ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने और 3,075 प्रति शेयर के प्राइस टारगेट के साथ कवरेज शुरू किया। एनालिस्ट्स ने कहा कि कंपनी ने कपड़े, फ़ैशन, ब्यूटी, फ़ूड और ग्रॉसरी, और उभरते हुए कंज्यूमर लाइफ़स्टाइल कॉन्सेप्ट्स में एक अलग तरह का रिटेल प्लेटफॉर्म बनाया है।

सिक्योरिटीज ने कहा कि ट्रेंट भारत के बड़े और अभी भी असंगठित फैशन मार्केट में तेजी से बढ़ने वाला रिटेलर बना हुआ है। ब्रोकरेज ने बताया कि कंपनी का भारत के फैशन रिटेल मार्केट में सिर्फ 2 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे मार्केट शेयर बढ़ाने और कैटेगरी को व्यवस्थित करने की गुंजाइश है।

# तीन 'भाई', तीनों तबाही... 15 रुपये की चाय से खड़ा किया 100 करोड़ का बिजनेस, आज 650+ आउटलेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब लड़कों की दोस्ती कहीं ज्यादा बढ़ जाए, तो उनके बीच भाई जैसा रिश्ता बन जाता है। ऐसा ही हुआ इंदौर के तीन दोस्तों के साथ। दरअसल, भारत में चाय सिर्फ एक पेय नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। इसी आम चाय को कारोबार का आइडिया बनाकर इंदौर के तीन दोस्तों ने ऐसा बिजनेस खड़ा कर दिया, जिसके आज दुनियाभर में 650 से ज्यादा आउटलेट हैं। कभी सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे इन दोस्तों ने 3 लाख रुपये से शुरुआत की थी और आज उनका ब्रांड करीब 100 करोड़ रुपये की कमाई करता है।

इस कहानी की शुरुआत अनुभव दुबे और आनंद नायक से हुई। दोनों दोस्त सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। बाद में उन्होंने नौकरी की तैयारी के बजाय अपना कारोबार शुरू करने का फैसला किया। इसके बाद राहुल पाटीदार भी इस सफर में शामिल हुए।

तीनों ने साल 2016 में इंदौर में चाय सुट्टा बार का पहला आउटलेट शुरू किया।




कारोबार शुरू करने के लिए करीब 3 लाख रुपये का निवेश किया गया था।

चाय का कारोबार शुरू करने से पहले तीनों दोस्त सेकेंड हैंड मोबाइल फोन बेचने का काम करते थे। बाद में उन्होंने साथ मिलकर कोई ऐसा बिजनेस शुरू करने का फैसला किया, जिसे बड़े स्तर पर ले जाया जा सके। उन्होंने चाय को अपने कारोबार का आधार बनाया। उनका मकसद कम कीमत में चाय और खाने-पीने की चीजें उपलब्ध कराना था। साथ ही ब्रांड में भारतीय संस्कृति की झलक भी रखने की कोशिश की गई।

**कुल्हड़ वाली चाय बनी पहचान:** चाय सुट्टा बार की शुरुआती पहचान कुल्हड़ वाली चाय से बनी। पारंपरिक मिट्टी के कुल्हड़ में चाय परोसने के आइडिया ने ग्राहकों को आकर्षित किया। बाद में मेन्यू में कई तरह की चाय शामिल की गईं। इसमें तुलसी, अदरक, चॉकलेट और केसर जैसी चाय शामिल हैं। चाय के अलावा आउटलेट्स पर पास्ता, बर्गर और नूडल्स जैसे फूड आइटम भी मिलते हैं।

ब्रांड के नाम में 'सुट्टा' शब्द जरूर है, लेकिन इसके कैफे के अंदर स्मोकिंग की अनुमति नहीं है। कंपनी ने अपने आउटलेट्स को खाने-पीने और दोस्तों के साथ समय बिताने वाली जगह के तौर पर विकसित किया। ब्रांड ने शुरुआत से ही किफायती कीमतों पर फोकस किया। एक कप चाय की कीमत करीब 15 रुपये रखी गई, जबकि कॉफी की शुरुआत 20 रुपये से होती है। कोल्ड कॉफी और शेक्स की कीमत 70 रुपये या उससे अधिक है। कम कीमत और बड़े स्तर पर विस्तार के लिए कंपनी ने फ्रेंचाइजी मॉडल अपनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्रेंचाइजी लेने वालों को आउटलेट शुरू करने से पहले करीब 15 दिन की ट्रेनिंग दी जाती है। साल 2016 में इंदौर से शुरू हुआ यह ब्रांड अब 650 से ज्यादा आउटलेट तक पहुंच चुका है। कंपनी ने भारत के बाहर भी विस्तार किया है। ब्रांड ने कनाडा में भी एंट्री की है। इसके अलावा नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात यानी श्व में भी इसके आउटलेट मौजूद हैं।

## टाटा ग्रुप में बढ़ा घमासान, ट्रस्टियों ने किया रीस्ट्रक्चरिंग प्रस्ताव का बचाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के प्रमुख औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप में घमासान बढ़ता जा रहा है। टाटा संस को लिस्टिंग से बचाने के लिए टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने इसके रीस्ट्रक्चरिंग का प्रस्ताव दिया था। लेकिन टाटा ट्रस्ट्स के दो सीनियर ट्रस्टियों ने इस पर आपत्ति जताई थी। अब नोएल टाटा और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टियों - डेरियस खंबाटा, नेविल टाटा और भास्कर भट ने इन आपत्तियों को खारिज कर दिया है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इन ट्रस्टियों का तर्क है कि ने ग्रुप होल्डिंग कंपनी की लिस्टिंग को अनिवार्य नहीं किया था। साथ ही, उन्होंने असहमति जताने वाले वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह पर ट्रस्ट के फैसलों को कमजोर करने का आरोप लगाया। ट्रस्टियों ने कहा कि टाटा संस की कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी के तौर पर अपना रजिस्ट्रेशन सरेंडर करने की अर्जी तो खारिज कर दी थी, लेकिन लिस्टिंग के लिए नहीं कहा था।

**टाटा संस की अर्जी:** देखे गए 4 अक्टूबर के एक पत्र में उन्होंने कहा, 'उस कम्युनिकेशन में रजिस्ट्रेशन सरेंडर करने की टाटा संस की अर्जी को खारिज किया गया था। उसमें लिस्टिंग का कोई जिक्र नहीं है, न ही कोई खास कदम उठाने को कहा गया है और न ही यह कहा गया है कि टाटा संस ने किसी



नियम का उल्लंघन किया है।'

ट्रस्टियों ने कहा कि इसके बजाय के कम्युनिकेशन से यह जरूरी हो गया है कि कोई दूसरा रास्ता निकाला जाए। उन्होंने कहा, 'इससे जो बात जरूरी हो गई है, वह यह है कि लिस्टिंग के अलावा कोई कानूनी रास्ता निकाला जाए, जिससे ट्रस्ट और टाटा संस के तय मकसद को हासिल किया जा सके।'

**टाटा संस की रिस्ट्रक्चरिंग:** श्रीनिवासन और सिंह ने दावा किया था कि टाटा ट्रस्ट्स की ओर से टाटा संस बोर्ड को 28 सितंबर को भेजे गए पत्र से पहले उनसे सलाह नहीं ली गई थी। उस पत्र में होल्डिंग कंपनी के लिए रीस्ट्रक्चरिंग प्लान पेश किया गया था। इसमें टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड जैसी यूनिट्स का टाटा संस में विलय शामिल है।



# काली खेती: पहली बार परदे पर डराएंगे जैकी श्रॉफ

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ और शरद केलकर जल्द ही रूरल हॉरर फिल्म 'काली खेती' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का एलान कर दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया है। इस प्रोजेक्ट में अभिनेत्री नेहा सरगम अहम भूमिका में होंगी।

## कब रिलीज होगी फिल्म

मेकर्स ने अपकमिंग फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इसमें एक राक्षस ने अपने हाथ में लालटेन पकड़ी है। पोस्टर काफी डार्क और डरावना लग रहा है। पोस्ट के बैकग्राउंड में जो म्यूजिक है वह भी काफी रोमांचक लग रहा है। पोस्टर के ऊपर लिखा है 'सिनेमाघरों में 23 अक्तूबर को रिलीज होगी।' पोस्टर को शेयर करते हुए जैकी श्रॉफ ने कैप्शन में लिखा, 'रोशनी बुझने न देना, खेती जागने वाली है।'

## कौन हैं फिल्म के निर्देशक

फिल्म के निर्देशक और लेखक हारिस इम्तियाज खान हैं। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे।

## इस फिल्म से हो सकता है क्लैश

अक्तूबर में कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें अजय देवगन की 'दृश्यम 3', आयुष्मान खुराना की 'उड़ता तीर', रश्मिका-विजय की 'रणबाली', यामी गौतम की 'नई नवेली' और 'पहला प्यार दूसरी बार' शामिल हैं। 'काली खेती' का टकराव 'पहला प्यार दूसरी बार' से होने वाला है। यह फिल्म भी 23 अक्तूबर को रिलीज हो रही है।

## फिल्म को लेकर बोले निर्देशक

फिल्म को लेकर निर्देशक खान ने कहा, 'मेरे लिए 'काली खेती' का मतलब है हॉरर के नजरिए से खेती को देखना। ऐसी चीज जो मैंने पहले कभी नहीं देखी थी। कुछ ऐसा जो नया, रोमांचक और साथ ही बहुत परेशान करने वाला भी लगा। यह फिल्म समाज का आईना है, बस इसकी परछाईं एक डरावनी और काल्पनिक दुनिया में दिखती है। कभी-कभी यह दुनिया समझ में नहीं आती लेकिन हमेशा अजीब तरह से जानी-पहचानी लगती है। शायद यही असली हॉरर है।'



# विद्या बालन, आर. बाल्की के साथ फिर कर रही हैं वापसी

## नई तमिल फिल्म की शूटिंग शुरू

विद्या बालन एक बार फिर फिल्ममेकर आर. बाल्की के साथ काम करने जा रही हैं। दोनों एक नई तमिल फिल्म के लिए साथ आए हैं और फिल्म पर काम शुरू हो चुका है। गौरतलब है कि वर्ष 2009 में रिलीज हुई फिल्म पा के बाद यह विद्या बालन और आर. बाल्की की पहली तमिल फिल्म होगी। अपने सोशल मीडिया के ज़रिये अपने दर्शकों से इसकी जानकारी साझा करने के उद्देश्य से विद्या बालन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह हाथ में स्क्रिप्ट लिए कुर्सी पर बैठी नजर आ रही हैं। चश्मा लगाए और लंबी चोटी में उनका लुक काफी सिंपल दिखाई दे रहा है। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा है, आर. बाल्की के साथ नई तमिल फिल्म, नई शुरुआत। इसके साथ दिल का इमोजी लगाकर उन्होंने अपनी बात खत्म की है लेकिन उनकी इस पोस्ट से साफ है कि उन्होंने अपनी नई तमिल फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि विद्या ने अभी फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की है, लेकिन इतना तय है कि आर. बाल्की के साथ उनका दोबारा काम करना जरूर खास है। इससे पहले दोनों ने पा में साथ काम किया था, जो 2009 में रिलीज हुई थी।



वर्कफ्रंट की बात करें तो विद्या बालन इसी महीने 15 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही रजनीकांत स्टारर जेलर 2 में नजर आनेवाली हैं। फिल्म में वह कांता का किरदार निभा रही हैं। नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बनी यह फिल्म सन पिक्चर्स की प्रस्तुति है। इसके अलावा विद्या बालन एक बार फिर अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस अनटाइटल्ड कॉमेडी फिल्म में राशी खन्ना भी हैं। फिल्म 4 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका केरल शेड्यूल पूरा हो चुका है। फिलहाल नई तमिल फिल्म के साथ विद्या बालन के पास इस समय अलग-अलग भाषाओं और जॉनर की कई फिल्में हैं। ऐसे में आर. बाल्की के साथ उनकी दोबारा जोड़ी को लेकर अब फैंस की निगाहें इस नए प्रोजेक्ट पर जम गई हैं।

# एआई के दुरुपयोग पर भड़के जूनियर एनटीआर

तेलुगु स्टार जूनियर एनटीआर ने राज्य सरकारों और भारत सरकार से एआई के गलत इस्तेमाल के खिलाफ कड़े कदम उठाने और सख्त नियम लागू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह उन लोगों के खिलाफ हरसंभव कानूनी कार्रवाई करेंगे, जिन्होंने उनकी फिल्म 'देवरा' के गाने 'चुट्टामल्ले' का मॉर्फ्ड वीडियो बनाया है और फैला रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मॉर्फ्ड वीडियो पर एक्टर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शरारती तत्वों को लताड़ते हुए लिखा कि घिनौना, बीमार और बेशर्म। उन्होंने कहा कि एक ऐसे देश में जहां महिलाओं को मां और देवी के रूप में पूजा जाता है, जहां 'मातृदेवो भव' सिर्फ एक कहावत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का हिस्सा है, वहां कुछ लोग इतने नीचे गिर गए हैं कि वे एआई का इस्तेमाल करके किसी महिला का अनादर कर रहे हैं। एआई का इस्तेमाल करके ऐसी घिनौनी चीज बनाना शब्दों से परे शर्मनाक है। उन्होंने लिखा, 'इस मॉर्फ्ड 'चुट्टामल्ले' वीडियो के पीछे के घटिया लोगों, मैं तुममें से किसी को नहीं बख्शूंगा। मैं इसे बनाने वालों और इसे फैलाने वालों के खिलाफ हरसंभव कानूनी कार्रवाई करूंगा। जूनियर एनटीआर ने अन्य नेटिजन्स से भी पुरजोर अपील की कि वे ऐसे कंटेंट को न देखें, न शेयर करें और न ही उस पर कोई प्रतिक्रिया दें। उन्होंने लिखा कि कृपया ऐसे कंटेंट को न देखें, न शेयर करें और न ही उस पर कोई प्रतिक्रिया दें।



# 'हनुमान अंश' जैसी छोटे बजट की फिल्मों पर बोलीं तमन्ना भाटिया

एक तरफ 'हनुमान अंश' जैसी फिल्म दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है, तो दूसरी तरफ छोटे बजट में बनी 'ऑब्सेशन' भी अपनी जगह बनाई। सिनेमा में आ रहे इस बदलाव को तमन्ना भाटिया भी महसूस करती हैं। अभिनेत्री के मुताबिक, अब दर्शकों की पसंद को किसी एक जॉनर या फॉर्मूले में बांधकर नहीं देखा जा सकता।

## फिल्में सिर्फ क्राफ्ट से नहीं चलतीं

कम बजट की फिल्मों पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं, जहां जॉनर मायने नहीं करता। दुनियाभर में एक तरफ 'हनुमान अंश' भी काम कर रही है और दूसरी तरफ 'ऑब्सेशन' भी। ये फिल्में बहुत छोटे बजट में बनी हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ समय में फिल्मों के क्राफ्ट पर बहुत ज्यादा जोर दिया गया है। लेकिन सिनेमा के असली काम पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। असली काम यह है कि आप दर्शक को एक दुनिया में लेकर जाएं और उसे कुछ खास महसूस कराएं।'

## इमोशंस फिल्मों में वापस आ रहे हैं

वह आगे कहती हैं, 'हम भावनात्मक पहलू को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इंसानी भावनाएं बहुत सामान्य होती हैं, जो हम सबमें एक जैसी हैं। मुझे लगता है कि वही इमोशंस फिल्मों में वापस आ रही हैं और वे फिल्में चल रही हैं। हमें यह देखना होगा कि अगर ये फिल्में चल रही हैं तो क्यों चल रही हैं। यह हमारे लिए सीखने का मौका भी होगा। 'वन' में भी जो भक्ति का भाव है, उसे पूरी ईमानदारी से तलाशा गया है।'





# क्या ओटीटी पर डेब्यू करेंगे साउथ के मेगास्टार चिरंजीवी

इस शो में आ सकते हैं नजर

कई बड़े कलाकार इन दिनों बड़े पर्दे से ओटीटी का रुख कर रहे हैं। इसमें नया नाम चिरंजीवी का जुड़ने वाला है। खबर है कि मेगास्टार ओटीटी पर डेब्यू करने को तैयार हैं। बताया जाता है कि चिरंजीवी नेटफ्लिक्स के लिए एक सेलिब्रिटी टॉक शो के साथ अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता और प्लेटफॉर्म के बीच बातचीत आगे बढ़ चुकी है। डील लगभग फाइनल हो गई है।

शो में दिखेगा चिरंजीवी का सफर

हालांकि इस मामले को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अगर ये डील फाइनल होती है तो दर्शकों को भारतीय सिनेमा में चिरंजीवी के दशकों लंबे सफर की झलक मिल सकती है। इस प्रोजेक्ट में उनके जीवन और करियर के उन पहलुओं को भी दिखाए जाने की उम्मीद है, जिनके बारे में उन्होंने सार्वजनिक रूप से बहुत कम बात की है।

## किस तरह का शो होस्ट करेंगे चिरंजीवी?

गल्ट के मुताबिक ऐसी चर्चा है कि नेटफ्लिक्स सेलिब्रिटीज पर आधारित एक टॉक शो बना रहा है, जिसमें चिरंजीवी मुख्य भूमिका में होंगे। इस प्रोजेक्ट को मल्टी-एपिसोड पॉडकास्ट-स्टाइल सीरीज के तौर पर प्रमोट किया जा रहा है। इसमें अभिनेता अपनी निजी जिंदगी, फिल्मी करियर और इंडस्ट्री में अपने लंबे सफर के अनुभवों के बारे में बात कर सकते हैं। बताया जाता है कि 150 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके चिरंजीवी को अपनी जिंदगी पर पारंपरिक डॉक्यूमेंट्री के बजाय बातचीत वाले पॉडकास्ट का आइडिया ज्यादा पसंद आया है। इससे उन्हें दर्शकों से सीधे जुड़ने और उन विषयों पर चर्चा करने का मौका मिलेगा जो ज्यादातर लोगों की नजर में नहीं आए हैं।

## शो में क्या होगा खास?

यह सीरीज चिरंजीवी के करियर के कई पड़ावों को कवर कर सकती है। सिनेमा में उनके शुरुआती दिनों से लेकर तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े स्टार बनने तक को कवर किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्मों, इंडस्ट्री की चुनौतियों, बॉक्स-ऑफिस के उतार-चढ़ाव, साथी कलाकारों के साथ अपने रिश्तों और राजनीति में अपनी एंट्री के बारे में बात कर सकते हैं। बातचीत में उनके दशकों लंबे करियर की निजी कहानियों और अनुभवों के भी शामिल होने की उम्मीद है।

## बेटी तैयार कर रही टॉक शो

खबर है कि इस शो को तेलुगु भाषी क्षेत्रों से बाहर के दर्शकों के लिए भी तैयार किया जा रहा है। काफी चर्चा है कि चिरंजीवी की बेटी सुष्मिता कोनिडेला अपने बैनर 'गोल्ड बॉक्स एंटरटेनमेंट्स' के तहत इस टॉक शो को तैयार कर रही हैं। उन्होंने पहले फिल्म और वेब-सीरीज प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। हालांकि प्लेटफॉर्म और अभिनेता ने अभी तक शो के टाइटल, फॉर्मेट, बजट या रिलीज की तारीख के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।



# खुद को खूबसूरत नहीं मानती थीं हरलीन सेठी : बोलीं- 'ब्रोकन' ने बदली जिंदगी

**रिलेटेबल चेहरा, दमदार अदाकारी और लगातार मेहनत के दम पर हरलीन सेठी ने अपने हर किरदार से अलग पहचान बनाई है। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल', 'कोहरा', 'बैड कॉप' और 'डॉक्टर्स' जैसे प्रोजेक्ट्स के बाद अब वह 'शक' में नजर आ रही हैं। अपने किरदारों से हरलीन ने साबित किया है कि वह खुद को सिर्फ नायिका की पारंपरिक छवि तक सीमित नहीं रखना चाहतीं। खास बातचीत में हरलीन ने अपने बचपन, अभिनय की शुरुआत, 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' की सफलता और रिजेक्शन के अनुभवों पर बात की।**

## बचपन में कैसी थीं, अभिनय का ख्याल कब आया

मैं बचपन से ही बहुत मस्तमौला थी। खेल-कूद और दूसरी गतिविधियों में काफी रुचि थी। हालांकि, अभिनय करने का कोई प्लान नहीं था। मुझे सिर्फ इतना पता था कि परफॉर्मिंग आर्ट्स में कुछ करना है। मुझे संगीत में भी बहुत रुचि थी। याद है, बचपन में 'कल हो न हो' की कैसेट आई थी। मैंने उसे पूरे दिन बजाया था।

## 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' आपके लिए कितना बड़ा मोड़ था?

जवाब: यह मेरे लिए बहुत बड़ा मोड़ था। लोगों ने समीरा के किरदार से बहुत जुड़ाव महसूस किया। पहली बार मैंने लोगों को अपनी खूबसूरती और आवाज की तारीफ करते सुना। मैंने कभी खुद को उस नजर से नहीं देखा था। मुझे लगता था कि मैं खूबसूरत नहीं हूं, क्योंकि मेरी मां बहुत खूबसूरत हैं और मेरा भाई भी उन पर गया है। 'ब्रोकन' के बाद पहली बार मुझे लगा कि शायद मैं भी खूबसूरत हूं।

## क्या आपको लगा था कि 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' इतना बड़ा बनेगा?

जवाब: बिल्कुल नहीं। हमने बहुत सच्चाई और प्यार से इसे बनाया था, लेकिन यह कल्ट बन जाएगा, इसकी कल्पना नहीं की थी। आज भी रोमांटिक सीरीज की बात होती है तो 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' का जिक्र होता है। शो दोबारा ट्रेंड हुआ, लोगों ने इसके किरदारों और संगीत को फिर से पसंद किया। मुझे उन लड़कियों की तस्वीरें मिलीं, जिन्होंने समीरा वाला टैटू तक बनवाया था।

## 'ब्रोकन' के बाद आपने 'कोहरा' में मुख्य भूमिका के बजाय महत्वपूर्ण किरदार क्यों चुना?

मेरे लिए अच्छी कहानी और अच्छे फिल्ममेकर्स के साथ काम करना ज्यादा जरूरी था। 'कोहरा' के ऑडिशन के लिए जो सीन मुझे मिले, उन्हें पढ़कर ही लगा कि यह बहुत अच्छा प्रोजेक्ट है। सुदीप शर्मा सर के साथ काम करने का मौका भी मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने मुझसे कहा था, 'हरलीन, बस मुझ पर भरोसा रखो और इसे करो।' मैंने उन पर भरोसा किया और 'कोहरा' मेरे लिए एक बड़ा मोड़ बन गया।

## 'शक' के लिए हां कहने की सबसे बड़ी वजह क्या थी?

रेंसिल डिसिल्वा सर का फोन आया था। उन्होंने श्रेया के किरदार के बारे में बताया। मैं उस समय जुहू सर्कल के सिग्नल पर कार में थी। जैसे ही उन्होंने किरदार के बारे में बताया, मुझे लगा कि इसमें बहुत सारी परतें हैं। वह बचपन से नायिका की सबसे अच्छी दोस्त है, उसका नायिका के पति से रिश्ता है, बच्ची के गायब होने में भी उसका हाथ है और वह अपने पति से भी सच छिपा रही है। इतना जटिल किरदार सुनते ही मैंने कहा- सर, मैं यह करना चाहती हूं।

## 'शक' के लिए मिला सबसे अच्छा कॉम्प्लिमेंट क्या रहा?

लोगों ने मेरी परफॉर्मेंस की तारीफ तो की ही, लेकिन मेरे लिए यह भी खास था कि लोगों ने कहा कि मैं स्क्रीन पर बहुत खूबसूरत लग रही हूं। मैंने आपको बताया कि मैंने कभी खुद को उस तरह नहीं देखा था, इसलिए यह बात मेरे लिए मायने रखती है। इसके अलावा मेरा और सुमित व्यास का जेल वाला एक सीन है, जिसे बहुत प्यार मिल रहा है। मेरे डीएम उस सीन की तारीफ से भरे हुए हैं।

## किस तरह के किरदार करना चाहती हैं

मेरी कोशिश रहती है कि ऐसे किरदार करूं, जिन्हें लोग अक्सर समझ नहीं पाते। मैं उन्हें सहानुभूति के साथ निभाना चाहती हूं। चाहे समीरा हो, 'कोहरा' की निमरत हो या 'शक' की श्रेया- इन सभी किरदारों में एक बारीक रेखा है। मुझे ऐसे किरदारों को समझना और निभाना पसंद है।

संक्षिप्त समाचार

हांगकांग सिक्स

## भारत की 7 सदस्यीय टीम घोषित, भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे कमान

**हांगकांग ।** हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे। टिन क्वांग



रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं।

## नीली जर्सी का दबाव बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर देता है: प्रियांश आर्य

**नई दिल्ली ।** युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले वनडे मैचों की तैयारी के दौरान इंडिया ए के साथ अपने समय को याद किया। उन्होंने इंडिया 'ए' के लिए खेलने का अनुभव मजेदार बताया। उन्होंने कहा कि दबाव में शानदार प्रदर्शन का अवसर भी होता है। प्रियांश ने पिछले साल कानपुर में



ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 101 रन बनाए थे और लिस्ट ए क्रिकेट में उनके नाम पाँच और अर्धशतक हैं। आर्य ने दिल्ली में मीडिया से कहा, 'इंडिया ए के लिए खेलना बहुत मजेदार है। नीली जर्सी पहनना गर्व की बात है। मुझे पिछले साल इंडिया ए के लिए सेंचुरी बनाकर बहुत अच्छा लगा। जब आप किसी भी स्तर पर देश के लिए खेलते हैं तो आप पर थोड़ा दबाव होता है।

यूथ टेस्ट

## तन्मय ने सिर्फ 32 रन देकर झटके 6 विकेट, ऑस्ट्रेलियाई पारी 174 रन पर ढेर

**अहमदाबाद ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच सोमवार से टेस्ट सीरीज के दूसरे और अंतिम अनौपचारिक मैच की शुरुआत हो गई है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जारी इस मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन पर समेटने के बाद



भारत ने 2 विकेट खोकर 38 रन बना लिए हैं। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 73 ओवरों का सामना कर सकी। इस टीम ने महज 7 के स्कोर पर कप्तान मैथ्यू लॉफ (5) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद नील पटेल ने मोर्चा संभाला। नील ने हेडन बारबुलोविक के साथ दूसरे विकेट के लिए 21 रन, जबकि एली ब्रेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 रन जोड़कर टीम को 50 के स्कोर तक पहुंचाया। हेडन ने टीम के खाते में 8 रन का योगदान दिया, जबकि एली 4 रन बनाकर आउट हुए।

# हरमन ने छोड़ी कप्तानी

## कहा—बतौर खिलाड़ी सफर जारी रहेगा



**नई दिल्ली ।** अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्व कप 2025 का चैंपियन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ दी है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट के माध्यम से हरमन ने टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया। बतौर खिलाड़ी वह उपलब्ध रहेंगी। हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ने का फैसला उपकप्तान स्मृति मंधाना, हेड कोच अमोल मजूमदार और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया के साथ हुई बैठक के बाद लिया। स्मृति मंधाना तीनों फॉर्मेट में हरमनप्रीत की जगह महिला टीम की नई कप्तान बन सकती हैं। हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज, मैं सभी फॉर्मेट में इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह कोई आसान फैसला नहीं है। इसमें वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल हैं, जो मेरी बाकी जिंदगी मेरे साथ रहेंगे।'



उन्होंने लिखा, 'मैंने इस टीम और इंडियन विमेंस क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है – अपना खून, अपना पसीना, अपना समय, और कई बार, अपने खेल और पर्सनल एम्बिशन का एक हिस्सा। ऐसे पल भी आए, जब मुझे अपने निजी प्रदर्शन, अपना विकास और अपने लिए जो मैं चाहती थी, उसे एक तरफ रखना पड़ा, क्योंकि मेरा मानना था कि टीम को पहले रखना चाहिए।'

हरमन ने लिखा, 'एक कप्तान के तौर पर, मुझे मुश्किल फैसले लेने पड़े हैं। ऐसे फैसले जो हमेशा समझ में नहीं आते थे, हमेशा आसान नहीं होते थे, और कभी-कभी पर्सनल कीमत चुकानी पड़ती थी। लेकिन मैंने जो भी फैसला लिया, उसका मकसद– इस टीम को बेहतर बनाना और दूसरे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने, खुद पर विश्वास करने और खुद का बेस्ट वर्जन बनने का मौका देना था।' दिग्गज खिलाड़ी ने लिखा, 'मैंने सब कुछ देखा है। मैंने सबसे बुरे पल, दिल टूटना, बुराई, शक और वे दिन देखे हैं, जब कुछ भी हमारे हिसाब से नहीं होता था। और मैंने सबसे ऊँचे मुकाम भी देखे हैं—जीत, जश्न, अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का गर्व, और वे पल जब हर कुर्बानी सार्थक लगी। आज मैं भावनाओं से भरे दिल के साथ, लेकिन शांति के साथ कप्तानी छोड़ रही हूं।'

उन्होंने लिखा, 'मुझे सच में विश्वास है कि मेरी टीम अच्छी जगह पर है। एक ऐसी टीम, जिसमें टैलेंट, कैरेक्टर, विश्वास और भविष्य है, जिसे देखने और जिसका हिस्सा बनने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि मैंने अपना फर्ज निभाया है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया।

## विश्व कप, एशियन गेम्स गोल्ड, एशिया कप, कॉमनवेल्थ

### हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने देखा सफलता का ऐतिहासिक दौर



नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इतिहास के एक स्वर्णिम अध्याय का मंगलवार को अंत हो गया। अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाली हरमनप्रीत कौर ने अपना पद छोड़ दिया है। 37 साल की हरमन ने सोशल मीडिया पर महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की। बतौर खिलाड़ी वह सक्रिय रहेंगी। हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सफलतम कप्तान हैं। हरमनप्रीत के कप्तान बनने से पहले भारतीय टीम देश में विदेश में बड़ी टीमों को चुनौती तो देती, लेकिन जीत से दूर रह जाती थी। 2016 में पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद हरमन ने टीम की दशा और दिशा दोनों बदल दी। अपनी 10 साल की कप्तानी में हरमन ने भारतीय टीम को न सिर्फ अलग-अलग वैश्विक मंचों पर चैंपियन बनाया, बल्कि टीम को एक मजबूत और सशक्त ताकत के रूप में स्थापित किया। 37 साल की हरमनप्रीत 2016 में पूर्णकालिक कप्तान बनीं। उनकी कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने अपना पहला आईसीसी इवेंट (वनडे विश्व कप 2025) जीता था। फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराया था। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने 4 बार एशिया कप (2012, 2016, 2022 और 2026) जीता। 2012 में वह अस्थायी कप्तान थीं। हरमन की कप्तानी में भारतीय महिला टीम हांगझोऊ एशियन गेम्स 2023 और आइची-नागोया एशियन गेम्स में लगातार 2 बार गोल्ड मेडल जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय टीम ने हरमन की कप्तानी में ही सिल्वर मेडल जीता था।

हाल ही में लॉर्ड्स में महिलाओं का पहला टेस्ट खेला गया था। हरमन की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने घरेलू टीम इंग्लैंड को हराकर इतिहास रचा था। पिछले 10 वर्ष की अवधि में हरमनप्रीत कौर ने भारतीय टीम को पांच टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 में लीड किया। हरमनप्रीत कौर के बाद उपकप्तान स्मृति मंधाना तीनों फॉर्मेट में महिला क्रिकेट टीम की नई कप्तान हो सकती हैं।

## टीपीएल सीजन 8: बोपन्ना, बुरुचागा, हिजिकाता मार्की लाइन-अप में शामिल

**मुंबई ।** टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंटरनेशनल स्टार रोमन बुरुचागा, रिंकी हिजिकाता और टेरेंस एटमाने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आठवें सीजन के मार्की प्लेयर लाइन-अप में शामिल होंगे। नीलामी 12 अक्टूबर को मुंबई में होगी। आठ फ्रेंचाइजी नीलामी में अपने-अपने मार्की प्लेयर्स के आस-पास अपनी टीम बनाएंगी। बोपन्ना, जो गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, मार्की लाइन-अप को लीड करेंगे। 46 साल के पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 पुरुष डबल्स में दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। बोपन्ना ने 2017 फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स टाइटल और 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष डबल्स का खिताब जीता है।



पद्मश्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित बोपन्ना ने कहा, 'मैं टीपीएल में वापस आने का सच में इंतजार कर रहा हूं। हर साल, लीग और मजबूत होती जा रही है, और मुझे टीम का माहौल और इस फॉर्मेट से मिलने वाली ऊर्जा बहुत पसंद है।'

उन्होंने कहा, 'इस साल, कॉम्पिटिशन बहुत कड़ा होगा, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा भारतीय टैलेंट का शानदार मिश्रण होगा। हैदराबाद का टेनिस के साथ हमेशा से एक मजबूत कनेक्शन रहा है, इसलिए मुझे यकीन है कि माहौल इसे और भी खास बना देगा। मैं कॉम्पिटिशन करने, अनुभव का आनंद लेने और कोर्ट पर वापस आने के लिए उत्साहित हूं।'

अर्जेंटीना के रोमन बुरुचागा, जो कोलकाता थंडर ब्लेड्स के लिए खेलेंगे, इंटरनेशनल मार्की टीम के एकल खिलाड़ियों में सबसे ऊंची रैंक वाले खिलाड़ी हैं। 24 साल के इस खिलाड़ी की अभी वर्ल्ड रैंकिंग में 60वीं रैंक है। वह इस साल की शुरुआत में अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग 56वें स्थान पर पहुंचे थे।

ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। 25 साल के इस खिलाड़ी ने 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन्स डबल्स टाइटल जीता था और 2025 विंबलडन मेन्स डबल्स फाइनल में पहुंचे थे।

डब्ल्यूटीए टूरः गॉफ ने सन को हराया, झेंग किनवेन

## 'चाइना ओपन' के 'अंतिम 16' में पहुंचीं

**बीजिंग ।** अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने 16 वर्षीय चीनी खिलाड़ी सन जिनरान को 7-5, 6-1 से शिकस्त देकर चाइना ओपन डब्ल्यूटीए टूर इवेंट में लगातार चौथे साल 'राउंड ऑफ 16' में जगह बनाई। दो बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ने शानदार खेल दिखाते हुए आखिरी 10 में से 9 गेम अपने नाम किए। गॉफ ने डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर अपने से कम उम्र की खिलाड़ियों के खिलाफ खेले गए 28 मुकाबलों में से 24 जीते हैं। इस दौरान किसी टीनएजर के खिलाफ उन्हें एकमात्र हार 2025 में मॉन्ट्रियल में विक्टोरिया मबोको से मिली थी, जो बाद में चैंपियन बनीं। मुकाबले के बाद गॉफ ने युवा चीनी खिलाड़ी को सराहा। मैच के बाद इंटरव्यू में गॉफ ने कहा, 'मुझे लगता है कि 16 साल की उम्र में मैं जितनी परिपक्व थी, वह उससे कहीं ज्यादा परिपक्व हैं। मुझे लगता है कि मैं उससे थोड़ी ज्यादा परेशान हो गई थी, लेकिन वह एक शानदार खिलाड़ी है। मुझे पता था कि यह मैच मुश्किल होने वाला है। उनका जूनियर करियर बहुत शानदार रहा है। जाहिर है कि वह इस स्तर पर भी बहुत अच्छा करेगी।'



वहीं, सोमवार को चीन की स्टार झेंग किनवेन ने चेक गणराज्य की 18वीं सीड मैरी बाउजकोवा को 7-6 (3), 4-6, 7-5 से हराकर महिला सिंगल्स के 'राउंड ऑफ 16' में जगह बनाई। झेंग ने मैच का पहला ब्रेक हासिल किया, लेकिन बाउजकोवा ने छठे गेम में ब्रेक प्वाइंट्स जीतकर वापसी की। सेट टाई-ब्रेक तक गया, जहां झेंग ने 7-3 से जीत हासिल की।

## बैंगलोर बादशाह को 14 रन से मात देकर कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब




**तिरुपति ।** कोलकाता वॉरियर्स ने फाइनल मैच में बैंगलोर बादशाह को 14 रनों से मात देकर 'डेफ इंडियन प्रीमियर लीग 2026' का खिताब जीता। केवीएस स्पोर्ट्स पार्क क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में कोलकाता वॉरियर्स ने 15 ओवरों में 121/5 रन बनाए। इसके बाद बादशाह को 107/9 के स्कोर पर रोककर 14 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह चैंपियनशिप 1 से 4 अक्टूबर 2026 तक तिरुपति के केवीएस स्पोर्ट्स पार्क क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित की गई थी। इसने देशभर के मूक-बधिर क्रिकेटर्स को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने टूर्नामेंट के समापन पर खिलाड़ियों, अधिकारियों, भागीदारों और हितधारकों की सराहना की और टूर्नामेंट में उनके योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया।

नेशंस लीग

## फ्रांस ने बेल्जियम को 4-1 से हराया, ग्रुप में टॉप पर पहुंची




**पेरिस ।** जिनेदिन जिदान की फ्रांस ने अपने मैराथन इंटरनेशनल ब्रेक का अंत स्टेड डी फ्रांस में बेल्जियम के खिलाफ 4-1 की जीत के साथ किया। जीत के साथ नेशंस लीग ग्रुप में टॉप पर पहुंच गई। फ्रांस ने दूसरे हाफ के 14 मिनट में चार गोल किए और मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद भी 4-1 से बड़ी जीत की। बेल्जियम के लिए डोडी ल्यूकेबाकियो ने पहला गोल करके टीम को बढ़त दिलाई थी।

ब्रेक के बाद जिदान ने अपनी स्टार खिलाड़ियों वाली बेंच का इस्तेमाल किया और अपनी टीम को टॉप गियर में देखा, जब डिजायर डू और रेयान चेर्की ने तेजी से दो गोल करके मैच का रुख बदल दिया। माइकल ओलिस ने फिर देर से दो और गोल किए, जिससे फ्रांस ने ग्रुप ए1 में अपना बिना हारे रहने का रिकॉर्ड बनाए रखा। 35वें मिनट में अपने ही हाफ में मिडफील्ड में अकेले, रोमियो लाविया ने डोडी ल्यूकेबाकियो को एक थ्रू बॉल दी।

फ्रेंच डिफेंस हैरान रह गया, और बेल्जियम के विंगर ने गिलौम रेस्टेस के साथ वन-ऑन-वन मुकाबला किया, जिसने फ्रेंच गोलकीपर के नेट के ऊपरी दाएं कोने में बॉल भेजकर जीत हासिल की। 77वें मिनट में, लुकास दा कुन्हा ने सेंटर में डू को पास दिया। पेरिस के इस खिलाड़ी ने मुड़कर अपने बाएं पैर पर खड़े होकर एक नीचा, एंगल्ड शॉट मारा और साइड नेटिंग में गेंद डाल दी, जबकि उनके सामने बेल्जियम के कई खिलाड़ी थे, जिससे स्कोर 1-1 हो गया।

### इटली ने तुर्किये को 3-1 से हराया, क्वार्टर फाइनल की रेस में शामिल

**बोलोग्ना ।** रॉबर्टो मैनसिनी ने इटली के मैनेजर के तौर पर लौटने के बाद घरेलू मैदान पर पहली जीत हासिल की। इटली ने तुर्किये को 3-1 से हराया। इस जीत के साथ इटली नेशंस लीग ग्रुप ए1 में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। जियानलुका स्कामाका के पहले गोल ने इंटरवल में अंतर पैदा किया, लेकिन अराल शिमसिर ने रीस्टार्ट के बाद तुर्किये को बराबरी पर ला दिया। हालांकि, बराबरी ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि रिकार्डो कैलाफियोरी ने बेंच से आकर अपनी टीम को फिर से आगे कर



दिया, इससे पहले पियो एस्पोसिटो ने आखिरी स्टेज में जीत पक्की कर दी। कई बार बाहर रहने के बावजूद, तुर्किये के खिलाफ 3-1 की जीत से यह पक्का हो गया है कि इटली को यूरोपियन चैंपियनशिप क्वालीफाइंग ड्रॉ में सीड मिलेगी, और सबसे बढ़कर, नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बने रहने की कोशिश करेगी। इटली के लिए स्कैमाका ने तीन साल बाद गोल किया था। पहले हाफ में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाने के बाद इटली ने सिमसिर के बराबरी के गोल के बाद जोरदार जवाब दिया

संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली के मिरांडा हाउस कॉलेज में खुला भारत का पहला कार्बन गार्डन, प्रदूषण से लड़ने में करेगा मदद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरण के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम पहल की है। कॉलेज परिसर में सोमवार को 'कार्बन गार्डन' का उद्घाटन किया गया। इसका उद्देश्य वातावरण में कार्बन के अवशोषण को बढ़ाने के साथ जैव विविधता को बढ़ावा देना और प्रकृति आधारित समाधानों के जरिए जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता पैदा करना है। गार्डन का उद्घाटन भारत के पहले कार्बन गार्डन के संस्थापक और दिल्ली विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रमुख और रिसर्च, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. दीनबंधु साहू ने किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव भारतीय संस्कृति और परंपराओं का हिस्सा रहा है। अब इस पारंपरिक जुड़ाव को आधुनिक विज्ञान और पर्यावरणीय समझ के साथ आगे बढ़ाने की जरूरत है। प्रो. साहू ने कहा कि दिल्ली जैसे शहरों में हरित क्षेत्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कार्बन गार्डन न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि छात्रों को प्रकृति से जोड़ने के साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण में भी मदद करेगा। उन्होंने युवाओं की पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया।

## दिल्ली में एसआईआर में 10.28 लाख वोटर्स का दस्तावेजों से सत्यापन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एसआईआर के तहत नाम मैपिंग नहीं होने और तार्किक विसंगतियों से जुड़े 10,28,407 वोटर्स के मामलों का दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन किया जा चुका है। सीइओ कार्यालय के अनुसार इन वोटर्स से प्राप्त दस्तावेजों की जांच के बाद मामलों का निपटारा किया जा रहा है। नोटिस पाने वाले मतदाताओं को अब दस्तावेज जमा कराने के लिए ईआरओ या एईआरओ कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। बीएलओ संबंधित मतदाता के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज एकत्र करेंगे और उन्हें ईसीआई नेट पर अपलोड करेंगे। इसके बाद ईआरओ दस्तावेजों के आधार पर मामले में निर्णय लेंगे। केवल विशेष परिस्थितियों में ही सुनवाई की जरूरत होगी। ऐसी सुनवाई भी ईआरओ के निर्णय के आधार पर प्राथमिकता के साथ आनलाइन कराने की व्यवस्था की गई है। एसआइआर के तहत दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है, जबकि नोटिस तथा दावे- आपत्तियों का निपटारा 30 नवंबर तक किया जाएगा। एसआईआर से जुड़े सवालों के जवाब और फार्म जमा कराने के लिए 11 अक्टूबर को दिल्ली के सभी पोलिंग स्टेशनों पर फिर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। वहीं, युवा मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए 7 और 8 अक्टूबर को दिल्ली के कालेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। एक अक्टूबर तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा इन कैंप में फार्म- 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। चार अक्टूबर तक फार्म- 6 के 1,90,133 आवेदन मिले हैं। वहीं, 31 अगस्त से पहले प्राप्त 2,12,400 आवेदनों को जोड़ने पर अब तक फार्म-6 के कुल 4,02,533 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। 31 अगस्त से चार अक्टूबर के बीच नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए सबसे ज्यादा आवेदन पश्चिमी जिले से 23,420 मिले हैं। इसके बाद उत्तर- पश्चिम से 20,165, दक्षिण-पूर्व से 18,831, पूर्व से 18,487, उत्तर-पूर्व से 17,831, दक्षिण- पश्चिम से 16,538 और दक्षिण जिले से 15,876 आवेदन आए हैं। वहीं, उत्तर से 14,273, आउटर नार्थ से 13,193, सेंट्रल नार्थ से 11,800, सेंट्रल से 8,470, ओल्ड दिल्ली से 7,988 और नई दिल्ली से 3,261 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी अवधि में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फार्म-7 के 5,020 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि मतदाता सूची में नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन के लिए फार्म-8 के 69,817 आवेदन आए हैं। फार्म-6ए के तहत भी 356 आवेदन मिले हैं। 31 अगस्त से पहले मिले आवेदनों को जोड़ने पर अब तक फार्म-6ए के 1,707, फार्म-7 के 56,491 और फार्म-8 के 3,30,585 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इस तरह एसआइआर प्रक्रिया के दौरान नए नाम जोड़ने के साथ-साथ मौजूदा मतदाता सूची में सुधार और नाम हटाने के लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन किए गए हैं।

पहले सड़क बनाओ, फिर जाम में फंसे वाहनों के लिए रास्ता खोजो

# सात लेन का ट्रैफिक तीन लेन में सिमटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मयूर विहार फेज-1 से आईएनए तक सिग्नल फ्री सफर के लिए तैयार किया गया बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर फेज-दर-फेज की सरकारी प्लानिंग में उलझकर अब ट्रैफिक के बॉटलनेक में तब्दील हो गया है। अलग-अलग दिशाओं से आने वाला करीब सात लेन का ट्रैफिक आगे जाकर महज तीन लेन में सिमट रहा है। नतीजा यह कि जिस कॉरिडोर को तेज और निर्बाध आवाजाही के लिए बनाया गया था, वहीं वाहनों की रफ्तार थम रही है। सोमवार को इस उलझन से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस सिग्नल का सहारा लेती दिखी।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अलग-अलग समय में दिल्ली की सरकारों ने बारापुला के फेज एक-एक कर पूरे तो कर दिए, लेकिन यह सवाल समग्र रूप से नहीं सुलझाया कि इन सभी फेज से निकलने वाला ट्रैफिक आखिर जाएगा कहां। फेज-3 खुलने के बाद वर्षों पुरानी प्लानिंग की यह



खामी अब सड़क पर जाम के रूप में दिखाई दे रही है। एक तरफ मयूर विहार फेज-1 से तीन लेन का अतिरिक्त ट्रैफिक आ रहा है, दूसरी तरफ पहले से चल रहे कॉरिडोर का ट्रैफिक है और आगे जाकर क्षमता सीमित हो रही है।

बारापुला फेज-1 की योजना तैयार करने के समय से जुड़े एक वरिष्ठ अभियंता के मुताबिक, उस समय कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान खेल गांव से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक खिलाड़ियों की सिग्नल फ्री आवाजाही सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य था। यूटीपैक में उस समय फेज-2 पर चर्चा जरूर हुई थी, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी। इसी जरूरत के हिसाब से फेज-1 में एक कैरिजवे को तीन लेन का बनाया गया। बाद में बारापुला में फेज-2 और फेज-3 जुड़ते गए।

अब समस्या यह है कि पहले से चल रहे कॉरिडोर में मयूर विहार फेज-1 से आने वाली तीन अतिरिक्त लेन का ट्रैफिक भी जुड़ रहा है। ऐसे में रिंग रोड के पास सन डायल से सिग्नल फ्री आवाजाही बनाए रखना चुनौती बन गया है।फेज-2 पर भी उस समय चर्चा हुई थी, लेकिन उसका विस्तृत स्वरूप सामने नहीं आया था। जून 2011 में पीडब्ल्यूडी ने इसके लिए दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति से मंजूरी मांगी।

### पहले ढांचा तैयार हुआ, अब सवाल यह कि चलाएंगे कैसे

विशेषज्ञों का मानना है कि बारापुला की कहानी सरकार की कार्यशैली की दिलचस्प तस्वीर पेश करती है। फेज-1 तैयार करते समय फेज-2 व फेज-3 का ध्यान नहीं था। तीनों अलग-अलग समय में तैयार हुईं। अब पूरा तैयार होने के बाद बाद ट्रैफिक को संभालने के तरीके तलाशने जा रहे हैं। मतलब यह कि पहले इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ, उसके बाद यह सवाल सामने आया कि उसे चलाएंगे कैसे। यूटीपैक के रिकॉर्ड के मुताबिक, 17 मार्च 2009 की बैठक में बारापुला नाले पर एलिवेटेड कॉरिडोर पर चर्चा हुई थी। इसके लिए कैबिनेट से करीब 550 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली।

## प्रदर्शन कवर करने वाले पत्रकारों के लिए पहचान पत्र जरूरी, बरतनी होगी सावधानियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान मीडिया कवरेज और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने पत्रकारों के लिए एक अहम एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी का मुख्य उद्देश्य प्रदर्शन स्थलों पर काम करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और यह स्पष्ट करना है कि वे तनावपूर्ण स्थितियों के बीच पुलिस के कामकाज में बाधा डाले बिना अपनी पेशेवर जिम्मेदारियां कैसे निभाएं।




दिल्ली पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक, विरोध प्रदर्शनों या धरना-स्थलों को कवर करने जाने वाले सभी मीडियाकर्मियों को अपने संबंधित संस्थान द्वारा जारी वैध पहचान पत्र हर समय अपने साथ रखना होगा। साथ ही, उन्हें यह कार्ड स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने की सलाह दी गई है, ताकि सुरक्षा बल ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को भीड़ के बीच पत्रकारों की पहचान करने में आसानी हो। इसके अलावा, पत्रकारों के पास वैध पीआईबी या डीआईपी मान्यता कार्ड होना भी बेहद मददगार बताया गया है। पुलिस के कामकाज में बाधा न डालने की हिदायत एडवाइजरी में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि मीडियाकर्मी यह पूरी तरह सुनिश्चित करें कि उनकी मौजूदगी या कार्य-गतिविधियों के कारण पुलिस की कार्रवाई, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों या सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही में किसी भी प्रकार की रुकावट या बाधा उत्पन्न न हो।

### सुरक्षित दूरी और स्पष्ट पहचान बनाए रखने की अपील

तनावपूर्ण और भीड़भाड़ वाली स्थितियों का जिक्र करते हुए पुलिस ने कहा है कि घटना स्थल पर मौजूद पत्रकारों को कवरेज और वीडियो रिकॉर्डिंग करते समय प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच उचित एवं सुरक्षित दूरी बनाकर रखनी चाहिए। इसके साथ ही, उन्हें ऐसी जगहों पर खड़े होने की सलाह दी गई है।

# डीयू कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा की मांग तेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में महिलाओं के खिलाफ आए दिन बढ़ते अपराधों के बीच अब कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर आवाज उठने लगी है।

छात्राओं को खुद की सुरक्षा करने के लिए आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ ही कालेज परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की जा रही है। डीयू के कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज (सीवीएस) की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर छात्राओं की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाने की मांग की है। एबीवीपी की ओर से कॉलेज में दिल्ली पुलिस के सहयोग से नियमित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित कराने का सुझाव दिया गया है।



इसके साथ ही छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, आपात स्थिति में उठाए जाने वाले कदमों और उपलब्ध हेल्पलाइन आदि की जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की गई है। इसके अलावा कॉलेज परिसर में पिंक सेफ्टी बूथ स्थापित करने, परिसर और आसपास में लाइट लगाने, कॉलेज के आसपास पुलिस गश्त बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गई है। छात्रसंघ की मांग है कि छात्राओं की शिकायतों व सुरक्षा संबंधी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई हो। कॉलेज यूनिट अध्यक्ष मोहित वर्मा का कहना है कि छात्राओं की सुरक्षा केवल कालेज प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है पुलिस और समाज के सामूहिक प्रयास से ही सुरक्षित माहौल तैयार किया जा सकता है।

# एसीपी विवेक भगत को एडिशनल डीसीपी का चार्ज देने का फैसला टला, खुद की थी ये मांग

### महिला पत्रकार उत्पीड़न मामला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने सोमवार देर रात एक अहम कदम उठाते हुए असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस विवेक भगत को एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस का 'करंट ड्यूटी चार्ज' सौंपने का निर्णय रोक दिया है। विवेक भगत पर हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान एक महिला पत्रकार के साथ यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है।



इससे पहले दिन के समय दिल्ली सरकार द्वारा जारी एक आदेश में विवेक भगत समेत कुल 12 अधिकारियों को एडिशनल डीसीपी का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की घोषणा की गई थी। हालांकि, इस फैसले पर विवाद बढ़ने के बाद सरकार ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर स्पष्ट किया कि इन अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी देने की यह प्रक्रिया गत 25 अगस्त को ही शुरू कर दी गई थी, जो कि हालिया घटनाओं से काफी पहले का मामला है। पांच अक्तूबर को आवश्यक प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद ही ये आदेश सामने आए थे।

सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि करंट ड्यूटी चार्ज देना केवल एक अस्थायी प्रशासनिक व्यवस्था है, जिससे संबंधित अधिकारी को कोई आर्थिक फायदा नहीं मिलता है और न ही वे नियमित पद वाले अधिकारियों की सभी वैधानिक जिम्मेदारियों का पूरी तरह पालन कर सकते हैं।

सरकार के आधिकारिक बयान के मुताबिक, आरोपी एसीपी विवेक भगत ने स्वयं यह अनुरोध किया है कि जब तक महिला पत्रकारों के कथित यौन उत्पीड़न मामले की निष्पक्ष जांच पूरी नहीं हो जाती और वह संतोषजनक निष्कर्ष तक नहीं पहुंचती, तब तक उन्हें यह अतिरिक्त प्रभार न दिया जाए। सरकार ने बताया है कि इसी अनुरोध के चलते पिछले आदेश में बदलाव किया जा रहा है और शेष 11 अधिकारियों को प्रभार सौंपने के संबंध में संशोधित आदेश फिर से जारी किया जाएगा।

# 17 साल बाद होगा फोर्ट हूड कांड का अंत

## निडाल हसन की मौत की सजा पर ट्रंप की मुहर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2009 में टेक्सास के फोर्ट हूड सैन्य अड्डे पर गोलीबारी कर 13 लोगों की जान लेने वाले सेना के मेजर निडाल मलिक हसन को फायरिंग स्क्वॉड के जरिए मौत की सजा देने को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी सेना में 1961 के बाद से अब तक किसी को फांसी या अन्य तरीके से मृत्युदंड नहीं दिया गया है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि अब सेना के सचिव फांसी की तारीख और जगह तय करेंगे।

पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक्स पर लिखा, 'हसन के लिए आखिरकार फैसला का दिन आ गया है।' हसन उस समय अमेरिकी सेना में मनोचिकित्सक था। 2009 में वह फोर्ट हूड के एक मेडिकल सेंटर में पहुंचा, जहां सैनिक मेडिकल जांच के लिए मौजूद थे। उसने अचानक गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

हसन ने लेजर से निशाना साधने वाली पिस्तौल से सैनिकों पर गोलियां बरसाईं। इस हमले में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। गोलीबारी शुरू करने से पहले उसने 'अल्लाहु अकबर' कहा था, जिसका अर्थ है 'ईश्वर महान है।' हसन ने बाद में कहा था कि उसने यह हमला इसलिए किया क्योंकि वह अमेरिकी सैनिकों को अफगानिस्तान जाने और वहां अपने मुस्लिम साथियों को मारने



से रोकना चाहता था। मुकदमे के दौरान उसने खुद को बचाने की लगभग कोई कोशिश नहीं की। उसने जूरी के सामने माना था कि गोली चलाने वाला वही था और खुद को ऐसा सैनिक बताया था जिसने 'पाला बदल लिया।' ट्रंप की मंजूरी का मतलब यह नहीं है कि हसन को तुरंत मौत की सजा दे दी जाएगी। फैसले के बाद कई कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी होनी बाकी हैं। हसन इस प्रक्रिया को लंबे समय तक रोकने की कोशिश कर सकता है। इसके लिए वह अमेरिकी संघीय अदालत में हेबियस कॉर्पस याचिका दायर कर सकता है। मई में प्रकाशित आर्मी लॉयर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी कानूनी लड़ाई कई साल तक चल सकती है। अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था में मौत की सजा मिलना ही बेहद दुर्लभ है और उसे अमल में लाना उससे भी ज्यादा असामान्य रहा है। फिलहाल सेना की डेथ रो में चार लोग हैं, जिनमें हसन भी शामिल है। इन सभी को कंसास के फोर्ट लीवेनवर्थ में रखा गया है। सेना के जवान रोनाल्ड ग्रे की फांसी को मंजूरी दी थी। हालांकि, एक जज के आदेश के बाद उस सजा पर रोक लग गई और ग्रे आज भी फोर्ट लीवेनवर्थ में बंद है। इससे साफ है कि राष्ट्रपति की मंजूरी के बावजूद सैन्य मृत्युदंड को अमल में लाने की प्रक्रिया लंबी कानूनी लड़ाई में फंस सकती है। अमेरिकी सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार 1961 में मौत की सजा पर अमल हुआ था। उस समय प्राइवेट जॉन बेनेट को 11 साल की बच्ची से बलात्कार के मामले में फांसी दी गई थी। उसके बाद से अमेरिकी सेना में किसी मौत की सजा को अमल में नहीं लाया गया।

# 11 भारतीय चालक दल के सदस्य घायल, होर्मुज के पास हुई घटना की भारत ने की कड़ी निंदा

**दुबई, एजेंसी।** ओमान के तट के पास स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया गया है। पनामा के झंडे वाले जहाज एमटी ऑन पीस पर हुए इस हमले में 11 भारतीय चालक दल के सदस्य घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने घटना की जानकारी देते हुए हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब एमटी ऑन पीस स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहा था। होर्मुज का समुद्री क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और यहां जहाजों की आवाजाही पर पहले भी सुरक्षा संबंधी चिंताएं सामने आती रही हैं।



हमले में जहाज पर सवार 11 भारतीय चालक दल के सदस्य घायल हुए। घटना के बाद उनकी सुरक्षा को लेकर तत्काल कदम उठाए गए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमानी अधिकारियों की सहायता से घायल भारतीय चालक दल के सदस्यों को जहाज से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। भारत ने जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। मंत्रालय ने घटना को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया है। हमले का शिकार हुआ जहाज एमटी ऑन पीस पनामा के झंडे के तहत संचालित वाणिज्यिक जहाज है। घटना उस समय हुई जब यह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था। फिलहाल उपलब्ध जानकारी में हमले के पीछे किसका हाथ था, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के बाद समुद्री सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ गई है।

# स्पेन में बढ़ते आवासीय संकट के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं हजारों लोग

**मैड्रिड, एजेंसी।** स्पेन में बढ़ते आवासीय संकट के खिलाफ लोगों का गुस्सा अब सड़क पर दिखाई दे रहा है। किराए के बढ़ते बोझ और घरों की कमी से परेशान हजारों लोग देश के अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर स्पेन में आवास का संकट इतना गहरा क्यों हो गया? लोगों की नाराजगी की वजह क्या है? सरकार का इस पर क्या रुख है?

स्पेन में आवास का संकट कई वर्षों से बढ़ रहा है। देश में किराए पर रहने वाले लोगों के लिए घर का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। रियल एस्टेट वेबसाइट आइडियलिस्टा के मुताबिक, 2016 में स्पेन में औसत किराया 8.20 यूरो प्रति वर्ग मीटर था, जो इस साल बढ़कर 15.10 यूरो प्रति वर्ग मीटर हो गया। यानी करीब 10 साल में औसत किराया लगभग दोगुना हो गया है।

इस संकट का असर खासतौर पर गरीबों और युवाओं पर पड़ रहा है। कम आय वाले लोगों के लिए अपना घर खरीदना मुश्किल है, जबकि किराए के मकानों की उपलब्धता भी सीमित है। स्पेन सरकार के मुताबिक, देश में किराए पर रहने वाले 26 प्रतिशत लोग अपनी आय का औसतन 40 प्रतिशत हिस्सा किराए और यूटिलिटी पर खर्च करते हैं। यूरोपीय संघ में ऐसे किरायेदारों का औसत 18 प्रतिशत है।

सरकारी मकानों की कमी भी इस समस्या को बढ़ाती है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन यानी ओईसीडी के देशों में स्पेन उन देशों में शामिल है, जहां सरकारी स्वामित्व वाले किराए के मकानों की संख्या बहुत कम है। स्पेन में उपलब्ध मकानों में सरकारी किराए के मकानों की हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम है, जबकि यूरोपीय संघ का औसत आठ प्रतिशत है। यानी जिन लोगों के पास घर खरीदने की



क्षमता नहीं है, उनके सामने सीमित किराए के मकानों और बढ़ते किराए का दबाव है। यही वजह है कि आवास का मुद्दा धीरे-धीरे आर्थिक परेशानी से बढ़कर राजनीतिक मुद्दा बन गया। हालिया विरोध की चिंगारी 87 साल की मारिया डेल कारमेन अबासकल की बेदखली से भड़की। वह स्पेन की राजधानी मैड्रिड में अपने घर में करीब 70 साल से रह रही थीं। जिस इमारत में उनका घर था, उसे एक अंतरराष्ट्रीय निवेश फंड ने खरीद लिया। इसके बाद उनका किराया 200 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ाकर करीब 1,880 डॉलर प्रति माह कर दिया गया। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, किराए में यह भारी बढ़ोतरी लंबे समय से रह रही किरायेदार को हटाकर उस जगह को ज्यादा मुनाफे वाले पर्यटक अपार्टमेंट में बदलने की कोशिश से जुड़ी थी। अबासकल व्हीलचेयर का इस्तेमाल करती हैं और उनकी बेदखली के दौरान की तस्वीरों ने लोगों को भावुक कर दिया। पुलिस की मौजूदगी में उन्हें उनके घर से बाहर निकाले जाने की तस्वीरें टेलीविजन पर प्रसारित हुईं और इसके बाद मैड्रिड सहित दूसरे शहरों में प्रदर्शन शुरू हो गए।

बाद में अबासकल अपने घर लौट सकीं। जिस रियल एस्टेट कंपनी ने उन्हें बेदखल करने पर जोर दिया था, उसने उनके घर को ज्यादा कीमत पर किराए पर देने की कोशिश के बीच समझौता किया और उन्हें वापस लौटने की अनुमति मिली। इसके बावजूद उनकी कहानी आंदोलन का प्रतीक बन गई। प्रदर्शनकारियों ने 'अब एक और मारिकारेमेन नहीं' जैसे नारे लगाए। स्पेन में बड़े पैमाने पर पर्यटन को भी आवासीय संकट से जोड़कर देखा जा रहा है। देश में पहले से ही बड़े पैमाने पर पर्यटन के खिलाफ प्रदर्शन होते रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पर्यटकों के लिए इस्तेमाल होने वाले अपार्टमेंट और रियल एस्टेट में निवेश से आम लोगों के लिए उपलब्ध मकानों पर दबाव बढ़ता है और किराए ऊपर जाते हैं।

स्पेन दुनिया के सबसे ज्यादा पर्यटक आने वाले देशों में शामिल है। पिछले साल करीब 9.7 करोड़ पर्यटक स्पेन पहुंचे थे और देश दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला देश था। ऐसे में पर्यटन से जुड़े आवासीय दबाव का मुद्दा पहले से मौजूद किराए के संकट के साथ जुड़ गया है। गठबंधन सरकार ने आवासीय संकट को लेकर दो आपातकालीन डिक्री संसद में पेश कीं। इनका मकसद किरायेदारों को ज्यादा सुरक्षा देना और आवास बाजार में बढ़ते दबाव को कम करना था। पहले प्रस्ताव में कमजोर लोगों की बेदखली रोकने की व्यवस्था थी। इसके साथ रियल स्टेट में सट्टेबाजी को मुश्किल बनाने, कम अवधि के किराए के समझौतों पर ज्यादा सख्ती लगाने और किराए के मकान बनाने के लिए कर में प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव था।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद घर का ताला तोड़कर 10 लाख की चोरी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिराचास थाना क्षेत्र के डेमूडीह गांव में चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर करीब 10 लाख रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना बीती रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, घर की मालकिन देवंती देवी पिंडदान के लिए गया गई हुई थीं। घर में उनका बेटा और बहू रह रहे थे। मंगलवार शाम बहू की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद परिवार के सभी सदस्य अस्पताल चले गए। इसी दौरान चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोना-चांदी के जेवरात तथा 50 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। बुधवार सुबह देवंती देवी घर पहुंचीं तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद देवंती देवी काफी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि वह विधवा हैं और उनकी वर्षों की जमा-पूंजी चोरी हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वाले 25 लोग डिटेन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्व-त्योहार से पहले बोकारो पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। एसपी के निर्देश पर सिटी डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 25 लोगों को डिटेन किया।



पुलिस टीम ने सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1, नया मोड़, को-ऑपरेटिव मोड़, सेक्टर थाना क्षेत्र समेत शहर के विभिन्न इलाकों में अचानक जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और अड्डेबाजी करने वालों में हड़कंप मच गया। सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना और अड्डेबाजी करना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी गतिविधियों की सूचना मिलने पर संबंधित स्थान पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना दुकानों पर भी कार्रवाई करने की बात कही है, ताकि अनावश्यक भीड़ और सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी पर रोक लगाई जा सके।

### कंसारी मंडल की पहली पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेलीपाड़ा में झामुमो के पूर्व केंद्रीय सदस्य स्व. कंसारी मंडल की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बीसीसीएल जोनल उपाध्यक्ष रतिलाल टुडू समेत अन्य नेताओं ने स्व. कंसारी मंडल के योगदान को याद किया। नेताओं ने कहा कि उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका सादगीपूर्ण जीवन, संघर्षशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

### अवैध पार्किंग वाहनों पर 1.26 लाख जुर्माना, एक जब्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय की टीम ने बरमसिया स्थित एफसीआई गोदाम के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर चलाए गए अभियान में अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े चार वाहनों और आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं करने वाले 12 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इन वाहनों से कुल 1 लाख 26 हजार रुपये का चालान वसूला गया। गंभीर अनियमितता पाए जाने पर एक वाहन को जब्त कर मनियाडीह ओपी के सुपुर्द किया गया। उपायुक्त ने कहा कि सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े भारी वाहनों के कारण यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी. द्विवेदी ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग आम लोगों की जान-माल के लिए खतरा है। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान में मोटरयान निरीक्षक हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी सहायक देवेंद्र कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।



### दुर्गा पूजा को लेकर भूली में सफाई अभियान तेज

**भूली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुर्गा पूजा को लेकर धनबाद के भूली क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए धनबाद नगर निगम की ओर से क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों और पूजा पंडालों के आसपास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर निगम के सफाई कर्मी जगह-जगह जमा कचरे को हटाने के साथ पूजा पंडालों और श्रद्धालुओं के आवागमन वाले मार्गों की नियमित सफाई कर रहे हैं। पूजा के दौरान लोगों को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सफाई कर्मियों को सक्रिय रखा गया है। वार्ड संख्या 15 और 16 के पर्यवेक्षक सरफराज अंसारी सफाई कर्मियों के साथ समन्वय बनाकर पूरे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं। जरूरत के अनुसार प्रमुख स्थानों पर विशेष सफाई कराई जा रही है। वहीं वार्ड संख्या 16 की पार्षद अरुणा कुमारी और पूर्व पार्षद अशोक यादव भी सफाई व्यवस्था को लेकर सक्रिय हैं। स्थानीय स्तर पर भी सफाई कार्य की निगरानी और सहयोग किया जा रहा है। नगर निगम और स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयास से दुर्गा पूजा से पहले भूली में स्वच्छता अभियान तेज हो गया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि पूजा के दौरान पंडालों और प्रमुख मार्गों पर साफ-सफाई बनी रहेगी।



# डिजिटल क्रॉप सर्वे में तेजी लाएं, 15 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें : डीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डिजिटल क्रॉप सर्वे की धीमी प्रगति पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने नाराजगी जताई है। मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को सर्वे कार्य में तत्काल तेजी लाने और व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले का प्रदर्शन स्टेट एवरेज से नीचे है। इसलिए अविलंब स्टेट एवरेज से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 15 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी मो. साहिद अंसारी को टीम के प्रत्येक सदस्य से व्यक्तिगत संपर्क कर क्षेत्र में सर्वे कार्य की निगरानी करने का निर्देश दिया। नेटवर्क की समस्या होने पर नेटवर्क वाले स्थान पर जाकर सर्वे और ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने को कहा। उन्होंने प्रतिदिन रात नौ बजे ऑनलाइन वीडियो संवाद के



माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा करने और उपलब्धि की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों की वास्तविक स्थिति, फसल उत्पादन और कृषि गतिविधियों की जानकारी जुटाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए इसे पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाए। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, उप निदेशक पीआरडी रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत संबंधित पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## लोक संवाद में 49 मामलों की सुनवाई, चंद घंटे में बुजुर्ग को मिला राशन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं... लोक संवाद कार्यक्रम में आमजनों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में कुल 49 मामलों पर सुनवाई हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का नियमसम्मत, पारदर्शी और समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान



चास प्रखंड के कुम्हारी गांव निवासी बुजुर्ग चंद चरण दत्ता ने बायोमेट्रिक दर्ज नहीं होने के कारण राशन का खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायत की। उपायुक्त ने तत्काल जिला आपूर्ति कार्यालय को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद उनका नाम पीडीएस डीलर के अनाबद्ध पंजी में दर्ज कर नियमानुसार खाद्यान्न उपलब्ध कराने की कार्रवाई की गई। महज कुछ घंटे में बुजुर्ग को खाद्यान्न मिल गया। उपायुक्त ने कहा कि लोक संवाद केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक प्रशासन की संवेदनशील पहुंच सुनिश्चित करने का माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को पात्र लाभुकों को उनका अधिकार दिलाने और समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब नहीं करने का निर्देश दिया।

## वाहन जांच में चार बोतल संदिग्ध रासायनिक पदार्थ बरामद, पांच गिरफ्तार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एंटी क्राइम वाहन जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 375 एमएल की चार अलग-अलग बोतलों में अवैध/ प्रतिबंधित रासायनिक पदार्थ बरामद करने का दावा किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 5 अक्टूबर की सुबह गवई ब्रिज के पास एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान काले रंग की मारुति सुजुकी एर्टिगा कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से चार बोतलों में संदिग्ध रासायनिक पदार्थ बरामद हुआ। वाहन में सवार संजय कुमार उर्फ संजय डोम, संजय सिंह, मनोज कुमार तुरी, वीर सिंह और राज कुमार महतो बरामद पदार्थ से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया। इसके बाद पिंड्राजोरा थाना में कांड संख्या 123/26 दर्ज किया गया। मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर दुकानदारों से ठगी का आरोप, एक युवक पुलिस के हवाले

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास में ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर दुकानदारों से सामान लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवक पिछले दो-तीन दिनों से दुकानों पर सामान लेने के बाद क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान होने



का दावा करते थे, लेकिन दुकानदारों के खाते में राशि नहीं पहुंचती थी। सोमवार को दुकानदारों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। मामला चास मेन रोड स्थित थाना गली की चंडी मोदक दुकान का है। बताया गया कि दोनों युवक हॉर्लिक्स लेने पहुंचे थे। सामान लेने के बाद उन्होंने ऑनलाइन भुगतान के लिए क्यूआर कोड स्कैन किया और भुगतान हो जाने की बात कही। दुकानदार ने मोबाइल चेक किया तो खाते में राशि नहीं आई थी। इसे लेकर विवाद शुरू हो गया। हंगामा होने पर आसपास के दुकानदार भी जुट गए। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि दोनों युवक इससे पहले भी कई दुकानों से इसी तरीके से सामान ले चुके हैं। आरोप के अनुसार, एक राशन दुकान से छह लीटर तेल, चिकन दुकान से दो किलो मुर्गा और एक श्रृंगार दुकान से भी सामान लिया गया था। इसी दौरान एक युवक फरार हो गया, जबकि दूसरे को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़ा गया युवक खुद को रामनगर कॉलोनी का निवासी बता रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर फरार युवक की तलाश कर रही है।

## आज बोकारो में निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 7 अक्टूबर को बोकारो में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम सुबह 8:30 बजे सेक्टर-1 स्थित बोकारो सर्किट हाउस के सामने से आयोजित होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कार्यकर्ताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। संबोधन सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा बोकारो जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, पूर्व विधायक बिरंची नारायण और जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र राज ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। जिला प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 25 वर्षों से राष्ट्र को अपना जीवन समर्पित किया है। सेवा ज्योति यात्रा सेवा के संकल्प को दोहराने का अवसर है।

## बीएसएल के सीआरएम विभाग में सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कोल्ड रोलिंग मिल प्रथम एवं द्वितीय विभाग में सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों के प्रति सजग करना और सुरक्षित कार्य व्यवहार को बढ़ावा देना है। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाओं के मुख्य महाप्रबंधक और कोल्ड रोलिंग मिल प्रथम एवं द्वितीय के मुख्य महाप्रबंधक ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सुरक्षा और सतर्कता से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें सुरक्षित कार्यप्रणाली, व्यक्तिगत सुरक्षा, जोखिम की पहचान और सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम



में लघु नाटिका समेत कई रचनात्मक प्रस्तुतियां भी हुईं। कर्मचारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और सुरक्षित कार्य व्यवहार को अपनी कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संयंत्र के प्रत्येक कर्मी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षा सप्ताह के तहत 5 से 10 अक्टूबर तक पोस्टर, नारा, कविता, हस्त संकेत और चित्रांकन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। वहीं दूसरे दिन प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा श्रमिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों के पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट के इस्तेमाल तथा सुरक्षित वाहन चलाने का संदेश दिया।

## भाजपा का चिकित्सा शिविर, सैकड़ों लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा पेटरवार और अंगवाली मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सेतु अभियान के तहत मंगलवार को बुंडू पंचायत भवन में चिकित्सा शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेटरवार मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर शर्मा और अंगवाली मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से की। संचालन मंडल महामंत्री अमर ज्योति बनर्जी ने किया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों और लाभार्थियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। आयोजकों ने



बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सेवा एवं सहयोग उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रह्लाद महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण नायक और मंडल प्रभारी राजेश पांडेय समेत भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सेवा संकल्प खादी महोत्सव का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खादी और ग्रामोद्योग, राज्य कार्यालय रांची के अधिकारी संजय कुमार, अमरनिक खादी ग्रामोद्योग के सचिव अमरदीप सिन्हा और अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने विद्यार्थियों को खादी के महत्व, उसके उपयोग और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लाभों की जानकारी दी। लोगों से दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की अपील की गई। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए स्वदेशी विषय पर चित्रकला, रंग भरो और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और देश में निर्मित उत्पादों के उपयोग का संदेश दिया।

## भितिया में कंपनी पर अतिक्रमण और गंदे पानी के बहाव का आरोप

### प्रशासन ने किया स्थल निरीक्षण



**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भितिया क्षेत्र स्थित जय प्रभु आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड को लेकर ग्रामीणों ने जमीन पर अतिक्रमण और गंदे पानी के बहाव की शिकायत की है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेताओं को मौके पर बुलाकर मामले की जानकारी दी और प्रशासन से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। शिकायत के बाद मामले की जानकारी अंचल अधिकारी को दी गई। इसके बाद अंचल कार्यालय की टीम मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण किया। अंचल निरीक्षक नेहा सिंह ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को शांत कराया। ग्रामीणों के अनुसार, जांच के दौरान कुछ जमीन पर कथित अतिक्रमण की बात सामने आई, जिसके बाद संबंधित स्थान को खाली करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीणों ने कुछ रैयती जमीन पर भी कथित कब्जे का आरोप लगाया है। हालांकि, इसकी वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं गंदे पानी के बहाव को लेकर भी ग्रामीणों ने चिंता जताई। उनका कहना है कि इससे आसपास के जलस्रोत प्रभावित हो रहे हैं। अंचल निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता सफल रही है और कंपनी ने ग्रामीणों की बात मान ली है। मामले का समाधान दोनों पक्षों की सहमति से कर लिया गया है।

## जनता दरबार में 100 से अधिक फरियादियों की सुनी गईं समस्याएं, त्वरित निष्पादन का निर्देश

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में 100 से अधिक लोग विभिन्न शिकायतों और समस्याओं को लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित और समयबद्ध समाधान का निर्देश दिया। जनता दरबार में भू-माफिया द्वारा जमीन पर जबरन कब्जा करने, दोहरी जमाबंदी में सुधार, लंबित राशन कार्ड को लाल कार्ड में परिवर्तित करने, जमीन अतिक्रमण, सड़क निर्माण में अनियमितता और जालसाजी कर पुश्तैनी जमीन की अवैध बिक्री समेत कई मामले सामने आए। इसके अलावा बीमा राशि के भुगतान के लिए लंबित मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, वर्षों से लंबित पारिवारिक पेंशन, राशन कार्ड में संशोधन और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत चिकित्सा सहायता दिलाने से संबंधित आवेदन भी मिले। उपायुक्त ने ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर उसी दिन या अगले जनता दरबार से पहले निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी यूनियन का ऐलान

### स्थायी बहाली नहीं हुई तो झारखंड के पांचों अंचलों में होगा आंदोलन, हड़ताल की चेतावनी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन, झारखंड स्टेट की दो दिवसीय कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार को चिराचास स्थित ऑल हेवेन्स में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के वरीय प्रांतीय उपाध्यक्ष एनके महाराज ने की। इसमें बैंकों में कर्मचारियों की कमी, लंबे समय से अंतर-अंचलीय स्थानांतरण नहीं होने, ग्राहक सेवा प्रभावित होने और कर्मचारियों के लंबित अधिकारों समेत कई मुद्दों पर





चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन एवं फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के महासचिव दिनेश झा 'ललन' ने कहा कि बैंकों की कार्यप्रणाली में तेजी से बदलाव किया जा रहा है, लेकिन यह न तो ग्राहकोन्मुख है और न ही कर्मचारियों के हित में। उन्होंने कहा कि नियमित बैंकिंग कार्य के लिए अलग संस्थाओं के माध्यम से कम वेतन पर कर्मचारियों की नियुक्ति की योजना बैंक की सुरक्षा और ग्राहक सेवा दोनों के लिए चिंताजनक है। इससे स्थायी कर्मचारियों के रोजगार पर भी संकट पैदा होगा। उन्होंने कहा कि बैंकों में स्थायी कर्मचारियों की बहाली नहीं की जा रही है। चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भी नियमित नियुक्ति बंद कर संविदा कर्मियों से काम लेने की व्यवस्था की जा रही है। तकनीक और अल्पकालिक नियुक्तियों के माध्यम से कर्मचारियों की संख्या घटाने का प्रयास बेरोजगारी बढ़ाने के साथ गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा को भी प्रभावित करेगा। कार्यकारिणी समिति ने सर्वसम्मति से कर्मचारियों की तत्काल बहाली और पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह समेत लंबित मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की। मांगें पूरी नहीं होने पर झारखंड के बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर और रांची अंचलों में चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया, जिसमें हड़ताल भी शामिल है। आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए महासचिव को अधिकृत किया गया। बैठक में 2027 के फरवरी-मार्च में फेडरेशन का अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन झारखंड में आयोजित करने पर भी सैद्धांतिक सहमति बनी।

# जोहार दर्पण साहित्यिक मंच का वार्षिकोत्सव, शांति भारत को मिला मातृभाषा गौरव सम्मान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जोहार दर्पण साहित्यिक मंच का द्वितीय वार्षिकोत्सव सह कवि सम्मेलन साहित्य, भाषा और संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता का प्रभावशाली उदाहरण रहा। समारोह का मुख्य आकर्षण झारखंड के चर्चित साहित्यकार एवं कवि शांति भारत को 'जोहार दर्पण मातृभाषा गौरव सम्मान' से सम्मानित किया जाना रहा। साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिए गए इस सम्मान ने मातृभाषा और स्थानीय साहित्य के संरक्षण की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे साहित्यकारों, कवियों और कवयित्रियों ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्य अतिथि दीप कुमार सक्सेना तथा विशिष्ट अतिथि ममता बनर्जी मंजरी, मनोज बरनवाल और बोकारो महिला कॉलेज की





प्राचार्या नीलिमा मिश्रा समेत अन्य अतिथियों की मौजूदगी ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में 40 से अधिक रचनाकारों ने भाग लिया। मंच की ओर से घोषणा की गई कि 'जोहार दर्पण मातृभाषा गौरव सम्मान' प्रत्येक वर्ष ऐसे साहित्यकार, कवि या रचनाकार को प्रदान किया जाएगा, जिसने मातृभाषा, साहित्य अथवा संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। इससे मातृभाषाओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ साहित्यकारों को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। कवि सम्मेलन में विभिन्न रचनाकारों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। रचनाओं में सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाओं और जीवन के विविध रंगों की अभिव्यक्ति देखने को मिली। समारोह साहित्यकारों के सम्मान और नई प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में सार्थक पहल के रूप में सामने आया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com